प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

**सुविचार**

सही कर्म वह नहीं है जिसके परिणाम हमेशा सही हो अपितु सही कर्म वह है जिसका उद्देश्य कभी गलत ना हो!!!

श्रीमद् भगवद् गीता


www.purvanchalsurya.com

आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची > दिल्ली > देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306

वर्ष - 17 | अंक 199 | दैनिक | रांची | रविवार 03 मार्च 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00









सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR NO- 321347 (IPRD)23-24

## लातेहार: बालूमाथ में सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत, दो अन्य घायल

**प्रतिनिधि, लातेहार।** बालूमाथ-चतरा मार्ग पर बालूमाथ टमटमटोला पेट्रोल पंप के पास बाइक दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। जबकि दो अन्य घायल हो गये। मृतक की पहचान बालूमाथ थाना क्षेत्र के गेरेंजा गांव के हाराफू टोला निवासी राम विराज उरांव के पुत्र सुदेश उरांव के रूप में की गयी। जबकि घायलों में उसी टोले के निवासी राजदेव उरांव का पुत्र आशीष उरांव और महेश उरांव का पुत्र दिनेश उरांव शामिल हैं।

दोनों घायलों एवं मृतक को बालूमाथ थाना के एएसआई संजय कुमार द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. संजय सिद्धार्थ ने घायलों का इलाज किया, जबकि एक युवक को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन लोग एक बाइक पर सवार होकर बारियातू साप्ताहिक बाजार से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान टमटम टोला पेट्रोल पंप के पास तीखे मोड़ पर वे नियंत्रण खो बैठे और एक पेड़ से टकरा गये। जिसमें बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये। इधर, बालूमाथ थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जादू टोना एवं बाल विवाह के विरुद्ध लोगों को दी गई विधिक जानकारी



**प्रतिनिधि, पाकुड़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी के निर्देश पर सचिव अजय कुमार गुड़िया के मार्गदर्शन में साप्ताहिक विधिक जागरुकता सह डोर टू डोर कार्यक्रम के तहत विधिक जागरुकता अभियान चलाया गया। उक्त कार्यक्रम पाकुड़ प्रखंड के छोटी अलीगंज धनुषपुजा एवम् गोकुलपुर क्षेत्रों में पीएलवी नीरज कुमार राउत द्वारा जागरूक करते हुए लोगो को जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ से मिलने वाली मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के तहत जादू-टोना प्रथा के नाम पर होने वाले अत्याचारों बाल विवाह के विरुद्ध अभियान चला कर जागरूक की गई। सड़क दुर्घटना के शिकार, प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के शिकार हुए लोगो को प्राधिकार द्वारा मिलने वाली मुफ्त कानूनी सुविधाओ के बारे में मूलभूत जानकारी दी गई।

## लिगल लिटरेसी क्लब द्वारा छात्राओं को दी गई कानूनी जानकारी



**प्रतिनिधि, पाकुड़।** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ लीगल लिटरेसी क्लब द्वारा जिदातो गर्ल्स हाई स्कूल में छात्राओं को पीएलवी कमला राय गांगुली ने मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य समेत ज़िला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ से मिलने वाली मुफ्त कानूनी सहायता से संबंधित जानकारी दी गई।

## अनियंत्रित होकर कार पलटी, एक की मौत



**प्रतिनिधि, इटखोरी।** इटखोरी ( चतरा) बीती रात भद्रकाली महाविद्यालय के समीप एक कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें कुल तीन लोग सवार थे जिसमें घटना स्थल पर ही एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई तथा दो अन्य कर सवारों को मामूली चोट आई। दुर्घटना में मृत व्यक्ति का नाम प्रदीप कुमार बताया जा रहा है। इटखोरी में वह कई वर्षों से मुर्गा की दुकान चलाता था। पुलिस ने घटनास्थल से निरीक्षण कर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया। दुर्घटनाग्रस्त कार इटखोरी निवासी सुधीर राय की बताई जा रही है।

## महागठबंधन की जन विश्वास महारैली में शामिल होने झारखंड प्रदेश राजद (महिला प्रकोष्ठ) के पदधारी व कार्यकर्ता पहुंचे पटना

● ऐतिहासिक होगी जनविश्वास महारैली: रानी कुमारी

**विशेष संवाददाता**



**रांची।** रविवार को पटना के गांधी मैदान में महागठबंधन की जन विश्वास महा रैली में शामिल होने के लिए झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) के पदधारी व कार्यकर्ताओं का दल पटना पहुंच गया है।

इस संबंध में राजद महिला प्रकोष्ठ, झारखंड की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी ने बताया कि महागठबंधन की जन विश्वास महा रैली में झारखंड प्रदेश के सभी जिलों के अध्यक्ष सहित अन्य पदधारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि बिहार एवं झारखंड में महागठबंधन के प्रति जनता का विश्वास बढ़ रहा है। भाजपा की जन विरोधी नीतियों से आम जनता का मोह भंग हो चुका है। आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को व्यापक जन समर्थन मिलेगा।

रानी कुमारी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गैर भाजपा-शासित राज्यों में महागठबंधन की सरकार को बेवजह अस्थिर करने में जुटी है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मनगढ़ंत आरोप के तहत जेल भेज दिया गया है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जनता इसका करारा जवाब भाजपा को देगी। रानी कुमारी ने कहा कि जन विश्वास महारैली में जनसैलाब उमड़ेगा।

लोकसभा आम चुनाव, 2024 की तैयारियों की समीक्षा

# 04 मार्च 2024 से सोशल मीडिया अभियान

● 18 वर्ष उम्र अहर्ता पूरी करने वाले एक जनवरी, एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर को 18 साल की उम्र में मतदाता के रूप में पंजीकरण करा सकते हैं

**वरीय संवाददाता**

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार शनिवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में लोकसभा आम चुनाव, 2024 की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची, जेम्स सुरिन, अपर समाहर्ता (नक्सल), सुदर्शन मुर्मू, भूमि सुधार उप- समाहर्ता, मुकेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, बिवेक कुमार सुमन, प्रक्षिमान उप-समाहर्ता, त्रिभुवन सिंह एवं राजनितिक दलों के प्रतिनिधि एवं सम्बंधित सभी अधिकारी/ पदाधिकारी उपस्थित थे।

**बैठक में सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य में 04 मार्च, 2024 से सोशल मीडिया अभियान के संचालन के संबंध में निम्न चर्चा की गई।**- किसी भी चुनाव में मतदान करने के लिए मतदाता का नाम संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में निबंधित होना अनिवार्य है। विगत चुनावों में कहीं-कही से ऐसे मामलें प्रकाश में आते है कि कोई मतदाता अपना फोटो मतदाता पहचान पत्र लेकर मतदान करने जाते है, परन्तु मतदाता सूची में संबंधित मतदाता का नाम निबंधित नहीं होने के कारण यह मतदान करने से वंचित रह जाता है। आगामी लोकसभा आग चुनाव, 2024 में ऐसी एक भी घटना न हो, इसके लिए मतदाताओं को जागरूक करने हेतु सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान का संचालन करने का निर्णय लिया गया है।

अभियान का प्रारम्भ संपूर्ण राज्य में सभी मतदान केन्द्रों पर दिनांक-04.03.2024 को प्रातः 10.00 बजे से किया जाएगा।

उक्त अभियान के तहत राज्य के प्रत्येक मतदाता से यह अपील की जाय कि ये अपना नाम मतदान केन्द्र जाकर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची से अथवा ऑनलाईन के माध्यम से जांच कर संतुष्ट हो लें कि उनका नाम संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में दर्ज है। यदि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है अथवा कोई अन्य त्रुटि है, तो नाम पंजीकरण करने एवं सुधार आदि हेतु आवेदन समर्पित करने हेतु जानकारी देते हुए प्रेरित किया जाए।

*रांची जिला में व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक डाउनलोड करवाने हेतु अभियान चलवाया जाए। साथ ही उन्हें यह भी अवगत कराया जाए कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची की प्रति संबंधित मतदान केन्द्र के बी0एल0ओ0 तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध रहती है।*

दिनांक-04.03.2024 को सभी मतदान केन्द्रों पर अंतिम प्रकाशित मतदाता की प्रति एवं प्रपत्र- 6, 7 एवं 8 के साथ बी0एल0ओ0 की उपस्थिति रहेगी, ताकि वे आम नागरिकों को उक्त अभियान के बारे में बता सके एवं आवश्यकता पड़ने पर मतदाता सूची में पंजीकरण आदि हेतु आम नागरिकों से भरा हुआ प्रपत्र प्राप्त कर सकें।

साथ ही सभी नागरिकों को जानकारी देते हुए उक्त ऐप को डाउनलॉड करने हेतु उन्हें प्रेरित करते हुए अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाय।

### वोटर हेल्पलाइन एप विशेषता

उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, बिवेक कुमार सुमन ने बैठक में निम्न जानकारी दी-

मतदाता सूची में नाम इस ऐप की मदद से मतदाता मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं। इसके साथ ही वे यह भी जांच सकेंगे कि वे वोट देने के योग्य हैं या नहीं।

मतदाता पंजीकरण ङ्क यदि आपका वोट पंजीकृत नहीं है तो इस ऐप की मदद से मतदाता अपना वोट चुनाव सूची में पंजीकृत कर सकते हैं। इसके साथ ही आप रजिस्ट्रेशन डिटेल्स में सुधार भी कर सकते हैं।

मतदाता पर्ची डाउनलोड ङ्क इस ऐप के माध्यम से पात्र उपयोगकर्ता मतदान के लिए मतदाता सूची या डिजिटल फोटो मतदाता पर्ची डाउनलोड कर सकते हैं।

चुनाव संबंधी विवरण ङ्क इस ऐप पर उपयोगकर्ता चुनाव संबंधी जानकारी, परिणाम अपडेट और उम्मीदवारों के बारे में विवरण जान सकते हैं।

**वोटर लिस्ट में अपना नाम की जानकारी कैसे जाने?**- इस वोटर हेल्पलाइन ऐप की मदद से उपयोगकर्ता मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं और मतदाता सूची को डाउनलोड भी कर सकते हैं। वोटर लिस्ट में नाम सर्च करने के लिए आपको ऐप के होम पेज पर दिख रहे सर्च बार पर क्लिक करना होगा। जैसे ही आप सर्च बार पर टैप करेंगे, एक नया पेज खुलेगा, जहां उपयोगकर्ता मोबाइल नंबर, त्त्क्रकोड, विवरण या ईपीआईसी नंबर दर्ज करके मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं। जानकारी हो की आप नाम, पिता/पति का नाम, जन्म तिथि/आयु, लिंग, राज्य या निर्वाचन क्षेत्र की जानकारी से भी मतदाता सूची में नाम खोज सकते हैं।

ईपीआईसी से खोजें ङ्क यदि आपके पास मतदाता पहचान पत्र है तो आप ईपीआईसी (इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी कार्ड) नंबर दर्ज करके नाम खोज सकते हैं।

मोबाइल नंबर से खोजें- अगर आपका मोबाइल नंबर वोटर आईडी से लिंक है तो आप अपने मोबाइल नंबर के जरिए भी वोटर लिस्ट में अपना नाम खोज सकते हैं।

**वोटर हेल्पलाइन ऐप की विशेषता**- वोटर हेल्पलाइन ऐप को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर से मुफ्त में डाउनलोड किया जा सकता है।

प्राइवेसी फीचर्स की बात करें तो यह ऐप यूजर्स की किसी भी तरह की जानकारी स्टोर नहीं करता है।

यह ऐप मतदाता सूची मतदाता पंजीकरण फॉर्म, संशोधन, डाउनलोड डिजिटल फोटो मतदाता पर्ची, शिकायत और उम्मीदवार प्रदर्शन, वास्तविक समय चुनाव परिणाम डेटा जैसी महत्वपूर्ण जानकारी को प्रदान करता है।

ऐप उपयोगकर्ताओं को मोबाइल नंबर को ईपीआईसी कार्ड से लिंक करने की अनुमति देता है।

मतदाता सूची में अपना नाम कब-कब जोड़ सकते है

उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, बिवेक कुमार सुमन द्वारा बैठक में जानकारी देते हुए बताया गया की 18 वर्ष उम्र अहर्ता पूरी करने वाले एक जनवरी, एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर को 18 साल की उम्र में मतदाता के रूप में पंजीकरण करा सकते हैं।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मान्यता प्राप्त राजनितिक दल के प्रतिनिधियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

● मतदाताओं को जागरूक करने में प्रशासन का करें सहयोग

● 04 मार्च 2024 को अपने बूथों पर जाकर अपने नाम का अवलोकन कर सकते हैं साथ ही त्रुटियों को करा सकते हैं ठीक

**पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो**




**चतरा।** जिले में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विभाग द्वारा आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 के ध्यान में रखते हुए मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य में 04 मार्च 2024 से सोशल मीडिया अभियान का संचालन करने का निर्देश प्राप्त है। उक्त कार्यक्रम के तहत अभियान को सफल बनाने हेतु शनिवार को समाहरणालय सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त चतरा अबु इमरान की अध्यक्षता में सभी जिला अध्यक्ष/सचिव, मान्यता प्राप्त राजनितिक दल, जिला इकाई चतरा के साथ बैठक की गई।

इस बैठक में उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि 04 मार्च 2024 से सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य में सोशल मीडिया अभियान चलाया जायेगा और इसी दिन मतदाता अपने-अपने नजदीकी बूथों पर जाकर अपना नाम सूचि में देख सकते है। साथ ही अगर मतदाता सूचि में किसी कारणवश नाम दर्ज नहीं हो पाया है या किसी भी प्रकार की त्रुटि है तो अपने बूथ स्तर के पदाधिकारी से सम्पर्क कर नाम दर्ज या त्रुटि में सुधार कराया जा सकता है। इस दिन सभी मतदान केन्द्रों पर बूथ स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। वहीं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा व सिमरिया भ्रमणशील रहेंगे और आवश्यक रूप से दिशा निर्देश देंगे। उन्होने कहा, आप सभी से अनुरोध है कि अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु अपने स्तर से भी प्रशासन का सहयोग करें जिससे मतदाताओं में वृद्धि हो और अधिक से अधिक आमजन जागरूक होकर अपना मत का उपयोग कर सके।

आमजनों से अपील करते हुए उपायुक्त ने कहा कि 04 मार्च को अपने-अपने बूथों पर जाकर मतदाता सूचि में नाम जांच करते हुए एक सेल्फी लेकर सोशल मीडिया अभियान में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।*

इस बैठक में अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, मान्यता प्राप्त राजनितिक दल के प्रतिनिधि रामदेव भोक्ता, पारस सिंह, पंकज प्रजापति, चन्द्रशेखर दास समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## झारखंड महिला उत्थान की बैठक



**प्रतिनिधि, चरही।** झारखंड महिला उत्थान के द्वारा, पंचायत प्रतिनिधियों और अन्य हित धारकों के साथ मेरा शरीर मेरा हक और उनके अधिकारों को लेकर प्रखंड स्तरीय चरही स्थित विवाह भवन में बैठक किया गया, इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मे हजारीबाग जिला मुखिया संघ उपाध्यक्ष सह चुरचू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो उपस्थित हुए और बैठक की अध्यक्षता मैनो किस्कु के द्वारा किया गया, इस दौरान बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो के द्वारा कहा गया कि, इस तरह के संस्था का प्रयास से ही हमारे समाज के महिलाओं एवं किशोरियों के बीच बहुत ही जागरूकता बढ़ रही है, इसी तरह से अगर बैठक करके महिलाओं एवं किशोरियों को जागरूक किया जाए तो आने वाला समय में सारे महिलाएं एवं किशोरियों आत्मनिर्भर हो जाएंगे, इस मौके पर ममता देवी, फूल कुमारी, चांदनी कुमारी, रेणु देवी, बीना देवी, लीला देवी, सावित्री देवी, निशा देवी, सीता देवी ,प्रियंका मुर्मू, आशा मुन्नी मुर्मू, उषा देवी, राजकुमारी, सुमित्रा, सुनीता देवी, मालती कुमारी, कविता कुमारी, इत्यादि सैकड़ो की संख्या में लोग मौके पर मौजूद थे।

## शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई नौवीं बोर्ड की परीक्षा, तीन छात्र रहे अनुपस्थित



**प्रतिनिधि, बिशुनपुरा (गढ़वा)।** बिशुनपुरा प्रखन्ड मुख्यालय के राजकीय मध्य विद्यालय बिशुनपुरा में चल रही नौवीं बोर्ड की परीक्षा मे शनिवार को सामाजिक विज्ञान विषय की हुई परीक्षा। जहाँ कुल 310 छात्र-छात्राओं में से 3 छात्र अनुपस्थित रहे। वही 307 छात्र - छात्राओं ने परीक्षा में लिया भाग। वही शान्ति पूर्ण परीक्षा को सम्पन्न करने को लेकर केन्द्राधिक्षक अजित कुमार पांडेय, वीक्षण कार्य में शिक्षक कमलेश यादव, अनिल कुमार गुप्ता, राम राज पांडेय, मेराज अली, इन्द्र देव राम, शिक्षिका निलू कुमारी, सविता पांडेय, शिक्षक कृष्ण कुमार, कमलेश कुमार, नवनित तिवारी, रविन्द्र कुमार, उपेन्द्र गुप्ता, अखिलेश प्रजापति आदि का रहा योगदान।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चतरा को दी विकास की सौगात, एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपूरा पावर प्लांट की शुरुआत

● टोरी-शिवपुर रेल लाइन का भी किया ऑनलाइन उदघाटन

**पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो**



**चतरा।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने धनबाद दौरे के दौरान पूरे झारखंड समेत चतरा जिले को विकास की बड़ी सौगात दी है?। प्रधानमंत्री ने अपने कार्यक्रम के दौरान चतरा जिले को दो बड़ी सौगात दी है। चतरा जिले के टंडवा में निर्माणाधीन एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपूरा परियोजना व टोरी-शिवपुर रेल लाइन के तीसरे लाइन के विस्तारीकरण का प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन उदघाटन किया। उदघाटन को लेकर एनटीपीसी परियोजना के उड़ान स्टेडियम एवं टोरी-शिवपुर रेल लाइन के शिवपुर रेलवे स्टेशन परिसर में सीसीएल और रेल विभाग के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां परियोजना और विभाग से संबंधित पदाधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्र के ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संवाद का ऑनलाइन प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों योजनाओं का ऑनलाइन उद्घाटन किया। करीब 7526 करोड़ की लागत से 1980 मेगावाट वाले एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा पावर प्लांट का निर्माण किया गया है। जिसमें परियोजना के पहले यूनिट से उत्पादित बिजली को झारखंड, बिहार, बंगाल और उड़ीसा जैसे राज्यों में आपूर्ति की जा रही है। वहीं 894 करोड़ रुपए की लागत से टोरी-शिवपुर रेलवे लाइन के तीसरे रेल लाइन के कार्य को पूर्ण कराया गया है। जिसके अंतर्गत बीराटोली, कुसमाही, बालूमाथ, बुकरू, मनातू व फुलबसिया रेलवे साइडिंग हैं। इस लाईन के निर्माण से कोल डिस्पैच में दोगुना इजाफा होगा। जानकारी देते हुए आम्रपाली जीएम अमरेश कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2021 में इस लाइन का दोहरीकरण किया गया था। इसके बाद से करीब 45-50 मिलियन मिट्रिक टन कोयल का डिस्पैच हो रहा था वही इस लाइन के निर्माण होने से प्रतिवर्ष 100 मिलियन मेट्रिक टन से भी अधिक कोयले का डिस्पैच किया जाएगा।

## लाभार्थिक संपर्क अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने लाभार्थियों से किया संपर्क



**प्रतिनिधि, पाकुड़।** भाजपा लाभार्थी संपर्क अभियान के दूसरे दिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने पाकुड़ नगर में मोदी सरकार के द्वारा लाभान्वित लाभार्थियों के घर-घर पहुंचकर मोदी सरकार के लाभान्वित आमदनी से संवाद किया एवं योजनाओं के लाभार्थियों को मोदी जी की गारंटी के विषय में बताया एवं घर-घर जाकर लाभार्थियों इस समृद्धि मोदी की गारंटी का स्टीकर चिपकाए एवं लाभार्थियों के संपर्क के दौरान 9638002024 पर मिस कॉल करके मोदी के लिए समर्थन मांगा। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज कुमार साह ने किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय,कार्यक्रम के नगर संयोजक सम्पा साहा, सह संयोजक अशोक प्रसाद एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के राजमहल लोकसभा के सह संयोजक हिसाबी राय मौजूद थे। कार्यकर्ताओं ने मतदान केंद्र के अध्यक्ष के माध्यम से नगर में संपर्क किया। कार्यकर्ताओं ने एक-एक करके बीस परिवारों से संपर्क किया।मौके पर मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मकसद जनकल्याण और अंत्योदय का मूलमंत्र है। निःशुल्क राशन वितरण,आयुष्मान कार्ड,उज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, शौचालय,जनधन योजना इत्यादि की सुविधा केंद्र के मोदी सरकार के द्वारा दिया जा रहा है।केन्द्र सरकार का एकमात्र उद्देश्य है अंत्योदय। मौके पर उपस्थित निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष-सह-कार्यक्रम के संयोजक सम्पा साहा ने कहा कि कोरोना की चुनौतियां से निपटने के लिए भाजपा सरकार तेजी दिखाई निःशुल्क वैक्सीन लगाई गई।महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उज्ज्वला योजना ने महिलाओं को जीवन आसान बना दिया।बिजली कनेक्शन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि,विश्वकर्मा योजना,श्रमिक सम्मान निधि जैसे तमाम योजनाओं के लाभार्थी घर-घर सम्पर्क कर एक-एक व्यक्ति से सम्पर्क कर मोदी जी को 2024 में मतदान कर फिर से भाजपा सरकार बनाने का आमजनों से आह्वान किया। लाभार्थी संपर्क अभियान में पाकुड़ विधानसभा के विस्तारक जयप्रकाश यादव,श्यामल गोस्वामी,शबरी पाल, पार्वती देवी,अनिकेत गोस्वामी, प्राची चौधरी,तुलसी वर्धन, मनोरमा देवी,रश्मि भगत,निधि गुप्ता,सोहन मंडल,सुशील साहा, पवन भगत,जगदीश भगत,रतन भगत आदि मौजूद थे।

प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

**सुविचार**

पूर्णता के साथ किसी और के जीवन की नकल करके जीने की तुलना में, अपने आप को पहचान कर, अपूर्ण रूप से जीना बेहतर है!

श्रीमद् भगवद् गीता


www.purvanchalsurya.com

आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची ➤दिल्ली➤देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306






वर्ष - 17 | अंक 199 | दैनिक | रांची | रविवार 03 मार्च 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00

## बार-बार पेपर लीक पर तकनीक लगा सकती है रोक...



### अगर सरकार चाहे तो-आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर ने दिए सुझाव

कानपुर (एजेंसी)। देश के कई राज्यों में प्रतियोगी परीक्षाओं के पर्चे लीक होने से सकते में आई सरकारों के लिए तकनीक का इस्तेमाल एक समाधान बन सकता है।

आईआईटी कानपुर के कंप्यूटर साइंस एंड इंजिनियरिंग विभाग के प्रफेसर मणींद्र अग्रवाल के अनुसार, तकनीकी तौर पर इस समस्या का निपटारा हो सकता है। इसके लिए कई विकल्प हैं, लेकिन निर्भर करता है कि संबंधित एजेंसी या सरकारें इसमें कितनी रुचि लेती हैं। प्रफेसर अग्रवाल ने बताया कि बीते कुछ वर्षों से आईआईटी के जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम कंप्यूटर सीबीटी पर ही होते हैं। लेकिन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए इतने बड़ा आधारभूत ढांचा खड़ा करना संभव नहीं है। इसके लिए कुछ विकल्प हैं। सबसे पहले तरीका यह हो सकता है कि एग्जाम के कुछ देर पहले ही मुख्य सेंटर से परीक्षा केंद्रों को कंप्यूटर के जरिए पर्चे भेजे जाएं। यह तय समय पर पेपर डाउनलोड कर तुरंत प्रिंट कर छात्र-छात्राओं को बांट दिए जाएं। ये विकल्प महंगा है।

इसमें बढ़िया प्रिंटर और कंप्यूटर आदि की जरूरत होगी। इस समस्या के निपटारे का एक और विकल्प यह है कि तकनीक के माध्यम से पर्चों को सील करते उसमें ऐसी डिवाइस लगाई जाएं, जो संबंधित व्यक्ति की बायोमेट्रिक पहचान के बिना खुले ही नहीं। इन डिवाइसों में यह रेकॉर्ड करने की क्षमता होगी कि संबंधित पैकेट कब खोला गया। बकौल प्रफेसर अग्रवाल, कई समाधान उपलब्ध हैं, लेकिन तुरंत या रेडीमेड समाधान नहीं है। इसके लिए संबंधित एजेंसी दिलचस्पी लेकर कुछ वक्त दें, तो काम हो सकता है।

## फीश फीड का प्रशिक्षण लेने मत्स्य कृषकों का 26सदस्यीय दल मुम्बई रवाना

वरीय संवाददाता

**रांची।** एक्वाफीड प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी एंड फीडिंग मैनेजमेंट फॉर फ्रेश वाटर फिशेज विषयक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए झारखंड के मत्स्य कृषकों का 26सदस्यीय दल शनिवार को मुम्बई रवाना हुआ। इस दल का नेतृत्व मत्स्य प्रसार पदाधिकारी मंजू तिर्की कर रही हैं। दल में रांची, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, गिरिडीह गुमला, पलामू, गोड्डा, देवघर तथा साहेबगंज के मत्स्य कृषक भाग शामिल हैं। इनका प्रशिक्षण 4-8 मार्च तक मुम्बई में चलेगा। इस संबंध में मत्स्य विभाग के निदेशक डॉ.एचएन द्विवेदी ने बताया कि राज्य में संचालित कल्याणकारी योजनाओं के सफल कार्यान्वयन से मत्स्य उत्पादन में आशातीत वृद्धि हुई है। इससे यहां स्थानीय स्तर पर मत्स्य आहार की आवश्यकता देखी जा रही है। आहार देने से मछलियां कम समय में ज्यादा तेजी से बढ़ती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत फीड मिल स्थापित किये जा रहे हैं। कृषकों को तकनीकी ज्ञान तथा स्थानीय पूरक सामग्रियों से फीड बनाने के तरीके जानने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करने मुंबई भेजा गया है। ताकि मत्स्य आहार का उत्पादन कर राज्य को मत्स्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया जा सके। फीड बनाने में मुख्य तौर पर धान का कोढ़ा, मक्का, सरसों खल्ली, मूंगफली खल्ली, सोयाबीन खल्ली आदि सामग्रियों का उपयोग किया जाता है। केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुम्बई के निदेशक तथा वैज्ञानिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए डॉ. एचएन द्विवेदी, निदेशक मत्स्य, झारखंड ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण से तकनीकी जानकारी के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्रियों से मत्स्य आहार बनाकर सस्ते दर पर किसानों को फीड उपलब्ध हो सकेगा तथा अधिक से अधिक लोग मात्स्यिकी गतिविधियों से जुड़ सकेंगे। उक्त जानकारी मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी।

## गौतम गंभीर ने की राजनीतिक जिम्मेदारियां छोड़ने की पेशकश

### भाजपा अध्यक्ष से कहा-क्रिकेट पर फोकस करना चाहता हूं; अभी ईस्ट दिल्ली से सांसद हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली ईस्ट से भाजपा सांसद गौतम गंभीर राजनीतिक जिम्मेदारियां छोड़ना चाहते हैं। गंभीर ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी जानकारी दी।



गंभीर ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को टैग किया है। उन्होंने जेपी नड्डा से रिक्वेस्ट की कि उन्हें राजनीतिक जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया जाए। गंभीर ने राजनीतिक जिम्मेदारियों छोड़ने की वजह भी बताई। लिखा- अब वो अपने क्रिकेट से जुड़े कमिटमेंट्स पूरे करने चाहते हैं। गंभीर ने देश सेवा का मौका देने के लिए क्क्रूमोदी और अमित शाह का आभार भी जताया।

## बंगाल में अपराधी तय करते हैं गिरफ्तारी का समय

### संदेशखाली मामले में ममता सरकार पर जमकर बरसे पीएम मोदी

**कोलकाता (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले बंगाल दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नदिया जिले के कृष्णानगर में जनसभा से पहले वहां सरकारी कार्यक्रम में 15,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इसमें बिजली, रेल और सड़क से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं। इस मौके पर पीएम ने कहा कि आजादी के बाद बंगाल का विकास रोका गया। हमारी सरकार ने बंगाल समेत पूर्वी क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है। बंगाल को आत्मनिर्भर व विकसित राज्य बनाना जरूरी है। पीएम ने कहा कि आज बंगाल को विकसित राज्य बनाने के लिए हम एक और कदम उठा रहे हैं। आज मुझे 15,000 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास का सौभाग्य मिला है। बिजली, सड़क, रेल की बेहतर सुविधाएं आपके जीवन को आसान बनाएगी। इन विकास कार्यों से बंगाल के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। संदेशखाली मामले को लेकर भी पीएम मोदी ने ममता सरकार पर हमला बोला। पीएम ने कहा कि अब बंगाल में अपराधी ही अपनी गिरफ्तारी का समय तय करते हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल में अपराध अब चरम पर पहुंच गया है।



### बंगाल को आधुनिक बनाने में लगी है केंद्र सरकार

मोदी ने कहा कि बंगाल देश के अन्य राज्यों के लिए पूर्वी द्वार का काम करता है। पूर्व में इस द्वार से प्रगति की अपार संभावनाओं का प्रवेश हो सकता है इसलिए हमारी सरकार बंगाल में सड़क मार्ग, रेल मार्ग, वायु मार्ग और जल मार्ग की आधुनिक कनेक्टिविटी के लिए काम कर रही है। पीएम ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर के दृष्टिकोण से रेल बंगाल के गौरवशाली इतिहास का हिस्सा रहा है लेकिन इतिहास की जो बढ़त बंगाल को हासिल थी, आजादी के बाद उसे सही ढंग से आगे नहीं बढ़ाया गया। यही कारण है कि तमाम संभावनाओं के बावजूद बंगाल पीछे छूटता गया। पिछले 10 वर्षों में हमने उस खाई को पाटने के लिए यहां के रेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर बहुत जोर दिया है। इस मौके पर राज्यपाल सीवी आनंद बोस, केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार भी मौजूद रहे।

बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट

## घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे सीएम सिद्धा

- बोले-दोषियों के खिलाफ हम लेंगे सख्त ऐक्शन

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने शनिवार को बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट की घटना पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही, उन्होंने विपक्षी भाजपा से इस मामले पर राजनीति नहीं करने का आग्रह किया। सीएम सिद्दरमैया ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिलने के लिए ब्रुकफील्ड अस्पताल का दौरा भी किया। मैसूर में मीडिया को संबोधित करते हुए, कर्नाटक के सीएम ने इस बात पर जोर दिया कि हमले के पीछे के उद्देश्यों को जानने और जिम्मेदार पक्षों की पहचान करने के लिए पहले से एक व्यापक जांच चल रही है। सिद्दरमैया ने कहा, मास्क और टोपी पहने एक व्यक्ति बस में आया, उसने टाइमर सेट किया और विस्फोट कर दिया। डिप्टी सीएम और गृह मंत्री ने कल घटनास्थल का दौरा किया। मैं भी आज अस्पताल और घटनास्थल का दौरा करूंगा।

## लालू की भविष्यवाणी-इस बार मोदी नहीं आएंगे

- राहुल को घूमना बंद कर सीटों का बंटवारा करना चाहिए, नीतिश खुद आते हैं, अब चांस नहीं

**पटना (एजेंसी)।** मैं भविष्यवाणी करता हूं कि इस बार मोदी नहीं आएंगे। इंडिया गठबंधन की ही जीत होगी। ये बातें RJD सुप्रीमो लालू यादव ने एक मीडिया इंटरव्यू में कही हैं। बिहार के पूर्व ष्ट्रू ने सोशल मीडिया पर इस इंटरव्यू को शेयर किया है, जहां उन्होंने नीतीश कुमार से लेकर आडवाणी तक पर बात की। नीतीश के पास बार-बार जाने के सवाल पर लालू यादव ने कहा कि नीतीश कुमार के पास हम लोग नहीं जाते बल्कि वही बार-बार आते हैं। अब नीतीश के आने का कोई चांस नहीं है। राहुल की कौन सी कमजोरी है, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उनकी कोई कमजोरी नहीं है। वो अपने काम में लगे हैं। राहुल गांधी सभी को साथ लेकर चल रहे हैं। राजद सुप्रीमो ने इंडिया अलायंस को सलाह दी कि अब समय नहीं है, घूमना फिरना बंद कीजिए। सीटों का बंटवारा कर आगे बढ़िए। आडवाणी का रथ रोकने के सवाल पर लालू प्रसाद यादव ने कहा राज रहे या राज जाए इसको (बीजेपी) टॉलरेट नहीं करना है। हमारे संविधान और प्रस्तावना को कोई नुकसान पहुंचाएगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम आडवाणी जी को समझाने दिल्ली तक गए। वे काफी गुर्राए कहा कि कोई माई का लाल है जो दूध पिया है जो हमारे रथ को रोकेगा। मैंने कहा कि हम नहीं जानते हैं कि आपने अपनी माता जी का दूध पिया है या नहीं या पाउडर का दूध चाट कर रह गए, लेकिन मैंने भैंस का दूध पिया है, और मैं आपको छोड़ूंगा नहीं। मैंने समस्तीपुर में आडवाणी जी को गिरफ्तार कराया। पूरे देश में हलचल हो गई तो हमने उनको गिरफ्तार कराया। आडवाणी जी को हमने गिरफ्तार किया और उधर वीपी सिंह की सरकार आउट हो गई।

### पत्रकारों के लिए निःशुल्क या छूट के साथ बस यात्रा के प्रावधान की मांग पर परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ का सकारात्मक रुख

## कहा, अन्य राज्यों द्वारा पत्रकारों को दी जा रही सुविधाओं का अध्ययन कर इस दिशा में करेंगे पहल

### झारखंड को प्रेस मैत्री राज्य बनाने की दिशा में मंत्री दीपक बिरुआ ने बढ़ाया कदम

जितेंद्र ज्योतिषी

**रांची।** झारखंड में पत्रकारों को निःशुल्क या छूट के साथ बस यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग पर झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बिरुआ ने सकारात्मक रुख दिखाया है। इस संबंध में झारखंड जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से मंत्री दीपक बिरुआ की वार्ता हुई। जेजेडब्लुए के मुख्य संरक्षक सह वरिष्ठ पत्रकार संजय मिश्रा, संरक्षक नवल किशोर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र ज्योतिषी, महासचिव सुनील पांडे, संयुक्त सचिव सह डिजिटल प्रभारी दीपक कुमार से परिवहन मंत्री श्री बिरुआ ने कहा कि पत्रकारों को बस यात्रा में छूट दिये जाने के मामले में हरियाणा सरकार के आदेश की कॉपी का अध्ययन करने के बाद पत्रकारों की सुरक्षा,आवास आदि मांगों पर हमारी सरकार गंभीरता से विचार करेगी।









मंत्री दीपक बिरुआ को झारखंड जर्नलिस्ट वेल्फयर एसोसिएशन द्वारा पत्रकारों के हितार्थ अन्य सुझाव भी दिये गये। इसपर उन्होंने कहा कि समय कम है, लेकिन ज्यादा काम करना है।

गौरतलब है कि पत्रकार मैत्री राज्य कहलाने वाले राज्य हरियाणा में कुछ-एक वर्ष पहले पत्रकारों को एक वर्ष में 1500 किलोमीटर तक निःशुल्क बस यात्रा करवाने का प्रावधान किया गया था और तत्कालीन संयुक्त बिहार में चलने वाली बसों में पत्रकारों के लिये सीट को रिजर्व रखने का प्रावधान भी रहा है। इस बाबत जेजेडब्लूए ने मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना अंतर्गत अंचल के पत्रकारों को भी टैग करने की बात कही।




## संक्षिप्त समाचार

### आय से अधिक संपत्ति के मामले में इंजीनियर रिहा

**धनबाद, एजेंसी।** सीबीआई की एंटी करप्शन विंग को अदालत से गुरुवार को जोरदार झटका लगा है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में सीसीएल के इंजीनियर एचपी सिन्हा को रिहा करने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि सीबीआई आरोप को प्रमाणित करने में नाकाम रही। अदालत में आरोपी के खिलाफ 23 लाख 81 हजार 430 रुपए आय से अधिक संपत्ति रखने का आरोप लगाया गया था।

### नाबालिग से देह व्यापार कराने में दंपति दोषी, सजा पर फैसला चार को

**धनबाद, एजेंसी।** नाबालिग का अपहरण कर उससे जबरन देह व्यापार कराने के मामले में शुक्रवार को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने अपना फैसला सुनाया। अदालत ने जोगता मोड़ निवासी मो. रिजवान उर्फ बबलू अंसारी व उसकी पत्नी चांदनी खातून को दोषी करार दिया। अदालत सजा की बिंदु पर सुनवाई की अगली तारीख चार मार्च 2024 मुकर्रर कर दी है। 28 मई 2023 को पीड़िता की शिकायत पर जोगता थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 24 मई 2023 को उसकी मां के पास मो. रिजवान उर्फ बबलू अंसारी व उसकी पत्नी चांदनी खातून जोगता मोड़ स्थित मुर्गा दुकान पर आए और पीड़िता को बोले कि चलो तुमको बाहर लेकर चलते हैं। वहां शादी ब्याह में दुल्हन का सजावट का काम करना है। दोनों आरोपी नाबालिग को कतरास स्टेशन से इंटरसिटी ट्रेन से रांची लेकर गए। वहां स्टेशन के बगल में एक होटल में ठहराया। इस दौरान बबलू एवं उसकी पत्नी चांदनी ने उस पर देह व्यापार का दबाव बनाया। मना करने पर मारपीट कर जबरन देह व्यापार कराने लगे। दोनों वहां सेक्स रैकेट चलाते थे। चांदनी खातून भी देह व्यापार में संलिप्त थी। दोनों बोल रहे थे कि मालिक पप्पू सहाय का आदेश है कि यदि पीड़िता देह व्यापार नहीं करती है तो उसके साथ मारपीट करो। 27 मई 2023 को पीड़िता ने मोबाइल से अपने भाई को सूचना दी। तब चांदनी खातून व उसके पति मो. रिजवान रांची से ट्रेन से शाम को पीड़िता को लेकर धनबाद पहुंचे। रास्ते में दोनों ने पीड़िता को काफी धमकाया। पुलिस ने अनुसंधान के उपरांत 21 सितंबर 2023 को दोनों आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र समर्पित किया। अदालत ने 6 अक्तूबर 2023 क आरोपियों के खिलाफ आरोप गठित कर केस का विचारण शुरू किया। केस विचारण के दौरान अभियोजन ने आठ गवाहों की गवाही कराई थी।

### जेनरिक पेपर की विशेष परीक्षा न लेने से छात्र आक्रोशित

**जमशेदपुर, एजेंसी।** कोल्हान विश्वविद्यालय प्रशासन लंबे समय से छात्रों की मांग के बावजूद पूर्व में छूटी जेनेरिक पेपर की परीक्षा का आयोजन नहीं कर रहा है। इसको लेकर अब प्रभावित विद्यार्थी आंदोलित हो गए हैं। गुरुवार को ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (एआईडीएसओ) जमशेदपुर नगर कमेटी द्वारा कोल्हान विश्वविद्यालय में जेनेरिक पेपर की परीक्षा आयोजित करने की मांग को लेकर विवि के शाखा कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। चेतावनी दी गई कि विशेष परीक्षा आयोजित नहीं की गई तो क्रमबद्ध आंदोलन किया जाएगा। ज्ञात हो कि कोल्हान विश्वविद्यालय में वर्ष 2017 में यूजी में सेमेस्टर सिस्टम को लागू किया गया था। उस समय विश्वविद्यालय की ओर से आनन-फानन में सेमेस्टर सिस्टम तो लागू कर दिया गया, लेकिन हड़बड़ी में कोल्हान विश्वविद्यालय समेत अन्य झारखंड के अन्य विश्वविद्यालयों ने दो सब्सिडियरी पेपर की जगह एक ही सब्सिडियरी पेपर पढ़ाकर परीक्षा ले ली। छात्रों को भी पहले इसकी जानकारी नहीं थी कि सेमेस्टर प्रणाली लागू होने के बाद दो सब्सिडियरी पेपर की पढ़ाई करनी है। इसका पता तब चला, जब सत्र 2019-22 के विद्यार्थी परीक्षा उत्तीर्ण होने के बाद नौकरियों के लिए आवेदन करने लगे। नौकरियों के लिए आवेदन करने पर उनकी डिग्री को अमान्य करार दे दिया गया। संगठन के नगर अध्यक्ष शुभम कुमार झा ने कहा कि डिग्री में जेनेरिक पेपर की त्रुटि के कारण इस बार झारखंड में लैब टेक्नीशियन की परीक्षा में छात्र शमिल नहीं हो पाए। राज्य के अन्य विश्वविद्यालय में जेनेरिक पेपर की परीक्षा आयोजित की जा चुकी है, लेकिन कोल्हान विवि में परीक्षा आयोजित नही की गई है। छात्रों की मांग है कि छात्रों के भविष्य को देखते हुए झारखंड के अन्य विश्वविद्यालय के तरह सत्र 2017 से दूसरे जेनरिक पेपर की विशेष परीक्षा आयोजित की जाए।

### साढ़े चार लाख लोगों को मिलेगा अबुआ आवास,

# सरकार आपके द्वार से 90 फीसदी को लाभ; सरकार ने गिनाए काम

**रांची, एजेंसी।** विधानसभा बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को कटौती प्रस्वात पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि सरकार ने इस वित्तीय वर्ष में दो लाख लोगों को अबुआ आवास दिया है। अगले वित्तीय वर्ष 2024-25 में साढ़े चार लाख लोगों को अबुआ आवास देंगे। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से कुल 29 लाख आवेदन आए थे, जिनमें से 20 लाख आवेदन वैध पाए गए। सरकार सबको बारी-बारी से आवास देने के लिए संकल्पित है।

उन्होंने कहा कि 2028 तक सभी को अबुआ आवास मुहैया करा दिया जाएगा। इसके अलावा बताया गया कि सरकार ने पिछले चार सालों में करीब 19 लाख लोगों को सर्वजन पेंशन स्कीम से लाभांवित किया है। 2019 तक राज्य के 6.60 लाख लोगों को पेंशन मिलता था, जिसकी संख्या बढ़कर 25.96 लाख हो गई है। बता दें कि शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग, कार्मिक, ऊर्जा विभाग सहित अन्य के अनुदान मांगों पर चर्चा हुई।



डिलिस्टिंग के जरिए आरक्षण छीनने का प्रयास : कोंगाड़ी

कटौती प्रस्ताव के विरोध में बोलते हुए नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि आदिवासियों के जीने का साधन कृषि रहा है। पर सीएनटी-एसपीटी में संशोधन कर उनकी जमीन पूंजीपतियों को देने का भाजपा सरकार ने काम किया। आदिवासी लोग कई धर्मों को मानते हैं। ईसाई को भी मानते हैं। आरक्षण से हम चुनकर आते हैं, उनके खिलाफ बोलते हैं, इसलिए इस हक को छीनने के लिए योजना लागू करना चाहती है। उसे डिलिस्टिंग का नाम दिया है।

गांव में जाकर ग्रामीणों से पूछें कि उनका काम हुआ या नहीं

सरकार आपके द्वार में 90 फीसदी लोगों का काम हुआ। यह गांव के लोग खुद बताएंगे। 95 साल की उम्र के लोग भी बताएंगे कि उन्हें पेंशन का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 70 फीसदी जनता गांव में रहती है, गांव के विकास का काम किया जा रहा है। सड़कें बन रही हैं। सरकार 15 हजार किमी सड़कों को सुदृढ़ करेगी। सड़क बनने के बाद स्वरोजगार भी बढ़ रहा है। चौराहे पर दुकान लग गई है।

ब्लैकलिस्टेड एजेंसियों को नियुक्ति का जिम्मा : अमित

कटौती प्रस्ताव के पक्ष में बोतले हुए अमित मंडल ने कहा कि बिहार में ब्लैकलिस्टेड एजेंसियों से झारखंड में सरकार जेपीएससी और जेएसएससी जैसी परीक्षाएं ले रही हैं। जेएसएससी सीजीएल और लैब टेक्नीशियन की परीक्षा हुई तो फिर से पेपर लीक हो गया। सरकार ने पहले कहा कि धांधली नहीं हुई, फिर पेपर लीक कर दिया। सरकार से सीबीआई जांच की मांग की और अभ्यर्थियों पर केस वापस लेने की मांग की। इस पर अभी तक कुछ नहीं हुआ।

मानदेय के सवाल पर भानु और बन्ना में नोकझोंक

बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को विधानसभा में राज्य की सहिया दीदी, एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्नीशियनों के मानदेय बढ़ाने पर मंत्री बन्ना गुप्ता, मिथिलेश ठाकुर व भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही आमने-सामने आ गए। भानु प्रताप शाही ने कहा कि राज्य में पीएम आवास योजना के बदले अबुआ आवास दे सकते हैं तो मानदेय क्यों नहीं बढ़ा सकते। इस पर बन्ना ने कहा कि केंद्र क्यों मानदेय नहीं बढ़ा रहा है, यह बताएं। इस पर भानु नाराज हो गए।

## झारखंड में मिली दुर्लभ मछली, सुंदर मगर खतरनाक, देखते ही मारने का है आदेश

**साहिबगंज, एजेंसी।** झारखंड के साहिबगंज में सकरमाउथ कैट नामक मछली मिली है, जो आमतौर पर साउथ अफ्रीका के अमेजॉन नदी में पाई जाती है। हालांकि, अब कई देशों में यह मछली मिलने लगी है, लेकिन भारत में इसका दिखना दुर्लभ है। यह मांसाहारी मछली है खतरनाक बताई जाती है। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज में मरगंग मछली मिलने से इलाके के लोगों में इसे देखने का कौतुहल पैदा हो गया है। बेहद अलग किस्म के सुंदर दिखने वाली मछली को देखने के लिए आसपास के लोगों की भीड़ मौके जमा होने लगी।



सूचना पाकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। मछली को कब्जे में लेकर शहर गोड़ाबाड़ी हटिया स्थित डीएफओ कार्यालय में रखा गया है। डीएफओ मनीष कुमार तिवारी ने बताया कि महादेवगंज में मिली सकरमाउथ कैट नामक मछली पर्यावरण खासकर छोटी मछलियों के लिए बेहद ही खतरनाक है। लोगों को इसबारे में जागरूक करना है कि जिस भी नदी में ये मछली दिखाई पड़े, तुरंत उसे बाहर निकल कर मार देना है। विदेशों से इस मछली को भारत में लाने पर अब रोक है।

सकरमाउथ कैट नदी में पाए जाने वाली छोटी मछली और जीव जंतु को खाकर जीवित रहती है। इसके चलते इस मछली को परिस्थिति तंत्र के लिए खतरनाक माना जाता है। इधर, राजमहल मॉडल डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रंजीत कुमार सिंह के मुताबिक सकरमाउथ कैटफीश का वैज्ञानिक नाम हाइपोस्टोमस प्लीकोस्टोमस है। यह उष्णकटिबंधीय मीठे पानी की मछली है।

हालांकि अब छोटी नदियों में भी ये मछली मिलने लगी हैं। इसे अर्नामेंटल फीश या गहने वाली मछली भी कहा जाता है। कुछ लोग इस मछली को सजावट के तौर पर घर के एक्वेरियम में भी रखते हैं और बाद में ये मछली जब बड़ी हो जाती है तो उसे किसी नदी या तालाब में छोड़ देते हैं। इससे ये मछली छोटी नदियों में भी मिलने लगती है।

# धनबाद मेडिकल कॉलेज में आग, नवजात की मौत, अफरा-तफरी के बीच 8 बच्चे लापता

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में शुक्रवार की रात आग लग गई। आग डायलिसिस सेंटर में लगी, जिसने देखते ही देखते पूरे वार्ड को अपनी चपेट में ले लिया। पूरे वार्ड में धुआं भर गया। नियो नेटाल केयर यूनिट में भर्ती एक नवजात की मौत की भी सूचना है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

आग लगने से पास के पेडियाट्रिक, गाईनी, मेल मेडिसिन, आई एंड ईएनटी, ऑर्थोपेडिक्स और दूसरे विभागों में भी धुआं भरने लगा। इसके बाद भगदड़ मच गई। मरीज और कर्मचारी इधर-उधर भागने लगे।

परिजनों ने अपने मरीजों को ग्रिल तोड़कर बाहर निकाला। इस अफरातफरी के बीच एनआईसीयू और एसएनसीयू वार्ड में भर्ती 8 बच्चे लापता बताए जा रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन बच्चों की खोज कर रहा है।

एसएनएमएमसीएच के डायलिसिस यूनिट में आग लगने से दूसरे फ्लोर में हड्ढ़ष्ट-स्ढ्ढष्ट में धुआं भर गया था। इस वार्ड में हादसे से करीब एक घंटे पहले तोपचांची के एक नवजात को



एडमिट कराया गया था। धुआं भरने की वजह से नवजात की मौत हो गई। हालांकि इसकी पुष्टि न तो अस्पताल प्रबंधन ने की और न ही उसके परिजनों ने।

जानकारी के मुताबिक एनआईसीयू और एसएनसीयू में 22 बच्चे भर्ती थे। आग लगने के बाद मची अफरा-तफरी के बीच परिजन सबको लेकर भागे। आग बुझाने के बाद बच्चों की खोजबीन शुरू हुई। 22 में 14 बच्चे मिले बाकी आठ का पता नहीं चल पाया। अस्पताल प्रबंधन बच्चों की खोज कर रहा है।

पेडियाट्रिक वार्ड में 7 नवजात और कई बच्चे भर्ती थे। उन्हें उठाकर उनके माता-पिता और परिजन बाहर भागे। आग लगने की घटना की जानकारी मिलने पर सरायढेला थाने की पुलिस भी पहुंच गई। जवानों ने अस्पताल में तैनात आउट सोर्स कर्मियों के साथ मिलकर मरीज और उसके परिजनों को बाहर निकाला। करीब 2 घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका।

एसडीएम उदय रजक वार्डों की स्थिति और मरीजों की सुरक्षा का जायजा लिया। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह माना जा रहा है।

## चांडिल डैम से सीधे डिमना लेक पानी लाकर शहर में हो पेयजलापूर्ति : सरयू

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर एवं आसपास के इलाकों में पीने के लिए शुद्ध पानी की आपूर्ति सीधे चांडिल डैम से होगी। इसको लेकर जल संसाधन विभाग के मंत्री बसंत सोरेन स्वयं जमशेदपुर आएंगे और टाटा स्टील सहित अन्य सक्षम प्राधिकार के साथ बैठक कर आगे की कार्रवाई करेंगे। यह आश्वासन मंत्री बसंत सोरेन ने विधायक सरयू राय के अल्पसूचित प्रश्न का उत्तर देने के क्रम में सदन में दिया।

प्रश्न पूछते हुए सरयू राय ने सदन को बताया कि राष्ट्रीय जल नीति 1987, 2002 और 2012 के अनुसार किसी भी जलाशय के पानी का उपयोग करने में पेयजल की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि फिलहाल चांडिल डैम से ही पानी स्वर्णरेखा नदी में आता है और जमशेदपुर, मानगो, मोहरदा आदि पेयजलापूर्ति योजनाओं से नदी का पानी खींचकर उसे शुद्ध कर पीने के लिए दिया जाता है। परंतु कुछ दिनों से स्वर्णरेखा, खरकई नदियों में औद्योगिक एवं नगरीय प्रदूषण बढ़ जाने से इन्हें साफ करने में दिक्कतें आ रही हैं और खर्च बढ़ रहा है। कोशिश के बावजूद मोहरदा पेयजलापूर्ति से पीने लायक साफ पानी लोगों को नहीं मिल रहा है। कभी-कभी नदी में प्रदूषण इतना बढ़ जाता है कि पानी साफ करने वाला संयंत्र बंद करना पड़ता है। इसलिए चांडिल डैम से सीधे डिमना लेक में पानी डाल दिया जाए और वहां से मानगो होकर पहले से बिछी पाइपलाइन से वह पानी टाटा स्टील के जल शुद्धिकरण संयंत्र तक आ जाएगा। यदि उस पाइपलाइन को मोहरदा तक बढ़ा दिया जाए तो जमशेदपुर के लोगों के साथ ही बिरसानगर, बारीडीह, बागुनहातु, बागुननगर के लोगों को पीने का शुद्ध पानी मिलेगा। राय ने कहा कि चांडिल डैम के पानी से जमशेदपुर, मानगो, जुगसलाई, बागबेड़ा, परसूडीह आदि इलाकों में भी स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो सकती है। विधायक के प्रश्न का उत्तर देते हुए मंत्री ने कहा कि सतनाला डैम से जलापूर्ति करने में कोई दिक्कत नहीं है। परंतु डिमना लेक पर टाटा स्टील का स्वामित्व है, इसलिए इस योजना को मूर्त रूप देने के लिए एक बार टाटा स्टील के साथ बातचीत करना जरूरी है।

# झारखंड में तीन दिन होगी बारिश, अलर्ट जारी; मार्च के पहले हफ्ते में कैसा रहेगा मौसम

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में मौसम में बदलाव का सिलसिला मार्च में भी जारी रहने का अनुमान है। मार्च के पहले सप्ताह में बादल छाए रहेंगे। तीन दिनों तक राजधानी समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, 29 फरवरी को देश के पश्चिमोत्तर भाग में आए पश्चिमी विक्षोभ का असर दो से पांच मार्च तक रह सकता है।

**तीन दिन होगी बारिश :** तीन से पांच मार्च तक राज्य में हल्के से मध्यम स्तर की बारिश होगी। तीन को तेज हवा के साथ बारिश होने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। पांच के बाद मौसम साफ होगा, लेकिन उसके बाद फिर मौसम बदलाव का अनुमान है। वहीं मौसम विज्ञान केन्द्र के अभिषेक आनंद ने कहा कि मार्च के पहले पखवाड़े के दौरान मौसम में बदलाव का क्रम जारी रहेगा।

**5 से 6 डिग्री तक पारा में होगा उतार-चढ़ाव :** राजधानी समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में मौसम में बदलाव के कारण न्यूनतम और



अधिकतम तापमान में पांच डिग्री तक उतार-चढ़ाव होने का अनुमान है। रांची समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में गुरुवार को मौसम साफ रहा। रांची का अधिकतम तापमान 27.0 डिग्री और न्यूनतम 15.9 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान चाईबासा का 31.8 डिग्री रहा।

**चढ़ने वाला है पारा**

जमशेदपुर और मेदिनीनगर का अधिकतम तापमान 30 डिग्री को पार कर चुका है। अधिकतम में अभी और वृद्धि हो सकती है। जबकि, जमशेदपुर का न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री पर पहुंच गया है। दो मार्च के बाद मौसम में बदलाव होते ही अधिकतम में पांच से छह डिग्री तक गिरावट हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, 29 को देश के पश्चिमोत्तर देश में विक्षोभ के आने के बाद एक और विक्षोभ एक से दो मार्च के बीच आने वाला है। इसका प्रभाव मैदानी इलाकों के साथ साथ झारखंड में पड़ने की संभावना व्यक्त की जा रही है। मौसम बदलाव के साथ अगले 15 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान 28 से 35 डिग्री तक रहने का अनुमान है। वहीं न्यूनतम तापमान 14 से 19 डिग्री तक रहने की संभावना है।

## स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- राज्यकर्मियों की स्वास्थ्य बीमा योजना एक माह में

**रांची, एजेंसी।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्यकर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना एक महीने में लागू हो जाएगी। इसकी प्रक्रिया चल रही है। यह सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। सरकार कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पांच से 10 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा का लाभ देने जा रही है। इसके लिए बीमा एजेंसी के चयन की प्रक्रिया चल रही है।

बन्ना गुप्ता शुक्रवार को विधानसभा के बजट सत्र में झामुमो विधायक समीर मोहंती के सवाल का जवाब दे रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा किइस योजना में पुलिसकर्मियों को भी शामिल किया जाना है। मरीजों को एयर लिफ्ट करने का भी प्रावधान होगा। इस पर स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने कहा कि सरकार जब यह योजना लागू करे तो विधानसभा के सदस्यों को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए। समीर मोहंती ने कहा था कि राज्यकर्मियों व सेवानिवृत्त कर्मियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने और उस पर होने वाले खर्च की भरपाई से संबंधित आदेश 31 जुलाई 2023 को जारी किया गया था।

## शोध पेटेंट फाइल करने में नए विश्वविद्यालयों से पिछड़ा केयू

**जमशेदपुर, एजेंसी।** कोल्हान विश्वविद्यालय में शोध की स्थिति बेहद खराब है। हालात यह हैं कि तीन वर्षों में विश्वविद्यालय ने शोध पेटेंट के लिए एक भी आवेदन फाइल तक नहीं किया है। जबकि कोल्हान विश्वविद्यालय की स्थापना के 5-6 साल के बाद स्थापित विश्वविद्यालयों ने अबतक 60-60 शोध पेटेंट के आवेदन कर दिए हैं।

इससे कोल्हान विश्वविद्यालय के शोध के प्रति उदासीन रवैया स्वत-स्पष्ट होता है। यही कारण है कि एनआईआरएफ रैंकिंग में विवि गठन के बाद से आज तक कोल्हान विश्वविद्यालय कभी देश के टॉप 200 विश्वविद्यालयों की सूची में भी अपनी जगह नहीं बना पाया है। इस बार एनआईआरएफ 2024 के लिए फिर से विश्वविद्यालय ने अपना आवेदन अपलोड कर दिया है, लेकिन इस बार भी रैंकिंग में विश्वविद्यालय का फिसड्डी साबित होना तय है। एनआईआरएफ को अपलोड किए गए डाटा में विवि को अधिकतर कैटेगरी में जीरो आंकड़ा भरना पड़ा। दरअसल, एनआईआरएफ की रैंकिंग तीन वर्षों की विश्वविद्यालय की उपलब्धियों के आधार पर की जाती है, लेकिन कोल्हान विवि में तीन वर्षों के अधिकतर आंकड़े शून्य हैं। शोध पेटेंट में आंकड़ा शून्य, शोध पेटेंट फाइल करने के आवेदन शून्य, स्पांसर्ड रिसर्च प्रोजेक्ट शून्य, रिसर्च कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट शून्य हैं। एग्जीक्यूटिव डेवलपमेंट प्रोग्राम मैनेजमेंट प्रोग्राम के आंकड़े भी शून्य हैं। विश्वविद्यालय में वर्तमान में 216 शोध छात्र हैं।

# झारखंड में घूमने आई स्पेन की महिला से 7-8 ने किया गैंगरेप, जमकर पीटा भी; अस्पताल में भर्ती

**दुमका, एजेंसी।** झारखंड के दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरुमाहाट के स्पेन की विदेशी महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। हालांकि अबतक इस मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है।

जानकारी के मुताबिक स्पेन की एक महिला व एक पुरुष टूरिस्ट दो अलग-अलग बाइक से निकले थे। देर शाम हो जाने की वजह से हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरमाहाट के समीप दोनों विश्राम के लिए रुके थे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक देर रात करीब 10 बजे 7 से 8 की संख्या में पहुंचे युवकों ने पहले उनके साथ मारपीट की फिर महिला के साथ दुष्कर्म भी किया। इस घटना में दोनों घायल हो गए हैं।

इधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस रात में ही घटनास्थल के पास पहुंचकर दोनों को सरैयाहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां महिला का इलाज चल रहा है। सरैयाहाट अस्पताल के बाहर सुरक्षा में पुलिसकर्मी तैनात हैं। किसी को भी अस्पताल के अंदर जाने नहीं दिया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक इस घटना में पुलिस ने हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुंजी गांव के चार युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार, जरमुंडी एसडीपीओ संतोष कुमार व दुमका डीएसपी रात से ही हंसडीहा में कैंप कर रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्क्वायड की टीम के साथ रात में ही रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।

बाइक से घूम रहे थे स्पेनिश कपल

स्पेन से पति-पत्नी टूरिस्ट वीजा पर भारत आए हुए हैं। वे पहले पाकिस्तान गए थे, वहां से बांग्लादेश होते हुए झारखंड के दुमका पहुंच गए थे। महिला अपने पति के साथ बाइक से टूर पर निकली थी। वे दुमका होते हुए भागलपुर की ओर जा रहे थे। लेकिन रात होने पर हंसडीहा बाजार से पहले एक सुनसान जगह पर टेंट लगाकर सो गए। इसी दौरान आसपास के कुछ युवक वहां पहुंचे और युवकों ने महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और फिर मारपीट भी की।

खेत से मिले कपड़े-पुलिस

पुलिस के एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि रात करीब 10.30 के करीब गश्ती टीम को कुरमाहाट चौक में पुलिस टीम को देख महिला ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। पीड़ित महिला व उसके पति को हिंदी नहीं आने के कारण मोबाइल में गूगल ट्रांसलेट के सहारे पुलिस को घटना के बारे में बताया।

पुलिस ने जब सर्च अभियान चलाया तो अरहर के खेत मे महिला के अंडर गारमेंट्स मिले। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस ने देर रात ही महिला को सरैयाहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां जांच में महिला के साथ गैंगरेप की पुष्टि की गई।

निशिकांत बोले-संथाल परगना के पुलिस-प्रशासन को बदलना चाहिए

मामले को लेकर गोड्डा से बीजेपी के सांसद निशिकांत दुबे ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- मेरे लोकसभा गोड्डा के हंसडिहा थाना क्षेत्र में स्पेन की एक महिला यात्री के साथ बलात्कार की दुखद घटना हुई है। झामुमो की सरकार ने संथाल परगना में बिना ट्रेनिंग लिए सभी जगह पुलिस पदाधिकारियों की पोस्टिंग कर हत्या,लूट,बलात्कार को पिछले 4 साल में बढ़ावा दिया है।आदिवासी की जनसंख्या लगातार घट रही है।




# गरीबी के पैमाने को लेकर सरकार का तर्क विवादों के घेरे में

चालू वित्तवर्ष की तीसरी यानी दिसंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 8.4 फीसद दर्ज हुई है। यह निस्संदेह उत्साहजनक आंकड़ा है। यह भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से कहीं अधिक है। इस तरह चालू वित्तवर्ष का सकल घरेलू उत्पाद सारे अनुमानों से अधिक रहने वाला है। रिजर्व बैंक ने अपना पुराना अनुमान बदल कर इसे 7.6 फीसद कर दिया है।

हालांकि रिजर्व बैंक ने माना था कि तीसरी तिमाही में आर्थिक विकास दर आठ फीसद के आसपास रहेगी, मगर चौथी तिमाही में इसके छह फीसद के नीचे रहने का अनुमान है। तिमाही में विकास दर ऊंची रहने के पीछे विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन, कर संग्रह में बढ़ोतरी और सबसिडी खर्च में कमी को मुख्य कारण माना जा रहा है। पांच लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के सरकार के इरादे को निश्चित रूप से इससे बल मिलेगा।

मगर इस आर्थिक विकास दर की परत-दर-परत पड़ताल करें, तो कई असंगत स्थितियां भी नजर आती हैं। आर्थिक विकास दर के ऊंची रहने के बावजूद आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों- कोयला, इस्पात, बिजली, कच्चा तेल, रिफाइनरी, प्रकृतिक गैस, उर्वरक और सीमेंट- में विकास दर सुस्त दर्ज हुई है। इसके समांतर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करीब तेरह फीसद घटा है।

माना जाता है कि तेज अर्थव्यवस्था वाले देशों की तरफ विदेशी प्रत्यक्ष निवेश अपने आप आकर्षित होता है। इस वक्त जब दुनिया मंदी के दौर से गुजर रही है, तब भारतीय अर्थव्यवस्था का रुख ऊपर की तरफ बना हुआ है। दवा उत्पादन, सेवा, दूर संचार जैसे कुछ क्षेत्रों में विकास की संभावनाएं अधिक आंकी जाती रही हैं।

मगर सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद इन क्षेत्रों में भी अगर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित नहीं हो पा रहा है, तो इसे अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता। जिस समय औद्योगिक गतिविधियां ठप्प थीं, उस समय भी भारतीय कृषि क्षेत्र ने अर्थव्यवस्था को लड़खड़ाने नहीं दिया था। मगर आर्थिक विकास दर में इसका योगदान लगातार घटता नजर आ रहा है।

जाहिर है, इस क्षेत्र को उचित प्रोत्साहन नहीं मिल पा रहा। इससे आने वाले समय में महंगाई की दर ऊंची रहने की आशंका बनी रहेगी। महंगाई पर काबू पाना पहले ही सरकार के लिए चुनौती बना हुआ है। रिजर्व बैंक रेपो दरों के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं करना चाहता। पिछले आंकड़ों में सबसे अधिक महंगाई सब्जियों, दूध, फल और अंडे वगैरह की कीमतों में दर्ज की गई थी।

# अंतरिक्ष से संचार क्रांति लाने का संदेश दे रहा इसरो

**सुनील कुमार महला**

वर्ष 2023 भारत के लिए अंतरिक्ष में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य के रूप में बहुत ही महत्वपूर्ण रहा। यह बात सभी को विदित ही है कि 14 जुलाई 2023 को चंद्रयान-3 ने श्रीहरिकोटा में अवस्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी थी और भारतीय अंतरिक्ष यान ने 5 अगस्त 2023 को चंद्र कक्षा में निर्बाध रूप से प्रवेश किया। जब लैंडर ने 23 अगस्त 2023 को चंद्र दक्षिणी ध्रुव के निकट एक सफल लैंडिंग की तो यह भारत के लिए एक बहुत ही बड़ा व ऐतिहासिक कदम था। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 की चन्द्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग के बाद इसरो द्वारा आदित्य-एल 1 सूर्य मिशन की लॉन्चिंग दुनियाभर में चर्चा का विषय रहे थे।इसी क्रम में अब भारत सरकार ने हाल ही में गगनयान मिशन के तहत अंतरिक्ष में भारत की पहली उड़ान के लिए चयनित एयरफोर्स के चार पायलटों के नाम भी बताए हैं। इनमें क्रमशः ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला शामिल हैं, जिनके नाम स्वयं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 फरवरी 2024 को केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र का दौरा करने एवं गगनयान मिशन की तैयारियों की समीक्षा करने के बाद जारी किए हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह कहा कि, ये चार नाम या चार इंसान नहीं हैं। 140 करोड़ आकांक्षाओं को अंतरिक्ष में ले जाने वाली शक्तियां हैं। 40 साल के बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में जाने वाला है। इस बार टाइम भी हमारा है, काउंटडाउन भी हमारा है और रॉकेट भी हमारा है। बहरहाल, जानकारी देना चाहूंगा कि गगनयान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का एक मिशन है और इस मिशन के तहत तीन अंतरिक्ष मिशनों को कक्षा में भेजा जाएगा। इन तीन मिशनों में से 2 मानवरहित होंगे, जबकि एक मानव युक्त मिशन होगा। यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि अक्तूबर 2023 में अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने गगनयान के पहले टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) को भी लॉन्च किया था और वर्तमान में इसरो की नजर गगनयान मिशन पर है जिसके तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाया जाएगा। सच तो यह है कि गगनयान मिशन को कई चरणों के जरिए सफलता के अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। दरअसल, गगनयान में क्रू एस्केप सिस्टम (सीईएस) सबसे खास है। इसरो के अनुसार, फ्लाइट टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन1 में किसी अनहोनी की दशा में अंतरिक्ष यात्रियों को बचाने में यह क्रू-एस्केप प्रणाली काम आएगी। उड़ान भरते समय अगर मिशन में कोई भी गड़बड़ी हुई तो यह प्रणाली क्रू मॉड्यूल के साथ यान से अलग हो जाएगी, कुछ समय उड़ेगी और श्रीहरिकोटा से 10 किमी दूर समुद्र में उतरेगी। इसमें मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों को नौसेना की ओर से समुद्र से सुरक्षित वापस लाया जाएगा। इसके बाद दूसरा परीक्षण वाहन टीवी-डी2 मिशन और गगनयान (एलवीएम3-जी1) का पहला मानव रहित मिशन होगा। परीक्षण वाहन मिशन (टीवी-डी3 और डी4) की दूसरी श्रृंखला और रोबोटिक पेलोड के साथ एलवीएम3-जी2 मिशन की अगली योजना बनाई गई है। एजेंसी के मुताबिक, चालक दल मिशन की योजना सफल परीक्षण वाहन के नतीजे और उन मिशनों के आधार पर बनाई गई है जिनमें कोई चालक दल नहीं है। दरअसल इसरो इस मिशन के लिए लगातार कड़ी मेहनत कर रहा है और किसी भी हाल और परिस्थितियों में अंतरिक्ष यात्रियों को खोना नहीं पड़े इसके लिए इसरो द्वारा छह परीक्षणों की एक श्रृंखला तैयार की गई है। जानकारी देना चाहूंगा कि पिछले साल अक्टूबर में हुए एक अहम परीक्षण में यह सामने आया है कि रॉकेट में गड़बड़ी होने पर चालक दल सुरक्षित बाहर निकल सकता है। बहरहाल, पाठकों को यह भी विदित हो कि गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत चार अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में भेजे जायेंगे । मीडिया के हवाले से यह सामने आ रहा है और इस मिशन को वर्ष 2024 के आखिर या वर्ष 2025 की शुरुआत तक अंतरिक्ष में भेजा जा सकता है। इसी साल यानी कि वर्ष 2024 में मानव रहित परीक्षण उड़ान भरी जायेगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट को भेजा जाएगा। बताता चलूं कि गगनयान मिशन तीन दिवसीय मिशन है। मिशन के लिए 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा पर मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और फिर सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि गगनयान मिशन के सफल होने पर भारत उन देशों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा, जिन्होंने खुद चालक दल अंतरिक्ष यान लॉन्च किया है। बताता चलूं कि अभी तक अमेरिका, रूस और चीन ही यह काम कर पाए हैं। यहां यह बात कहना ग़लत नहीं होगा कि आज इसरो संपूर्ण विश्व में अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक मिसाल बनकर उभर रहा है और अंतरिक्ष मिशनों का लगातार भारतीयकरण(स्वदेशीकरण) हो रहा है। हम अंतरिक्ष के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर लगातार अग्रसर हैं और हमने काफी हद तक मिशन गगनयान का भारतीयकरण कर दिया है।

# क्या आरक्षण आंदोलन से हार्दिक पटेल की तरह एक और नेता मनोज जरांगे पाटिल का भी राजनीति में पदार्पण होगा ?



**अशोक भाटिया**

**खबरों के अनुसार इस समय महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण आंदोलन हिंसक रूप विराट रूप ले चुका है।महाराष्ट्र ही नहीं पुरे देश की निगाहें इस ओर लगी है ।मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग करते हुए 40 वर्षीय मनोज जरांगे पाटिल ने 2014 के बाद से कई आंदोलन किए हैं, जो ज्यादा चर्चा में नहीं रहे।उनके ज्यादातर प्रदर्शनों की गूंज जालना जिले से बाहर नहीं जा पाई। हाल में उनकी भूख हड़ताल ने महाराष्ट्र में हलचल मचा दी ।हिंसक प्रदर्शनों के बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आंदोलनकारी नेता मनोज जरांगे से बातचीत की और मराठा समुदाय को कुनबी जाति की कैटेगरी में शामिल करने का वादा किया है।सीएम शिंदे के आश्वासन के बाद मनोज जरांगे पाटिल ने आमरण अनशन खत्म कर दिया व सरकार को ज्यादा निर्णय लेने का और दो माह का समय दे दिया । मनोज जरांगे ने मराठा आंदोलन की मुहिम के बारे में जाने तो उन्होंने 2011 से यह मुहीम शुरू की। 2023 में अब तक उन्होंने 30 से ज्यादा बार आरक्षण के लिए आंदोलन किया।**

विषय को विस्तार से समझने के लिए हमें तजा राजनीतिक घटनाओं को समझाना होगा . इस समय 2024 के चुनाव सर पर है .अनेक दलों में सीट बटवारे कि बात चल रही है । ऐसे समय में महाविकास आघाड़ी गठबंधन के नेता तथा वंचित बहुजन आघाड़ी के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर ने मराठा आरक्षण के लिए आंदोलन कर रहे मनोज जरांगे पाटिल को उनके गृह जनपद जालना से लोकसभा टिकट देने की मांग महाविकास आघाड़ी गठबंधन से की है। मनोज जरांगे इन दिनों मराठा आरक्षण की मांग को लेकर चर्चा में हैं। हालाँकि उन्होंने इस प्रकार की किसी संभावना से इंकार किया है पर राजनीति में कभी भी कुछ भी हो सकता है ।

खबरों के अनुसार इस समय महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण आंदोलन हिंसक रूप विराट रूप ले चुका है।महाराष्ट्र ही नहीं पुरे देश की निगाहें इस ओर लगी है । मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग करते हुए 40 वर्षीय मनोज जरांगे पाटिल ने 2014 के बाद से कई आंदोलन किए हैं, जो ज्यादा चर्चा में नहीं रहे। उनके ज्यादातर प्रदर्शनों की गूंज जालना जिले से बाहर नहीं जा पाई। हाल में उनकी भूख हड़ताल ने महाराष्ट्र में हलचल मचा दी । हिंसक प्रदर्शनों के बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आंदोलनकारी नेता मनोज जरांगे से बातचीत की और मराठा समुदाय को कुनबी जाति की कैटेगरी में शामिल करने का वादा किया है। सीएम शिंदे के आश्वासन के बाद मनोज जरांगे पाटिल ने आमरण अनशन खत्म कर दिया व सरकार को ज्यादा निर्णय लेने का और दो माह का समय दे दिया । मनोज जरांगे ने मराठा आंदोलन की मुहिम के बारे में जाने तो उन्होंने 2011 से यह मुहीम शुरू की। 2023 में अब तक उन्होंने 30 से ज्यादा बार आरक्षण के लिए आंदोलन किया। जरांगे को मराठा आरक्षण आंदोलन का बड़ा चेहरा माना जाता है। मराठवाड़ा क्षेत्र में उनका बहुत सम्मान है। 2016 से 2018 तक जालना में मराठा आरक्षण आंदोलन का नेतृत्व भी मनोज जरांगे ने ही किया था। आइए जानते हैं कि कैसे सामान्य परिवार के साधारण युवक जरांगे इतने बड़े आंदोलन के इतना बड़ा चेहरा बना गए? कैसे उन्होंने पूरे राज्य की सियासत में उठापटक मचा दी–

42 साल के मनोज जरांगे पाटिल मूल रूप से महाराष्ट्र के बीड जिले के रहने वाले हैं। तकरीबन 20 साल पहले सूखे से त्रस्त होकर उनके पिता जालना के अंकुश नगर की मोहिते बस्ती में आकर बस गए थे। 4 बेटों में सबसे छोटे मनोज जरांगे आज मराठा समाज का बड़ा नेता बन चुके हैं। मराठा समुदाय के आरक्षण के प्रबल समर्थक मनोज जरांगे पाटिल अक्सर उन प्रतिनिधिमंडलों के हिस्सा रहे हैं, जिन्होंने आरक्षण की मांग के लिए राज्य के विभिन्न नेताओं से मुलाकात की है।

साल 2010 में जरांगे 12वीं क्लास में थे, तभी उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी थी। फिर वे आंदोलन से जुड़ गए। उन्होंने अपनी आजीविका चलाने के लिए एक होटल में भी काम किया। बीते 12 साल में जरांगे ने 30 से ज्यादा बार आरक्षण आंदोलन किया है। साल 2016 से 2018 तक भी उन्होंने जालना में आरक्षण आंदोलन का नेतृत्व किया। शुरू में मनोज जरांगे कांग्रेस



के एक कार्यकर्ता थे। राजनीति में भी हाथ आजमाते हुए उन्होंने जालना जिले के युवा कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। लेकिन विचारधारा के मतभेद के चलते जल्दी ही पार्टी से इस्तीफा दे दिया। बाद में मराठा समुदाय के सशक्तीकरण के लिए पार्टी से अलग होकर चशिवबा संगठन नाम की खुद की संस्था बना ली।

मनोज जरांगे के परिवार की आर्थिक स्थिति कुछ खास नहीं थी। उनके परिवार में माता-पिता, पत्नी, तीन भाई और चार बच्चे हैं। जब संगठन चलाने के लिए उनके पास पैसे नहीं थे, तब उन्होंने अपनी 2 एकड़ जमीन बेच दी थी। मनोज के नेतृत्व में साल 2021 में जालना के पिंपलगांव में तीन महीने तक आरक्षण के लिए धरना दिया था। मराठा आरक्षण आंदोलन का केंद्र बन चुके अंतरवाली सराटी गांव के सरपंच पांडुरंग तारख का कहना है कि समाज के प्रति जरांगे का निःस्वार्थ भाव उनकी लोकप्रियता का बड़ा कारण है। उन पर भरोसा करने की वजह है कि उन्हे पैसा नही चाहिए। उन्हें कुछ भी नही चाहिए। उन्हें समाज के लिए काम करना है।

मनोज जरांगे के साथ पिछले सात आंदोलनों में साथी रहे पिंपल गांव के गणेश महाराज बोचरे बताते हैं कि मनोज की ईमानदारी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा, च्च्उनकी ईमानदारी हमारे दिल में घर कर चुकी है। समाज के लिए वो जो भी करते हैं, पूरे दिल और निस्वार्थ भावना से करते हैं। वो कभी समाज के काम में पीछे नहीं हटते। मनोज जरांगे की अनिश्चित भूख हड़ताल से उनकी जान को खतरा है, लेकिन ना तो पिता को और न ही उनकी पत्नी को इस बात की फिक्र थी। दोनों का यही कहना था कि वो समाज के लिए लड़ रहे है। समाज के युवकों को उच्च शिक्षा का मौका मिले, अच्छी नौकरी मिले ... वो इसके लिए लड़ रहे हैं। इस लड़ाई में परिवार के सभी लोग उनके साथ हैं।

गौरतलब है कि महाराष्ट्र की राजनीति और आरक्षण आंदोलन में मनोज जरांगे का उदय आठ साल पहले गुजरात में 'पाटीदार अनामत आंदोलन' के रूप में अनाम से चेहरे हार्दिक पटेल के चमत्कारी नेता के रूप में उदय से काफी कुछ मेल खाता है। यह बात अलग है कि बाद में हार्दिक खुद राजनीति के शतरंज का मोहरा बन गए और आज वो उसी भाजपा से विधायक हैं, जिसके खिलाफ उन्होंने कभी समूचे गुजरात को हिला दिया था। अब मनोज जरांगे का हश्र क्या होता है, यह देखने की बात है, लेकिन यह मानने में हर्ज नहीं है कि आज महाराष्ट्र में गुजरात ही खुद दोहरा रहा है। इसके विपरीत मनोज जरांगे का सियासी सफर ज्यादा संघर्ष और चुनौती से भरा है। वो अपनी मांग पर अड़े हैं और सरकार को डर है कि जरांगे ने अनशन चलते रहे तो प्रदेश में मराठा और ओबीसी जातियों में आरक्षण को लेकर संघर्ष सड़कों पर आ सकता है। दरअसल, मराठा भी कोई एक जाति न होकर समुदायों का समुच्चय है। जरांगे की मांग के मुताबिक यदि सरकार मराठों को कुणबी होने का प्रमाण-पत्र देती है तो पहले से ओबीसी में शामिल कुणबी मराठा समुदाय विरोध में उठ खड़ा होने को तैयार है। ओबीसी नहीं चाहते कि मराठों को उनके आरक्षण कोटे में हिस्सेदारी दी जाए। ध्यान रहे कि इस देश में जातिवादी राजनीति का आरक्षण एक ब्रह्मास्त्र है, क्योंकि यदि आरक्षण को हटा दिया जाए तो जातिवादी राजनीति महज एक जाति आधारित वोटों की गोलबंदी या फिर समाज सुधार के सात्विक आग्रह रूप में शेष रहती है। भारतीय समाज और खासकर हिंदुओं में सामाजिक न्याय के तहत संविधान में दलित व आदिवासियों के लिए जिस आरक्षण का प्रावधान किया गया था, उसने अब मानों यू टर्न ले लिया है।

पहले माना जाता था कि जाति व्यवस्था के कारण विकास की दौड़ में पीछे रही जातियों और समुदायों को सरकारी नौकरियों, शैक्षणिक संस्थानों व राजनीतिक आरक्षण देकर उन्हें प्रगत समुदायों के समकक्ष लाया जा सकता है और सामाजिक समता का एक लेवल कायम किया जा सकता है।दरअसल, वोटों की राजनीति ने सामाजिक समता के इस काल्पनिक मॉडल को जल्द ही सरकारी रेवड़ी और राजनीतिक प्रभुत्व की चाह में तब्दील कर दिया, इसीलिए समाज की मध्यम जातियों ने पहले ओबीसी के तहत आरक्षण मांगा और मिला। अब वो जातियां भी खुद को पिछड़ा कहलवाना चाह रही हैं, जो सत्तर साल पहले आरक्षण को राजनीतिक दान समझ कर हिकारत के भाव से देखती थीं। अब विडंबना है कि आज महाराष्ट्र में मराठा, गुजरात में पाटीदार, राजस्थान में गुर्जर और हरियाणा में जाट आरक्षण की मांग इसी संवैधानिक जातीय अवनयन में अपने सामाजिक उन्नयन की राह बूझ रही हैं।आरक्षण की लालीपाप अब उन जातियों को भी तीव्रता से आकर्षित कर रही है, जो सदियो से समाज में श्रेष्ठताभाव में जीने की आदी रही हैं। यानी अब यदि उन्हें भी आरक्षण मिले तो वो किसी भी जाति के नाम का आवरण ओढ़ने के लिए तैयार हैं। इसका अर्थ इन जातियों में सामाजिक समता को लेकर कोई बुनियादी मानसिक बदलाव का होना नहीं है, केवल आर्थिक बेहतरी और राजनीतिक सत्ता पाने की तात्कालिक स्वार्थ सिद्धि ज्यादा है। इसी का नतीजा है कि आरक्षण की राजनीति में अब नए और समाज की निचली पायदान से आने वाले खिलाड़ियों की गुंजाइश बन रही है। यह उस स्थापित नेतृत्व के प्रति जनता का गहरा अविश्वास भी है, जो आरक्षण की फुटबाल को इस पाले से उस पाले में ठेलते रहे हैं।

# शिकंजे में शैतान ! सियासत क्यों थी मेहरबान?

**सवाल यह है कि 5 जनवरी को ईडी की टीम पर हमला करा फरार होने वाला शाहजहां 55 दिन तक अपने सियासत से रसूक और संरक्षण प्राप्त होने के कारण पुलिस की गिरफ्त से बचने में कैसे कामयाब हो जाता है? तमाम मीडिया पर शाहजहां की करतूत का खुलासा होने के बाद भी महिलाओं की चीख और इंसाफ पाने की पुकार एक महिला मुख्यमंत्री कैसे नजरअन्दाज कर देती हैं? एक रिक्शा चलाने वाला सैकड़ों करोड़ का साम्राज्य स्थापित कर कैसे सियासत दानों की आंख का तारा बन जाता है? ज्ञात हो कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने बीते बुधवार को निर्देश दिया था कि संदेशखाली में महिलाओं पर यौन अत्याचार और जमीन हड़पने के मामले के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस के अलावा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी गिरफ्तार कर सकती है.**

**मनोज कुमार अग्रवाल**

पश्चिमी बंगाल में संदेशखाली मामले के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को आखिरकार कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के बाद गिरफ्तार कर लिया गया. पश्चिम बंगाल पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी की है। लेकिन इस गिरफ्तारी के बाद भी कई सवालों का जवाब मिलना बाकी है आखिर सत्ता क्यों ऐसे माफियाओं को अपने दामन में छुपाती है। उसे गुरुवार दोपहर 2 बजे बशीरहाट कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे दस दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया है । वहीं तृणमूल कांग्रेस ने शाहजहां शेख को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

सवाल यह है कि 5 जनवरी को ईडी की टीम पर हमला करा फरार होने वाला शाहजहां 55 दिन तक अपने सियासत से रसूक और संरक्षण प्राप्त होने के कारण पुलिस की गिरफ्त से बचने में कैसे कामयाब हो जाता है? तमाम मीडिया पर शाहजहां की करतूत का खुलासा होने के बाद भी महिलाओं की चीख और इंसाफ पाने की पुकार एक महिला मुख्यमंत्री कैसे नजरअन्दाज कर देती हैं? एक रिक्शा चलाने वाला सैकड़ों करोड़ का साम्राज्य स्थापित कर कैसे सियासत दानों की आंख का तारा बन जाता है? ज्ञात हो कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने बीते बुधवार को निर्देश दिया था कि संदेशखाली में महिलाओं पर यौन अत्याचार और जमीन हड़पने के मामले के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस के अलावा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी गिरफ्तार कर सकती है. शाहजहां शेख पिछले पचपन दिन से फरार था। 5- 5 दिन पहले जब ईडी की एक टीम ने शाहजहां शेख के खिलाफ मामले की पड़ताल के सिलसिले में छापामारी की थी तब उस के गुर्गो ने 5 जनवरी को ईडी टीम पर जानलेवा हमला किया जिसमें ईडी के कई अधिकारी चोटिल हुए थे। तभी से शाहजहां शेख फरार चल रहा था। टीएमसी के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने शाहजहां की गिरफ्तारी के तुरंत बाद उसे पार्टी से निलंबित करने के फैसले की घोषणा की। ब्रायन ने कहा, हमने शेख शाहजहां को 6 साल के लिए पार्टी से निलंबित करने का फैसला किया है। बता दें कि शेख संदेशखाली विधानसभा क्षेत्र का टीएमसी संयोजक था और पार्टी के कब्जे वाले उत्तर 24 परगना जिला परिषद का सदस्य भी था। संदेशखाली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर जमीन हड़पने और जबरदस्ती यौन शोषण दरिंदगी करने का आरोप लगाया है। शेख और उसके साथियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर इस क्षेत्र में महिलाएं गत एक महीने से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। शाहजहां को 55 दिनों की फरारी के बाद गुरुवार सुबह गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि वह अपने कुछ साथियों के साथ घर में छिपा हुआ था। शाहजहां के खिलाफ संदेशखाली की महिलाओं ने जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न करने का भी आरोप लगाया था. अब शाहजहां की गिरफ्तारी के बाद स्थानीय महिलाएं जश्न मनाते हुए नजर आई हैं। इन महिलाओं ने शाहजहां और उसके समर्थकों पर शोषण करने और जबरन जमीन कब्जाने जैसे कई आरोप लगाए। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने शाहजहां शेख से साथ ही टीएमसी के अन्य नेताओं उत्तम सरदार और शिबप्रसाद हाजरा पर भी इन सभी में शामिल होने के आरोप लगाए। ये दोनों नेता शाहजहां शेख के करीबी बताए जाते हैं।9 फरवरी को तनाव तब बढ़ गया जब प्रदर्शनकारी महिलाओं ने शाहजहां समर्थक हाजरा के स्वामित्व वाले तीन पोल्ट्री फार्मों को जला दिया। महिलाओं का दावा था कि वे स्थानीय ग्रामीणों से जबरन छीनी गई जमीन पर बने थे। वहीं 10 फरवरी को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने घटना को लेकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सरकार को त्वरित और प्रभावी रूप से कार्रवाई करनी होगी।

महिलाओं के विरोध के बीच बंगाल राज्य की विपक्षी पार्टी भाजपा ने भी प्रदर्शन शुरू कर दिया। 12 फरवरी को भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने एक प्रेस वार्ता की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने बंगाल की सीएम ममता बनर्जी पर जमकर हमला बोला और सरकार पर संदेशखाली हिंसा को लेकर गंभीर आरोप लगाया। इसके साथ ही ही संदेशखाली की घटना बंगाल की न होकर देशभर में चर्चा का विषय बन गई। तब से लेकर अब तक राज्यपाल, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, फैक्ट फाइडिंग टीम ने तनावग्रस्त क्षेत्र का दौरा किया और पीड़ितों से मुलाकात की।

बंगाल पुलिस ने उत्तर 24 परगना जिले से शाहजहां शेख की गिरफ्तारी कर ली है। जानकारी के अनुसार, वह मिनाखा इलाके में एक घर से छिपा हुआ था। कहा गया कि टीएमसी नेता को गुरूवार अल सुबह तीन बजे गिरफ्तार किया गया। मामले की जानकारी देते हुए एडीजी (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने कहा कि शाहजहां की गिरफ्तारी 5 जनवरी को ईडी टीम पर हमले के मामले में हुई है। इसके साथ ही पुलिस अधिकारी ने कहा कि छह-सात फरवरी से जो मामले दर्ज किए गए हैं वो दो-तीन साल पहले हुई घटनाओं से जुड़े हैं। मामले की जांच करने में, सबूत जुटाने में समय लगेगा।

संदेशखाली की घटना बंगाल की न होकर देशभर में चर्चा का विषय बन गई। तब से लेकर अब तक राज्यपाल, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, फैक्ट फाइडिंग टीम ने तनावग्रस्त क्षेत्र का दौरा किया और पीड़ितों से मुलाकात की।उधर हाईकोर्ट ने कहा था कि शाहजहां को बंगाल पुलिस के साथ-साथ सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी गिरफ्तार कर सकते हैं।बस अदालत की इतनी टिप्पणी से इस शातिर अपराधी को बचाने के लिए अपनी प्रतिष्ठा दाव पर लगा रहे सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का दाव उल्टा पड़ता नजर आया तो दो दिन के भीतर ही शाहजहां को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया गया। अदालत ने शाहजहां को 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। 4 मार्च को कलकत्ता हाईकोर्ट शाहजाहां के मामले की सुनवाई करेगी। आपको पता हो कि प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया है कि पश्चिम बंगाल के राशन वितरण घोटाले में करीब 10 हजार करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है. इस मामले में सबसे पहले बंगाल के पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक को गिरफ्तार किया गया। बाद में टीएमसी नेता शाहजहां शेख और बनगांव नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन शंकर आद्या की भी संलिप्तता सामने आई। पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कहा, यह गिरफ्तारी नहीं है, यह शेख शाहजहां और टीएमसी सरकार के बीच की डील शाहजहां को जेल में पांच सितारा सुविधाएं मिलेंगी। जाहिर है कि अभी भी बंगाल पुलिस शाहजहां के लिए साफ्ट कार्नर दिखा रही है लेकिन इसके चलते ममता सरकार की साख को भारी नुकसान पहुंच रहा है। वहीं अदालत में पेशी के दौरान शाहजहां शेख के दबंग अंदाज में चलने पर बीजेपी के प्रवक्त शहजाद पूनावाला ने निशाना साधा है।

# जोरदार बारिश, ओले गिरने की आशंका



**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में मौसम बदल गया है। आगरा समेत कई इलाकों में बारिश हुई। कहीं जमकर बादल बरसे, तो कहीं-कहीं हल्की बौछार देखने को मिली। यहीं शनिवार की सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला नजर आया। जोरदार बारिश ने लोगों के कदम थाम दिए। आने वाले दिनों को लेकर मौसम विभाग ने बारिश-ओलावृष्टि से मौसम बिगड़ने की आशंका जताई है। शुक्रवार को दोपहर के बाद मौसम बदल गया। आसमान में बादल छा गए। ये शाम ढलते-ढलते बरस पड़े। रुक-रुक कर कभी तेज तो कभी हल्की बारिश हुई। बरहन में कुछ जगहों पर ओले भी पड़े। अधिकतम तापमान 30.6 और न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पश्चिमी विक्षोभ के चलते शनिवार को भी बारिश के साथ ओले पड़ने की आशंका है। शुक्रवार-शनिवार के लिए मौसम विभाग के पूर्वानुमान केंद्र ने बारिश और ओले पड़ने की आशंका व्यक्त की थी। शुक्रवार को दोपहर करीब 2:30 बजे बादल छाना शुरू हो गए। शाम 5 बजे के बाद रुक-रुक कर कभी तेज तो कभी हल्की बारिश हुई। तेज हवा भी चली। मौसम विभाग के पूर्वानुमान केंद्र के अनुसार शनिवार को भी बारिश के साथ ओले पड़ने के आसार है। आसमान में बादल छाए रहेंगे।



## कई जिलों में जारी किया गया ओलावृष्टि का अलर्ट

**लखनऊ, एजेंसी।** पश्चिमी विक्षोभ का असर शुक्रवार को दोपहर बाद से प्रदेश के कई इलाकों पर दिखाई देने लगा। मौसम विभाग के मुताबिक, अलीगढ़, मथुरा व आगरा में बारिश से मौसम में बदलाव शुरू हो गया है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, शनिवार और रविवार को प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में मौसम में बदलाव का असर दिख सकता है। प्रदेश के कई इलाकों में बिजली गिरने और 40-50 किमी की रफ्तार से तेज हवा चलने के आसार हैं। आगरा व आसपास ओलावृष्टि भी हो सकती है। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, जालौन, हमीरपुर, महोबा व आसपास इलाकों में ओले पड़ सकते हैं। बांदा चित्रकूट, फतेहपुर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कासगंज व आसपास के इलाकों में भी ओलावृष्टि को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

## जौ से भरा ट्रक कार पर पलटा, बैंक मैनेजर की मौत; ड्यूटी के बाद घर लौट रहे थे हेमंत

**बरेली , एजेंसी।** बरेली के भोजीपुरा इलाके में नैनीताल हाईवे से जुड़े बड़ा बाइपास पर शुक्रवार रात रामपुर से ड्यूटी करके लौट रहे बैंक के शाखा प्रबंधक की कार पर ट्रक पलट गया। इससे शाखा प्रबंधक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया।

चार थानों की पुलिस ने जाम खुलवाकर वाहनों को निकलवाया। रात साढ़े आठ बिलवा स्थित बड़ा बाइपास पर जौ से भरा ट्रक लखनऊ की ओर जा रहा था। रामपुर जिले की पंजाब एंड सिंध बैंक की बेहटा शाखा के प्रबंधक के पद पर तैनात इज्जतनगर की डिफेंस कॉलोनी निवासी हेमंत कुमार राणा (32) ड्यूटी खत्म करके अपनी कार से बरेली की ओर आ रहे थे। हाईवे पर दोनों वाहन बिलवा पुल से नीचे उतर रहे थे। बताते हैं कि अचानक ट्रक के सामने बाइक आ गई। बाइक बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर बराबर से गुजर रही कार पर पलट गया। कार ट्रक के नीचे दब गई। इससे बड़ा बाइपास पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया। इंस्पेक्टर भोजीपुरा जगत सिंह ने जेसीबी मंगाकर दो घंटे की मशक्कत के बाद कार से हेमंत को निकाला। तब तक हेमंत की मौत हो चुकी थी। हालांकि, उनके पिता श्याम सिंह बेटे को जीवित मानकर स्थानीय मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर शव मोर्चरी में रखवा दिया।

**अविवाहित थे हेमंत:** घटना की जानकारी पर परिवार के अधिकतर लोग भोजीपुरा पहुंच गए। रात में घर के बाहर पड़ोसी एकजुट होकर संवेदना जता रहे थे। बताया कि हेमंत के पिता श्याम सिंह उत्तराखंड के सितारगंज क्षेत्र के मूल निवासी हैं। वह इज्जतनगर में रेलवे के डीजल शेड में कार्यरत हैं। कई साल पहले यहां डिफेंस कॉलोनी में घर बनाकर रहने लगे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रा से छेड़छाड़ कर दुष्कर्म का प्रयास, धर्मांतरण का बनाया दबाव

**गाजियाबाद , एजेंसी।** क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र की रहने वाली छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने और फब्तियां कसने का मामला सामने आया है। आरोप है कि 26 फरवरी को आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ घर में घुसकर छात्रा और उनकी मां पर लाठी-डंडों से हमला किया और छात्रा से दुष्कर्म करने का प्रयास किया। मामले में छात्रा के पिता ने आसिफ, सर्फुद्दीन और आजम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। छात्रा के पिता का आरोप है कि आसिफ उनकी बेटी को काफी समय से परेशान कर रहा है। उन्होंने उसके परिजनों से बात की तो वह भी लड़ाई-झगड़ा करते हैं। आरोप है कि 26 फरवरी को आसिफ ने सर्फुद्दीन और आजम के साथ उनके घर में घुसकर उनकी पत्नी और बेटी पर हमला कर दिया। आरोप है कि उसने उनकी बेटी पर धर्मांतरण करने और शादी करने का भी दबाव बनाया, नहीं करने पर बर्बाद करने की धमकी दी। कार्यवाहक एसीपी प्रिया श्रीपाल ने बताया कि मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### यूपी पुलिस सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में एक आरोपी लोनी से गिरफ्तार

**लोनी , एजेंसी।** यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने लोनी के पुश्ता पुलिस चौकी के पास से एक और आरोपी कपिल तोमर निवासी ग्राम बेगमाबाद गढ़ी बागपत को गिरफ्तार किया है। कपिल को परीक्षा से ठीक पहले ही लीक पेपर मिला था। वह अपने साथी गुरुवचन के साथ मिलकर पावी स्थित एक स्कूल में रिया चौधरी को पेपर दिलाने में मदद कर रहा था। नोएडा एसटीएफ फील्ड यूनिट के निरीक्षक सचिन कुमार ने बताया कि पेपर लीक मामले मे टीम लगातार दबिश दे रही थी। इस दौरान टीम को जानकारी मिली कि पेपर लीक मामले में एक आरोपी कपिल तोमर लोनी में है। सूचना मिलने के बाद कपिल को गिरफ्तार किया गया। कपिल आठवीं पास है। कपिल की मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना में रहने वाले प्रदीप के साथ दोस्ती है। प्रदीप पूर्व से ही प्रतियोगी परीक्षाओं में साल्वर बैठाकर और पेपर लीक कराने में धांधली करने का काम करता है। कपिल प्रदीप के साथ मिलकर यह काम करने लगा था। कपिल तोमर 2022 में रेलवे की ग्रुप डी की परीक्षा में धांधली करना हुआ पकड़ा गया था। मुरादाबाद पुलिस ने कपिल को गिरफ्तार किया था। जेल से बाहर आने के बाद उसने इस को नहीं छोड़ा था। 18 फरवरी को हुए परीक्षा में उसने गुरुवचन को पेपर भेज दिया था। कपिल तोमर पेपर लीक कराकर परीक्षार्थियों को पास कराने के नाम पर पैसा कमाता था। इससे पहले एसटीएफ ने पावी स्थित एक स्कूल से ब्लूटूथ डिवाइस से पेपर दिलाने के मामले में रिया, गुरुवचन और उसके एक साथी को गिरफ्तार किया था। तभी से कपिल का नाम सामने आ रहा था।

### ट्रक ने पीछे से ट्रैक्टर-ट्रॉली में मारी टक्कर, चालक की मौत; लोगों ने हाइवे किया जाम

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के ग्वालियर राजमार्ग स्थित कुरौंचितरपुर मोड़ के पास तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने आगे जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने हाइवे जाम कर हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। हंगामे और जाम के दौरान हाइवे पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। घटना शनिवार सुबह 6 बजे करीब की है। थाना इरादत नगर क्षेत्र के गांव इमली निवासी देवेंद्र सिंह( 25 वर्ष) पुत्र मोहन सिंह ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर अपने घर जा रहा था। ग्वालियर राजमार्ग पर कुरौंचितरपुर मोड़ के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ट्रैक्टर चला रहे देवेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में युवक की मौत की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने ग्वालियर हाइवे जाम कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। बमुश्किल ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया गया। इसके बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिवार के लोगों ने बताया कि देवेंद्र की 11 फरवरी को शादी हुई थी। उसकी मौत के बाद नई नवेली दुल्हन का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सिर के बल पटककर युवती की हत्या...शव फंदे से लटकाया, सिर और पैर में मिली गहरी चोट, चार लोगों पर रिपोर्ट

**कानपुर , एजेंसी।** उन्नाव जिले में पुरवा कोतवाली के एक गांव में युवती की सिर के बल पटककर हत्या कर दी गई। घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए उसे गांव के बाहर पेड़ में दुपट्टे से फंदे पर लटका दिया गया। परिजनों ने गांव के ही चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाया। सीओ ने फोरेंसिक टीम से जांच कराई।

मृतका के बड़े भाई ने चार लोगों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में तीन और दाहिने पैर में एक चोट मिली है। सिर में आई चोट उसकी मौत की वजह बनी। एहतियात के तौर पर डॉक्टरों ने स्लाइड भी बनाई है। पुलिस ने गांव के ही तीन लोगों को उठाकर पूछताछ शुरू की है।

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती शुक्रवार सुबह खेत पर गई थी। काफी देर तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने तलाश शुरू की। घर से करीब 350 मीटर दूर नाले के किनारे उसका शव उसी के दुपट्टे के फंदे से पेड़ में लटका मिला। बेटी का शव देख परिजन बेहाल हो गए। सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

**गांव के ही चार लोगों पर बेटी की हत्या करने का आरोप:** कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह पहुंचे और शव फंदे से उतरवाने का प्रयास किया, तो परिजनों ने गांव के ही चार लोगों पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया। हत्या के आरोप पर सीओ सोनम सिंह भी पहुंचीं और फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच कराई। उन्होंने मृतका के भाई रामसुमेर को तहरीर देने को कहा और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**सिर में तीन गहरी चोटें मिलीं:** पैनल में शामिल जिला अस्पताल के डॉ. विवेक गुप्ता और डॉ. अमित श्रीवास्तव ने शव का पोस्टमार्टम किया। रिपोर्ट में सिर में तीन गहरी चोटें मिलीं, जो मौत की वजह बनीं। मृतका के दाहिने पैर में भी चोट मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक, सिर में लगी चोट युवती को पटकने से आई है। दुष्कर्म की आशंका को देखते हुए स्लाइड भी बनाई गई है।

**चार लोगों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज:** मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही श्यामू पासवान, शैलेंद्र, गोलू और अंकुश के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। सीओ ने बताया कि चार लोगों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**एक साल से प्रेम प्रसंग की चर्चा:** मृतका ने कक्षा आठ पास करने के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। उसका गांव के ही श्यामू पासवान से करीब एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसका परिजन भी विरोध कर रहे थे। कई बार दोनों परिवारों में इस बात को लेकर कहासुनी भी हुई। मृतका के भाई के मुताबिक कहासुनी से नाराज युवक ने साथियों के साथ मिलकर बहन की हत्या कर दी।

**29 फरवरी को भी हुई थी मारपीट:** मृतका के बड़े भाई ने बताया कि 29 फरवरी की शाम सात बजे बहन खेत की ओर गई थी। तभी गांव के श्यामू, शैलेंद्र, गोलू और अंकुश ने बहन के साथ गलत बर्ताव किया था।

## बरेली बनाएगा कीर्तिमानः सीएम योगी संग 10 हजार लोग एक साथ बजाएंगे डमरू, विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी

**बरेली , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले सात मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बरेली आ सकते है। इस दौरान शहर का माहौल शिवमय होगा। बरेली कॉलेज के मैदान पर सांस्कृतिक संध्या और नाथ महोत्सव का आयोजन होगा। एक साथ दस हजार लोग एक जैसा परिधान पहनकर डमरू बजाएंगे। इसे विश्व रिकॉर्ड के तौर पर दर्ज कराने की तैयारी हो रही है। इस कार्यक्रम की ड्रोन से फोटो कराई जाएगी। अफसर तैयारियों में जुट गए हैं।

नाथ महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शुक्रवार को सीडीओ ने पर्यटन विभाग, बीडीए के अफसरों व बरेली कॉलेज के प्राचार्य के साथ कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक की। एक अफसर ने बताया कि कार्यक्रम बरेली कॉलेज के मैदान पर होना लगभग तय है।

**दो हजार डमरू लाए गए :** शनिवार को बैठक कर डीएम रविंद्र कुमार इसे अंतिम रूप दे सकते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारियां भी चल रही है। बीडीए को जिम्मेदारी दी गई है कि दस हजार डमरू की व्यवस्था करें। दो हजार डमरू आ भी गए हैं।





कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वालों का चयन पर्यटन विभाग के अधिकारी करेंगे। प्रशासन के एक अफसर के मुताबिक कार्यक्रम लगभग तय हो गया है। सभी तैयारियां भी हो गई हैं। शासन से हरी झंडी मिलते ही घोषणा कर दी जाएगी।

**डमरू चौक व महादेव पुल का होगा लोकार्पण:** कुतुबखाना पर बने महादेव पुल और डेलापीर पर डमरू चौक का लोकार्पण भी मुख्यमंत्री से कराने की तैयारी है। इसके अलावा कुछ और योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी कराया जा सकता है। इसमें स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट और नाथ कॉरिडोर के अलावा बीडीए के प्रोजेक्ट शामिल रहेंगे। लोक निर्माण विभाग के अफसरों को भी कार्यों की सूची तैयार करने के निर्देश दे दिए गए हैं।


कार्यालय, प्रभारी न्यायाधीश, प्रशासन, व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा

अल्पकालीन निविदा सूचना

निविदा संदर्भ सं० व्य०न्या०, लोहरदगा / 05 / 2023-24

व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा, झारखंड के कार्यालय के लिए दो टन का दो ए० सी० मशीन की आवश्यकता है।

अतः उक्त दो टन का दो ए० सी० मशीन की राशि से संबंधित एजेन्सियों से बंद लिफाफे में नीचे दी गयी विवरणी के अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 01. | कार्य का नाम | व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा, झारखंड के कार्यालय लिए दो टन का दो ए० सी०मशीन। |
| 02. | आपूर्ति करने की अवधि | 15 दिन |
| 03. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | 17 / 03 / 2024, समय 02:00 बजे अपराहन तक |
| 04. | निविदा खुलने की तिथि | 17 / 03 / 2024, समय 02:00 से 04:00 बजे अपराहन तक |
| 05. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के नाम एवं पता | प्रभारी न्यायाधीश, प्रशासन, व्यवहार न्यायालय लोहरदगा |
| 06. | कॉन्टैक्ट नंबर | 8825206756 |
| 07. | हेल्पलाइन नंबर | 9430121770 |

ह०/– प्रभारी न्यायाधीश, प्रशासन, व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा

PR.NO.321231 Lohardaga(23-24):D



कार्यालय,जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण

एतद् द्वारा जाल आपूर्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024–25 के लिए मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, रांची के 219 दिनांक 05.02.2024 के द्वारा राज्य योजना के अन्तर्गत निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को फ्राई कैचिंग नेट की आपूर्ति किया जाना है। इस प्रयोजनार्थ जाल आपूर्तिकर्ताओं से निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक जाल आपूर्तिकर्ताओं से जाल आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 09.03.2024 के मध्यान 12:00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग में स्वीकार किया जायेगा,तथा उसी दिन अपराहन 04.00 बजे निविदा समिति के समक्ष उप विकास आयुक्त, हजारीबाग के कार्यालय कक्ष में खोली जाएगी, निविदा आमंत्रण हेतु आवश्यक शर्तें www.hazaribag.nic.in एवं जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हजारीबाग।

PR 321177 Fish(23-24)D


## निर्माणाधीन फैक्टरी का लिंटर गिरा, एक श्रमिक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

**गाजियाबाद , एजेंसी।** सिखैड़ा मार्ग पर औद्योगिक क्षेत्र स्थित निर्माणाधीन फैक्टरी का लिंटर बृहस्पतिवार रात भर-भराकर गिर गया। मलबे में दबकर एक श्रमिक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए मेरठ के निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। घटना के बाद फैक्टरी स्वामी और ठेकेदार मौके से भाग गए। श्रमिक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए घटनास्थल पर शव रखकर हंगामा किया। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि सिखैड़ा मार्ग स्थित औद्योगिक क्षेत्र में दिल्ली निवासी शाहिद फैक्टरी बना रहा है। फैक्टरी निर्माण का ठेका गांव सीकरी कलां निवासी ठेकेदार नदीम के पास। निर्माण कार्य में हापुड़ देहात स्थित शिवनगर के श्रमिक काम कर रहे हैं। बताया गया कि बृहस्पतिवार को फैक्टरी का लिंटर डला था। रात आठ बजे श्रमिक विशाल उर्फ बौना और ललित लिंटर की सेंटरिंग चेक करने गए। इसी दौरान लिंटर भरभराकर गिर गया। श्रमिक लिंटर के मलबे में दब गए। चीखपुकार सुनकर पहुंचे अन्य श्रमिकों ने मलबे में दबे साथियों को निकालने का प्रयास किया। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद मलबे हटाया गया। मलबे में दबे श्रमिक विशाल की मौके पर ही मौत हो गई।




जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ
(निर्वाचन शाखा)
दूरभाष : 06553-261555(O) Email Id : dc-ramgarh@gov.in

-:: मतदाताओं से अपील ::-

किसी भी चुनाव मे मतदान करने के लिए मतदाता का नाम संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची मे निबंधित होना अनिवार्य है। विगत चुनावों में कहीं–कहीं से ऐसे मामले प्रकाश में आते है कि कोई मतदाता अपना फोटो मतदाता पहचान पत्र (EPIC) लेकर मतदान करने जाते हैं, परन्तु मतदाता सूची में संबंधित मतदाता का नाम निबंधित नहीं होने के कारण वह मतदान करने से वंचित रह जाता है। आगामी लोकसभा आम चुनाव, 2024 में ऐसी एक भी घटना न हो, इसके लिए मतदाताओं को जागरूक करने हेतु सोशल मीडिया के माध्यम से #IamVerifiedVoter अभियान का संचालन दिनांक–04.03.2024 को किया जाएगा। उक्त के आलोक में रामगढ़ जिलान्तर्गत सभी मतदाताओं से अपील करना है कि :–

1. #IamVerifiedVoter अभियान का प्रारम्भ संबंधित सभी मतदान केन्द्रों पर दिनांक–04.03.2024 को प्रातः 10.00 बजे से किया जाएगा जिसमें आपकी भागीदारी अपेक्षित है।
2. उक्त अभियान के तहत संबंधित क्षेत्र के प्रत्येक मतदाताओं से अपील है कि वे अपना नाम अपने संबंधित मतदान केन्द्रों में जाकर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची से अथवा ऑनलाईन Voter Helpline App या Voters Service Portal (https://voters.eci.gov.in/) के माध्यम से जांच कर संतुष्ट हो लें कि उनका नाम संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में दर्ज है। यदि नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है अथवा कोई अन्य त्रुटि है, तो नाम पंजीकरण करने एवं सुधार आदि हेतु अपने संबंधित मतदान केन्द्रों के बी०एल०ओ० को आवेदन समर्पित कर सकते हैं अथवा ऑनलाईन Voter Helpline App या Voters Service Portal (https://voters.eci.gov.in/) के माध्यम से नाम पंजीकरण एवं सुधार आदि कर सकते हैं।
3. रामगढ़ जिलान्तर्गत प्रत्येक मतदाताओं से अपील है कि Voter Helpline App डाउनलोड करें। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची की प्रति संबंधित मतदान केन्द्र के बी०एल०ओ० तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध रहती है, जहाँ पर जाकर आपका नाम संबंधित मतदान केन्द्र के मतदाता सूची में निबंधित है कि नहीं, जांच कर सकते हैं।
4. सभी मतदाताओं से अपील है कि मतदाता सूची अथवा ऑनलाईन नाम जाँच करने के उपरान्त संतुष्ट होने पर मतदाता सूची/Voter Information Slip की प्रति के साथ सेल्फी/फोटो लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म यथा Facebook/Twitter/Instagram आदि पर हैशटैग #IamVerifiedVoter का उपयोग करते हुए पोस्ट करें।
5. दिनांक–04.03.2024 को सभी मतदान केन्द्रों पर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची की प्रति एवं प्रपत्र–6, 7 एवं 8 के साथ आपके सहयोग हेतु बी०एल०ओ० उपस्थित रहेंगे, ताकि वे उक्त अभियान के बारे में बता सकें एवं आवश्यकता पड़ने पर मतदाता सूची में पंजीकरण आदि हेतु आम नागरिकों से भरा हुआ प्रपत्र प्राप्त कर सकें। साथ ही सभी नागरिकों को Voter Helpline App के बारे में जानकारी देते हुए उक्त ऐप को डाउनलोड करने हेतु उन्हें प्रेरित करते हुए अपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, रामगढ

PR 321189 Election(23-24).D


# प्राचीन गौरव हासिल करने हाईकोर्ट पहुंचे पृथ्वीराज चौहान के वंशज

### ओबीसी सूची में शामिल करने पर जताई आपत्ति



**प्रयागराज , एजेंसी।** भारतीय क्षत्रिय महासभा और सांभरी क्षत्रिय राजपूत एकता फाउंडेशन ने उत्तर प्रदेश में पिछड़ी जाति की सूची में नोनिया बिरादरी के साथ लोनिया चौहान जाति दर्ज किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने लोनिया चौहान बिरादरी को ओबीसी की सूची से बाहर करने और उन्हें क्षत्रिय घोषित करने की मांग को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उनका दावा है कि लोनिया चौहान मेवाड़ के राजा पृथ्वीराज चौहान के वंशज हैं, जबकि राजनीतिक लाभ के लिए उन्हें ओबीसी की सूची में नोनिया बिरादरी के संग शामिल कर दिया गया है।

गौरतलब है कि छह सितंबर 1995 और 31 अगस्त 2002 को उत्तर प्रदेश सरकार ने अधिसूचना जारी कर लोनिया चौहान बिरादरी को नोनिया जाति की शाखा मानते हुए उसके साथ ओबीसी की सूची में दर्ज कर दिया था। इसके बाद से लोनिया चौहान को ओबीसी आरक्षण का लाभ मिलने लगा था। हालांकि, लोनिया चौहान जाति का एक वर्ग इससे खफा है।

**नोनिया और लोनिया के बीच नहीं है रोटी-बेटी का रिश्ता:** इलाहाबाद हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल करने वाले मऊ जिले के भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मीकांत चौहान का दावा है कि लोनिया और नोनिया दो अलग-अलग जातियां हैं। नोनिया कई राज्यों में अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के रूप में जाने जाते हैं,जबकि लोनिया चौहान क्षत्रिय राजपूत है। यह जाति मेवाड़ के राजा पृथ्वीराज चौहान के वंशज हैं। इनका सामाजिक और सांस्कृतिक अस्तित्व नोनिया बिरादरी से बिल्कुल भिन्न है। इनके बीच रोटी और बेटी का रिश्ता नहीं होता। देश की आजादी के पहले भी इस बिरादरी के अस्तित्व और स्वाभिमान पर संकट के बादल छाए रहे हैं। इसे लेकर अस्तित्व की लड़ाई जारी रही। हालांकि, तत्कालीन ब्रिटिश हुकूमत के दौरान कानपुर कलेक्टर ने तत्कालीन राजपूत धर्म प्रचारिणी महासभा की मांग पर 16 अप्रैल 1926 को आदेश पारित कर इन्हें लोनिया के बजाय राजपूत लिखने पर रजामंदी दे दी थी। इसी क्रम में 31 अक्तूबर 1947 में संयुक्त प्रांत के उप सचिव सी.डब्ल्यू. लॉंग मैन ने सभी जिला कलेक्टरों को पत्र लिख कर राजस्व अभिलेखों में नोनिया और लोनिया समाज को सिंह (राजपूत) के रूप में मान्यता दिया जाने का निर्देश जारी किया था। हालांकि, आजादी के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 1995 में इन्हें ओबीसी की सूची में दर्ज कर दिया।

# बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार करें उद्यमी-राज्यपाल



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को चेंबर भवन में शहर के कारोबारियों एवं उद्यमियों को संबोधित किया। कहा कि झारखंड में व्यापार एवं उद्यमिता के विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। जरूरत है दृढ़ इच्छा शक्ति की। यदि सरकार एवं उद्यमी इसको बढ़ाने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति रखते हैं तो निश्चित ही व्यापार एवं उद्योग विकसित होंगे। इनके विकसित होने से झारखंड भी विकसित होगा। विकास कि अवधारणा को फलीभूत करने के लिए विधि-व्यवस्था का होना जरूरी है। विधि-व्यवस्था ठीक होने से बाहरी निवेशक यहां निवेश करने के लिए इच्छुक होंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में पर्यटन की भी अपार संभावनाएं हैं। पर्यटन, उद्योग एवं व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सड़क मार्ग, रेल मार्ग एवं वायु मार्ग को भी विकसित करना पड़ेगा।

### हवाई अड्डा से विकास को मिलेगी गति

राज्यपाल ने कहा कि जमशेदपुर में हवाईअड्डा के होने से इस क्षेत्र में छोटे एवं मंझोले उद्योंगों के विकास में सहुलियत होगी। लोग निवेश के लिए आकर्षित होंगे। हालांकि उन्होंने एमएसएमई के विकास के लिए उद्यमी को नित्य हो रहे बदलाव पर ध्यान आकृष्ट करना पड़ेगा। उन्हें अनुभवी लोगों का साथ लेना पड़ेगा एवं अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ उद्यमियों के साथ संयुक्त रूप से उद्यम भी स्थापित करना पड़ेगा। उन्हें बाजार की मांग के अनुसार अपने उत्पादों में विविधता लानी होगी। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि जब वे कायर बोर्ड के अध्यक्ष थे तब उत्पादों में विविधता लाकर एवं ऑस्ट्रेलिया के एक उद्यमी के सहयोग से मार्केटिंग कर कायर बोर्ड की आमदनी को कुछ ही सालों में दुगना किया था। आज कुछ स्टार्टअप उद्यमी काफी तेजी से प्रगति कर रहे हैं। हमारे पारंपरिक उद्योगों को भी समय के हिसाब से अपनी कार्य संस्कृति एवं उत्पाद में बदलाव लाना होगा। आज पूरी दुनिया का वैश्वीकरण हो चुका है और वैश्वीकरण के इस युग में स्पर्धा करने के लिए एक समान दृष्टिकोण रखने वाले लोगों द्वारा साझा प्रयास करने की भी जरूरत है।

उन्होंने कहा कि उद्योग की दिशा में सरकार की नीतियों का भी गहनता पूर्वक अध्यन करने की जरूरत है। इससे उद्यमी सरकार की प्राथमिकताओं एवं उनके द्वारा दिए जा रहे लाभों के बारे में जान सकेंगे। राज्यपाल महोदय ने कहा कि हौसला बुलंद हो तो सफलता अवश्य मिलेगी।

## राज्यपाल पहुंचे टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन प्रांगण में झारखंड के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन का शनिवार को आगमन हुआ। यहां स्मृति चिन्ह एवं शॉल देकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान टाटा मोटर्स के वी पी विशाल बादशाह, प्लांट हेड रविंद्र कुलकर्णी, मोहन घंट, सौमिक रॉय, यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आरके सिंह, यूनियन के पदाधिकारी, कमेटी मेंबर, एक्टिव मेंबर, आरके सिंह फैंस क्लब के लोगों समेत उपायुक्त अनन्य मित्तल, वरीय आरक्षी अधीक्षक किशोर कौशल समेत कंपनी के वरीय पदाधिकारियों समेत अन्य मौजूद थे। यहां राज्यपाल के हाथों 100 बार रक्तदान कर कीर्तिमान स्थापित करने वालें रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम राज्यपाल टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी नसरवान जी टाटा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिये। उन्होंने अपने संबोधन में टाटा समूह के कार्य संस्कृति की सराहना की। उन्होंने कहा कि टाटा समूह द्वारा कंपनी के हित के साथ-साथ मजदूरों के हितों का भी ख्याल रखा जाता है। उन्होंने रक्तदाताओं को रक्त के साथ-साथ नेत्रदान एवं अंगदान के लिए भी प्रेरित किया। मंच का संचालन ईआरसी के जीएम जीवराज सिंह संधू ने किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।



## राज्यपाल का काले ने किया स्वागत



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने शनिवार को झारखण्ड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से उनके जमशेदपुर नगर आगमन पर शिष्टाचार मुलाक़ात की। यह मुलाक़ात परिसदन में हुई। श्री काले ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर अभिवादन किया और रांची जाकर मिलने की इच्छा जताई जिस पर उन्होंने सहमति दी। श्री काले ने कहा कि वे 'नमन शहीदों के सपनों' के एक शिष्टमण्डल के साथ राज्यपाल से रांची जाकर मुलाकात करेंगे और राष्ट्रभक्ति तथा शहीदों के स्मरण में पिछले 9 वर्षों से इस संस्था द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों, खास कर शहीद दिवस 23 मार्च को देश भर में अनोखी शहर में निकाली जाने वाली भव्य अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान यात्रा से अवगत कराते हुए महामहिम को निमंत्रण देंगे।

## दीक्षांत समारोहः 1014 को डिग्री तथा 28 छात्राओं को मिला गोल्ड मेडल




**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** महिला विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह का आयोजन शनिवार को सिदगोड़ा स्थित कैंपस में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन थे। इस दौरान उन्होंने 1014 छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की। जिसमें 28 को गोल्ड मेडल दिया गया। जिन छात्राओं को डिग्री और गोल्ड मेडल मिला उनमें विश्वविद्यालय के विज्ञान, सामान्य विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय की पोस्ट ग्रेजुएट छात्राएं शामिल हैं। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि महिला विश्वविद्यालय खुलने से छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की, इस दीक्षांत समारोह में उपायुक्त अनन्य मित्तल, एसएसपी किशोर कौशल, एसडीओ पीयूष सिंहा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अंजुमन इस्लामिया ने सौंपा नगरपालिका चकधरपुर को आठ सूत्री मांग पत्र



**पूसू प्रतिनिधि, चक्रधरपुर।** अंजुमन इस्लामिया ने सौंपा नगरपालिका चकधरपूर को आठ सूत्री मांग पत्र। मुस्लिम वार्डों को भी जोड़े विकास के कार्य से अंजुमन इस्लामिया चकधरपूर के सचिव बैरम खान ने चक्रधरपुर नगरपालिका के कार्यपालक पदाधिकारी से मुलाकात करके चक्रधरपुर शहरी क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले मुस्लिम बहुल क्षेत्रों के वार्ड को भी विकास के कार्य से जोड़ने के लिए एक आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मुलाकात में उप सचिव सद्दाम हुसैन,व कोषाध्यक्ष तौकीर साहब उपस्थित रहे। बैरम खान ने बताया की नगर पालिका के टेंडर सीकेपी/एनपी/09/2023-24 में बहुत से मुस्लिम बहुल क्षेत्रों के वार्ड इस में शामिल नही हो पाए हैं। जबकि वार्डो को ज़रूरत है। कार्यपालक पदाधिकारी ने आश्वास्त किया है कि दिये गये सुचि पर प्रथामिकता के आधार पर विकास कार्य कराया जाएगा। नगरपालिका चकधरपूर को दिये गया सुचि में निम्नलिखित मांग रखा गया है। बबलू पान दुकान से मदीना मस्जिद से होते हुए सलीम मुर्गी वाले के घर तक 12 फीट चौड़ा सड़क निर्माण कराना। वार्ड (19), मदीना मस्जिद के पीछे सड़क, नाली, नलकूप, लाइट व्यवस्था, इत्यादि कराना वार्ड (19), मास्टर हाशमी के घर से लेकर मोटा आड़ी के पार से होकर अब्दुल रहमान उर्फ़ सोपन के घर तक सड़क निर्माण कराना मिल्लत कालोनी वार्ड नंबर (17), गफ्फार के घर से लेकर इमामबाड़ा मेंन रोड तक सड़क निर्माण दंदासाई वार्ड नंबर (18), सेराज खान के घर से लेकर लोको मस्जिद मेंन रोड तक सड़क निर्माण व पुलिया निर्माण कराना। वार्ड नंबर 09 चांदमारी, हाजी शाबीर खान के घर से लेकर इमामबाड़ा के बगल से होते हुए रानी तालाब तक नाली निर्माण वार्ड नंबर 6, उर्दू टाउन मिडिल स्कूल प्रांगण के अंदर में नलकूप का निर्माण, पापड़ हाता में असलम चावल के घर के पास नलकूप का निर्माण। सचिव बैरम ने बताया जैसे जैसे हमारे टीम के संज्ञान में विकास के कार्य से संबंधित मामला आएगा। तुरंत सभी संबंधित विभाग/ कार्यालय को सुचि बनाकर भेजेंगे ताकि ज़ृयादा से ज्यादा विकास का काम हो। आम जनता से कहा गया है अंजुमन के पदाधिकारियों को जंहा जरूरत है वहा से अवगत जरूर कराएं।

## समीर ने राज्य कर्मी तथा सेवानिवृत कर्मियों की स्वास्थ्य बीमा का मामला विस में उठाया

**पूसू प्रतिनिधि, बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती शुक्रवार को विधान सभा में राज्य कर्मी एवं सेवानिवृत कर्मियों की राज्य स्वास्थ्य बीमा का मामला अल्पकालीन प्रश्नकाल में उठाया। विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा घोषणा की गई थी कि कर्मियों को सालाना 500 रूपये के एवज में 5 लाख रूपये तक की स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जाएगा। कर्मियों ने ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन भी दिया। लेकिन आज तक उनकी बीमा नहीं हो पायी। विधायक ने सरकार से अविलंब इस महत्वाकांक्षी योजना को लागू करने की मांग की। जिसपर विभागीय मंत्री बन्ना गुप्ता ने आश्वासन दिया कि एक महीने में सारी प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाएंगी तथा कर्मियों को इस योजना से जोड़कर इसका लाभ दिया जाएगा। विधायक समीर मोहंती ने शून्य काल के दौरान मनरेगा योजना के तहत पौधा रोपण मिशन में काजू की बागवानी को शामिल करने का भी आग्रह किया।



# देश का अरबों रुपया गबन करने वालों का साथ दे रही भाजपा- सोनाराम देवगम



**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा ।** जेएमएम का मतलब देश को समझाने से पहले मोदी जी को भाजपा का मतलब भी समझाना चाहिए कि भाजपा का मतलब भ्रष्टाचारी जोड़ो पार्टी है। मोदी जी के नेतृत्व में पूरे देश में एक अभियान चलाकर देश के तमाम भ्रष्टाचारी और घोटालेबाजों को ईडी सीबीआई का डर दिखाकर भाजपा से जोड़ने का काम किया जा रहा है और उन्हें भाजपा के वाशिंग मशीन में डालकर पूरी तरह से स्वच्छ और साफ सुथरा कर देने का गारंटी दिया जा रहा है मोदी जी देश को जिस गारंटी की बात कह रहे हैं असल में यही है मोदी की गारंटी। अभी अभी चार हजार करोड़ का घोटाला करने वाले कोड़ा दंपति को भी भाजपा में शामिल कराया गया है उसे भी गारंटी दिया गया है कि भाजपा के वाशिंग मशीन में डाल कर उन्हें पूरी तरह से स्वच्छ और साफ सुथरा कर बहुत जल्द क्लीन चिट दे दिया जाएगा। देश बेच कर लूट खाने वाला, बैंकों में जमा देश का हजारों करोड़ रुपया जो जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा है उसे लूट कर अपने कारपोरेट मित्रों का खजाना भरने वाला, बैंक से हजारों करोड़ रुपया लोन लेकर विदेश भागने वाले नीरव मोदी, ललित मोदी, विजय माल्या, मेहुल चोकसी जैसे मित्रों को देश से भगाने वाला चौकीदार, चुनावी चंदा के रुप में हजारों करोड़ काला धन इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा के खाते में ट्रांसफर कराकर उसी काला धन के दम पर देश की सत्ता में काबिज होने एवं देश में अपना राजनीतिक साम्राज्य विस्तार करने वाला आज झामुमो पर झारखण्ड लूटने का आरोप लगा रहा है। उल्टा चोर कोतवाल को डांटे। चोर के मुंह से चोर-चोर का हल्ला शोभा नहीं देता है उन्हें दूसरे पर उंगली उठाने से पहले अपने गिरेबान में झांक लेना चाहिए। मोदी जी को बताना चाहिए कि रिजर्व बैंक का पैसा, जन-धन योजना का पैसा और पीएम केयर फंड का पैसा कहां जा रहा है साथ ही मोदी जी को यह भी बताना चाहिए कि कोड़ा दंपति को भाजपा में शामिल करा कर भाजपा के वाशिंग मशीन में डालने के एवज में भाजपा को मधु कोड़ा लूट के साढ़े चार हजार करोड़ में से कितना हिस्सा अथवा चंदा प्राप्त हुआ है देश की जनता भाजपा और मोदी जी को अच्छी तरह से जान चुकी है इस बार देश की जनता मोदी जी के झांसे और धोखे में नहीं आने वाली है। झारखंड में भाजपा का सूपड़ा साफ होना तय है। झारखंड के लोकप्रिय आदिवासी जननायक हेमन्त सोरेन को ईडी के द्वारा झूठे मामले में फंसाकर जेल भेजना भाजपा और केन्द्र सरकार का रणनीतिक भूल साबित होगा। हेमन्त को जेल भेजने का दांव भाजपा और केन्द्र सरकार पूरी तरह से उल्टा पड़ गया है। जेल जाने से हेमन्त सोरेन की लोकप्रियता और बढ़ गई है।

# बीडीओ ने सभी बीएलओ के साथ बैठक कर दिया दिशा निर्देश



**पूसू प्रतिनिधि, जगन्नाथपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देखते हुए जगन्नाथपुर बीडीओ चंदन प्रसाद ने प्रखंड के 88 बीलओ के साथ बैठक कर चुनाव संबंधी कई दिशा निर्देश दिया। बीडीओ चंदन प्रसाद ने बीएलओ से कहा कि लोक सभा के चुनाव की तैयारी अंतिम चरण में है, ऐसे में बीएलओ को जिम्मेदारी सबसे अधिक है। चुनाव में बीएलओ को किस प्रकार काम करना है, इसी को लेकर आज की बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित की गई है। प्रशिक्षण में मतदान के पूर्व मतदाओं को घर घर जाकर पर्ची का वितरण कैसे करना है, जो वोटर क्षेत्र में नहीं है, उनकी अनुपस्थिति सूची कैसे बनानी है। बीडीओ ने कहा कि दिव्यांग 40 प्रतिशत से अधिक वोटर एवं 85 साल के उपर के वोटर को चिन्हित करना है, ताकि मतदान के दिन उनको प्राथमिकता के आधार पर कैसे सभी सुविधा देकर मतदान केन्द्र तक लाया जाय, इस बात को गंभीरता से लेना है। कहा कि आगामी 4 मार्च तक प्रखंड सभी बुथ पर विशेष अभियान (आई एम वेरीफाई वोटर) का संचालन कर मतदाता सूची को मतदाता के नाम के साथ मिलान करके उन्हें भरोसा दिलाना है कि उनका नाम मतदाता सूची में है और वह मतदान करने का अधिकार रखते है। बैठक के दौरान कई अन्य बातों की जानकारी बीडीओ ने बीएलओ को दिया। जगन्नाथपुर प्रखंड में विशेष मतदाता पुनर्रीक्षण कार्य में बेहतर कार्य करने वाले को बीएलओ को जगन्नाथपुर अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुवा के हाथो प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।साथ ही एसडीओ श्री मछुवा ने बीडीओ चंदन प्रसाद को भी सम्मानित किया। बैठक में बीएलओ के आलावे सुपरवाईजर, पर्यवेक्षिका समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा ने विद्युत पर फिर जताया भरोसा



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव के मध्य नजर शनिवार को देश भर में 195 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। उम्मीदवारों की यह पहली सूची जारी की गई है। झारखंड में कुल 11 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का खुलासा कर दिया गया है। जिसमें जमशेदपुर से विद्युत वरण महतो पर भाजपा ने एक बार फिर भरोसा जताते हुए उम्मीदवार घोषित किया है। श्री महतो तीसरी बार इस सीट पर भाजपा के उम्मीदवार होंगे। झारखंड में लोस की कुल चौदह सीटें है। कयास लगाई जा रही है कि तीन अन्य सीटों पर आजसू के साथ सीट शेयरिंग पर समझौता फाइनल होने के बाद निर्णय होगा। उम्मीद जताई जा रही है कि आजसू को दो सीटें दी जा सकती है। उधर अर्जुन मुंडा को भी एक बार फिर खूंटी से उम्मीदवार बनाया गया गया। जबकि सिंहभूम सीट पर कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आई गीता कोड़ा को टिकट दिया गया है।

### रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे विद्युत महतो : अनिल मोदी



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** भाजपा के जिला महामंत्री अनिल मोदी ने जमशेदपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र से पुनः विद्युत वरण महतो को प्रत्याशी बनाये जाने पर बधाई दी है।उन्होंने कहा कि श्री महतो की उम्मीदवारी से भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश है।उन्होंने कहा कि सांसद विद्युत वरण महतो ने अपने कार्यकाल में जनता के बीच अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी है।अपनीं निर्विवाद छवि का लाभ विद्युत महतो को मिलेगा और वे रिकॉर्ड मतों से विजयी होंगे।उन्होंने कहा कि जमशेदपुर जीत के मामले में नया इतिहास रचेगा।

### डुमरिया थाना प्रभारी को माझी पारगाना महाल के सदस्यों ने किया स्वागत

**पूसू प्रतिनिधि, डुमरिया।** डुमरिया थाना में पदस्थापित नए थाना प्रभारी सुगना मुंडा का शुक्रवार को माझी पारगाना माहाल के सदस्यों ने स्वागत किया। साथ ही क्षेत्र के बारे में अपनी अपनी विचार रखते हुए विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया। एवं आपसी संबंध बनाए रखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं अमन चयन बहाल करने की सहमति बनी। मौके पर परगना बाबा लखन मार्डी, माझी बाबा लक्ष्मण हांसदा, जयपाल सिंह मुर्मू, दिकू बेसरा, उपेन सोरेन, अर्जुन मुर्मू, दिलीप हांसदा, शंकर सोरेन, जोसेन मुर्मू, गालू मुर्मू समेत माहाल के सभी सदस्य मौजूद थे।

### गुड़ाबांदा में अनुमंडल पदाधिकारी ने बालू लदा दो ट्रैक्टर किया जब्त

**पूसू प्रतिनिधि, गुड़ाबांदा।** थाना क्षेत्र में शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला सच्चिदानंद महतो ने बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। स्वर्णरेखा नदी रेडुआ घाट से अवैध रूप से बालू परिवहन किया जा रहा था। बालियापोषी के पास अनुमंडल पदाधिकारी ने इन वाहनों को जब्त किया। आपको बता दें कि स्वर्णरेखा नदी से ट्रैक्टर के माध्यम से बालू का अवैध कारोबार किया जा रहा है। इन घाटों की नीलामी नही होने के कारण सरकार को करोड़ों के राजस्व का नुकसान हो रहा है। वहीं बालू की कमी से आवास और अन्य विकास योजनाएं प्रभावित हो रही है। अवैध बालू कारोबारी ऊंची कीमत पर बालू बेच रहे हैं।

### गुड़ाबांदा में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकाली कलश यात्रा

**पूसू प्रतिनिधि, गुड़ाबांदा।** गुड़ाबांदा के सिंहपुरा में शनिवार को बाबा शक्तिश्वर शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा स्वर्णरेखा नदी भाखर घाट से सिंहपुरा के लिए 3 किमी दुरी तय की गई। कलशयात्रा में मुख्य रूप से जनप्रतिनिधि पंचायत समिति सदस्य पुष्पा महतो, पूर्व मुखिया बिणापानी माण्डी, पूर्व पसंस पुर्णिमा महतो, वार्ड सदस्य पद्मावती कर्मकार, रूकुण महतो, जयंती महतो, डोली महतो, ग्राम प्रधान फनींद्र महतो, भुषण चंद्र महतो, अजीत महतो, झारेश्वर महतो, धरणीधर महतो, हरीश चंद्र महतो, सौरभ महतो, रवीन्द्र नाथ महतो, प्रफुल्ल महतो, चित्तरंजन महतो, आशीष घोष समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा के दौरान अशोक महतो, सजीत महतो आदि समेत कई ग्रामीण महिला एवं पुरुष शामिल थे।

### संस्थापक दिवस पर यूनियन का रक्तदान शिविर आज

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** विनती है आईए रक्तदान कर पुनीत कार्य का हिस्सा बनिए। यह अपील किया है टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के महामंत्री आरके सिंह ने। उनके साथ अध्यक्ष गुरमीत सिंह न सिर्फ़ सिख समाज से लेकर शहर के तमाम सामाजिक संगठनों से इस पुनीत कार्य में भाग लेने की अपील की है। सूत्रों ने बताया कि इस बार भीड़ को देखते हुए रक्तदान कार्यक्रम सुबह 6 बजे ही शुरू हो जाएगा। इस शिविर में भारी संख्या में कर्मचारियों के भाग लेने का अनुमान है। चूंकि टाटा साहब के जन्म दिन पर यह शिविर आयोजित है फलस्वरूप इस बार दो हजार यूनिट रक्त की संख्या पार करने का अनुमान है। यूनियन की ओर से विशेष तैयारियां की गई है। बताते चलें कि रात के डेढ़ बजे यूनियन के पदाधिकारियों को रक्तदान के तैयारियों में जुटे हुए लेबर ब्यूरो में देखा गया।

### सिंहभूम चैम्बर ने टाटा सन्स के चैयरमैन एन चंद्रशेखरन का किया स्वागत



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का प्रतिनिधिमंडल ने चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका के नेतृत्व में सोनारी विमानतल पर टाटा सन्स के चैयरमैन श्री एन चंद्रशेखरन का शहर प्रवास के दौरान उनका स्वागत सह अभिनन्दन किया। टाटा स्टील के ग्लोबल सीईओ टी वी नरेंद्रन ने चैम्बर पदाधिकारियों का टाटा सन्स के चेयरमैन से परिचय करवाया और चैम्बर के कार्यो की पूरी प्रशंसा की। एन चंद्रशेखरन ने जमशेदपुर के विकास और टाटा स्टील की भागीदारी की चर्चा चैम्बर अध्यक्ष से की।

मौके पर सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनन्द मूनका, उपाध्यक्ष ट्रेड एंड कॉमर्स अनिल मोदी, उपाध्यक्ष इंडस्ट्री पुनीत काउंटिया, उपाध्यक्ष जनसंपर्क एवं कल्याण अभिषेक अग्रवाल गोल्डी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पेटीएम मर्चेंट भुगतान में सबसे आगे, 76 प्रतिशत व्यापारियों ने किया इसका इस्तेमाल

**भोपाल।** डाटम के एक हाल में किये गये सर्वे में पता चला है कि 76 प्रतिशत से ज्यादा व्यापारी अपने लेन-देन के लिये पेटीएम का इस्तेमाल पसंद करते हैं। पेटीएम भारत की अग्रणी भुगतान एवं वित्तीय सेवा कंपनी है। इस कंपनी ने क्यूआर, साउंडबॉक्स और मोबाइल पेमेंट्स की पहल की है। व्यापारियों को होने वाले भुगतानों के लिये वह लगातार पहली पसंद बनी हुई। आरबीआई के हालिया फैसले ने भुगतान लेने के लिये व्यापारियों के तरीकों को तरह-तरह से प्रभावित किया है। सर्वे किये गये 59 प्रतिशत व्यापारियों ने किसी तात्कालिक असर की बात नहीं की है और पेटीएम का इस्तेमाल जारी रखना पसंद किया है। सर्वे में यह खुलासा भी किया गया है कि डिजिटल भुगतानों के मामले में पेटीएम सबसे आगे है। 58 प्रतिशत व्यापारियों ने पेटीएम को, 23 प्रतिशत ने गूगल पे को और 3प्रतिशत ने भारत पे को पसंद किया।

### एमपी के बदरवास जैकेट क्लस्टर की महिला कारीगरों को विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्त बना रहा ईडीआईआई

**भोपाल ।** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) बड़े पैमाने पर मोदी जैकेट बनाने के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के बदरवास जैकेट क्लस्टर की महिलाओं को विशेष कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। संस्थान ने क्षेत्र की महिलाओं को उनके कौशल को बढ़ाने और क्लस्टर में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक साधन और ज्ञान से लैस करने के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी), गांधीनगर के साथ साझेदारी की है। बदरवास जैकेट क्लस्टर, जैकेट तैयार करने और संबंधित गतिविधियों में लगे लोगों के एक मजबूत सेंटर के रूप में उभरा है। पारंपरिक औद्योगिक केंद्रों के विपरीत यह जैकेट क्लस्टर महिला कार्यबल के धैर्य और समर्पण से स्वाभाविक रूप से विकसित हुआ है। क्लस्टर की क्षमताओं को और बढ़ाने और जैकेट की बढ़ती मांग को पूरा करने की अनिवार्य आवश्यकता को पहचानते हुए भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने राष्ट्रीय ग्रामीण आर्थिक परिवर्तन परियोजना के तहत एक प्रोड्यूसर कंपनी को बढ़ावा दिया है, जिसका स्वामित्व और प्रबंधन बदरवास की महिला कारीगरों के हाथों में है। इस प्रकार उन्हें खुद की एक कंपनी का शेयरधारक बनने का अवसर हासिल हो रहा है। ईडीआईआई मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से इस क्लस्टर डवलपमेंट प्रोजेक्ट को कार्यान्वित कर रहा है।

### दिव्यांगजनों के अधिकारों के लिए जारी हुआ अपनी तरह का पहला घोषणापत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में अपनी तरह की पहली पहल में, दिव्यांगजनों के लिए रोजगार को बढ़ावा दे रही संस्था नेशनल सेंटर फॉर प्रोमोशन ऑफ इम्प्लायमेंट फॉर डिसेबल पीपुल (एनसीपीईडीपी) के नेतृत्व में तथा नेशनल डिसेबिलिटी नेटवर्क (एनडीएन) के सहयोग से दिव्यांगता अधिकार समूहों द्वारा गुरुवार को एक विशेष दिव्यांगता घोषणापत्र जारी किया गया। इसे दिव्यांग जनों के लिए और उनके द्वारा घोषणापत्र नाम दिया गया है। इसमें राजनीतिक दलों से आगामी लोकसभा चुनावों में दिव्यांग जनों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने और उनकी चुनौतियों का समाधान पेश करने का आग्रह किया गया है।

# चौतरफा तेजी: चौथी बार केंद्र सरकार ने की सर्वाधिक कमाई; वाहन बिक्री मामले में कंपनियों ने काटी चांदी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार के नीतिगत सुधारों और विभिन्न उपायों का असर देश की अर्थव्यवस्था में सभी मोर्चों पर तेजी के रूप में पूरी तरह दिखन लगा है।तीसरी तिमाही में जीडीपी में उम्मीद से तेज बढ़ोतरी के बाद अब सरकार को फरवरी, 2024 में जीएसटी के जरिये चौथी बार सबसे ज्यादा 1.68 लाख करोड़ रुपये की कमाई हुई है।इसकी प्रमुख वजह घरेलू बिक्री और आयात का बढ़ना है। इसके साथ ही, चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में सकल जीएसटी संग्रह 18.40 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के कर संग्रह से 11.7 फीसदी अधिक है।

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को आंकड़े जारी कर कहा, चालू वित्त वर्ष में औसत मासिक सकल जीएसटी संग्रह 1.67 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष के 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। केंद्र सरकार ने एकीकृत जीएसटी संग्रह से केंद्रीय जीएसटी के लिए 41,856 करोड़ रुपये व राज्य जीएसटी के लिए 35,794 करोड़ का निपटान किया। इस तरह, फरवरी के नियमित निपटान के बाद सीजीएसटी संग्रह 73,641 करोड़ रुपये व एसजीएसटी 75,569 करोड़ रुपये रहा। केपीएमजी इंडिया के पार्टनर अभिषेक जैन ने कहा, अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी वृद्धि और जीएसटी राजस्व के आंकड़े भारतीय जीडीपी की मजबूती एवं घरेलू खपत में तेजी को दर्शाते हैं।



### सभी राज्यों में तेजी से बढ़ रहा उपभोग

डेलॉय इंडिया के पार्टनर एमएस मणि ने कहा, तीसरी तिमाही के लिए मजबूत जीडीपी आंकड़ों के बाद अच्छा जीएसटी संग्रह सभी क्षेत्रों में व्यापक खपत को दर्शाता है। उन्होंने कहा, लगभग सभी प्रमुख राज्यों में जीएसटी संग्रह में आठ से 21 फीसदी तक की प्रभावशाली वृद्धि हुई है। इससे पता चलता है कि सभी राज्यों में उपभोग बढ़ रहा है।

### वाहन बिक्री : उद्योग के लिएतीसरा सबसे अच्छा महीना

स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) की मजबूत मांग के दम पर वाहनों की थोक बिक्री के लिहाज से फरवरी, 2024 उद्योग के लिए अब तक का तीसरा सबसे अच्छा महीना साबित हुआ। इससे पहले जनवरी, 2024 में सबसे ज्यादा 3,94,500 और अक्तूबर, 2023 में 3,91,811 यात्री वाहन बिके थे। पिछले माह मारुति सुजुकी, ह्युंडई और टाटा मोटर्स ने बिक्री में तेजी दर्ज की।

मारुति सुजुकी इंडिया ने फरवरी, 2024 में थोक बाजार में 1,97,471 वाहन बेचे। यह आंकड़ा एक साल पहले की समान अवधि के 1,72,321 इकाइयों से 15 फीसदी अधिक है। घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री भी 9 फीसदी बढ़कर 1,60,271 इकाई पहुंच गई।

कारखानों में उत्पादन और बिक्री में तेज बढ़ोतरी के बीच देश के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर फरवरी, 2024 में पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इसमें घरेलू और बाहरी मांगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शुक्रवार को जारी मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) फरवरी में बढ़कर 56.9 पहुंच गया। जनवरी, 2024 में यह 56.5 रहा था। पिछले महीने का यह आंकड़ा इस बात की तस्दीक कर रहा है कि देश का विनिर्माण परिदृश्य बेहतर हुआ है। साथ ही, यह सितंबर, 2023 के बाद विनिर्माण क्षेत्र की सबसे अच्छी स्थिति है।

खरीद लागत महंगाई 43 महीने के निचले स्तर पर आ गई। इससे बिक्री शुल्क कुछ हद तक बढ़ गया। कच्चे माल की लागत में साढ़े तीन साल में सबसे धीमी वृद्धि देखी गई। मजबूत घरेलू मांग के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोप, इंडोनेशिया, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात से मांग बढ़ने के कारण नए निर्यात ऑर्डर में भी 21 महीनों का सबसे मजबूत विस्तार देखने को मिला है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 फरवरी को समाप्त हफ्ते में 2.98 अरब डॉलर बढ़कर 619.07 अरब डॉलर पहुंच गया है। 16 फरवरी वाले सप्ताह में यह 1.13 अरब डॉलर घटकर 616.1 अरब डॉलर रहा था। आरबीआई के मुताबिक, विदेशी मुद्रा संपत्तियां 2.41 अरब डॉलर बढ़कर 548.19 अरब डॉलर रही है। सोने का भंडार 47.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 47.85 अरब डॉलर रहा है।

# सोने-चांदी के दाम में उछाल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोने की कीमत 350 रुपये उछलकर 63,320 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। पिछले कारोबार में कीमती धातु 62,970 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी भी 400 रुपये बढ़कर 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि पिछले बंद में यह 74,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटी के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, विदेशी बाजार में तेजी का संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 350 रुपये बढ़कर 63,320 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, कॉमेक्स पर सोना हाजिर 2,045 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद से 11 अमेरिकी डॉलर अधिक है। गांधी ने कहा, व्यक्तिगत उपभोग व्यय (पीसीई) मूल्य सूचकांक डेटा जारी होने के बाद, जिसने अमेरिका में मुद्रास्फीति में कमी के संकेत दिए और इस साल के अंत में फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति दर में कटौती की उम्मीदें बढ़ा दीं। उन्होंने कहा कि डेटा जारी होने के बाद पीली धातु की कीमतें चार सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं।

## एफआईयू ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर लगाया 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना, वित्त मंत्रालय ने बताया यह कारण

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट-इंडिया ने मनी लॉन्ड्रिंग के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। वित्त मंत्रालय की ओर से यह जानकारी दी गई है। मंत्रालय के अनुसार अवैध गतिविधियों में लिप्त इकाइयों की ओर से पेटीएम पेमेंट्स बैंक में रखे गए बैंक का इस्तेमाल किया गया।

एफआईयू-आईएनडी ने कुछ संस्थाओं और उनके व्यवसायों के नेटवर्क के संबंध में कानून प्रवर्तन एजेंसियों से जानकारी मिलने पर पेटीएम पेमेंट्स बैंक की समीक्षा शुरू की थी। ये संस्थान ऑनलाइन जुआ खेलने की सुविधा देने जैसे अवैध कार्यों को अंजाम दे रहे थे। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इन अवैध परिचालनों से प्राप्त धन, यानी अपराध की आय का लेनदेन पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के खातों के माध्यम से किया गया।

वित्त मंत्रालय ने कहा, फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट-इंडिया (एफआईयू-आईएनडी) ने पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) के तहत नियमों के उल्लंघन के कारण पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड पर 5.49 करोड़ रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। एफआईयू ने 15 फरवरी को




जुर्माना लगाने का आदेश पारित किया था। एफआईयू ने यह कार्रवाई आरबीआई के 31 जनवरी के उस निर्देश के बाद की है, जिसमें पेटीएम पेमेंट बैंक को अपने ग्राहकों के खातों में 29 फरवरी से ताजा जमा स्वीकार करने से रोक दिया गया था। बाद में यह तिथि बढ़ाकर 15 मार्च कर दी गई।

### पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बयान

वहीं, पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रवक्ता का कहना है कि यह जुर्माना एक बिजनेस सेगमेंट के मामले से संबंधित है जिसे दो साल पहले बंद कर दिया गया था। उसके बाद, हमने वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) के लिए अपनी निगरानी प्रणाली और रिपोर्टिंग तंत्र को मजबूत किया है।

## त्योहार पर घर जाने के लिए नहीं मिली बस, जली दिमाग की बत्ती, फिर 5 लाख से बना डाली 7,000 करोड़ की कंपनी!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फणींद्र सामा देश के जाने-माने उद्यमी हैं। वह रेडबस के संस्थापक हैं। रेडबस भारत की सबसे बड़ी ऑनलाइन बस टिकटिंग कंपनी है। इस कंपनी की नींव उन्होंने अपने दो दोस्तों के साथ रखी थी। तीनों ने मिलाकर इसमें सिर्फ 5 लाख रुपये की पूंजी डाली थी। बाद में यही 7,000 करोड़ रुपये की कंपनी में तब्दील हो गई। कंपनी को शुरू करने का आइडिया भी फणींद्र को तब आया जब त्योहार पर घर जाने के लिए वह बस में टिकट नहीं बुक करा पाए थे। बाद में इस कंपनी को इबिबो ग्रुप ने खरीद लिया था। आइए, यहां फणींद्र के सफर के बारे में जानते हैं।

### स्टार्टअप इकोसिस्टम में जाना-माना नाम

फणींद्र भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम में जाना-माना नाम हैं। हालांकि, बहुत से लोग इस बात से अनजान हैं कि उन्होंने तेलंगाना के चीफ इनोवेशन ऑफिसर के रूप में भी काम किया है। वह बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के छात्र रहे हैं। कॉलेज के समय उनकी सुधाकर पसुपुनुरी और चरण पद्मराजू से मुलाकात हुई। फिर तीनों घनिष्ठ दोस्त बन गए। कई संस्थानों में काम का अनुभव पाने के बाद तीनों दोस्तों ने सिर्फ 5 लाख रुपये के शुरुआती निवेश के साथ रेडबस को शुरू करने का फैसला किया। यह बस टिकटिंग प्लेटफॉर्म है। इसका वर्तमान मूल्य करीब 7,000 करोड़ रुपये है।



2013 में रेडबस को दक्षिण अफ्रीका के नैस्पर्स और चीन के टेनसेंट के ज्वाइंट वेंचर इबिबो ग्रुप ने 828 करोड़ रुपये के सौदे में खरीद लिया था। फणींद्र के नेतृत्व में रेडबस ने भारत में बस टिकटिंग सिस्टम में क्रांति ला दी। इससे यह अधिक सुविधाजनक और पारदर्शी हो गई। रेडबस शुरू करने से पहले फणींद्र टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स में इंटीग्रेटेड सर्किट के डिजाइनर के रूप में काम करते थे। प्रमुख निवेशकों के समर्थन से रेडबस जल्दी ही उद्योग में मार्केट लीडर बन गई।

### परोपकार की गतिविधियों में भी आगे

बेशक, 2013 में रेडबस का अधिग्रहण हो गया। लेकिन, अधिग्रहण के बाद भी वह काफी समय तक रेडबस के साथ जुड़े रहे। सफल उद्यमी होने के साथ फणींद्र सामाजिक पहल और परोपकार गतिविधियों में भी सक्रिय हैं। तेलंगाना के चीफ इनोवेशन ऑफिसर के रूप में उनकी विशेषज्ञता ने शासन में इनोवेशन और टेक्नोलॉजी कार्यान्वयन को बढ़ाने में योगदान दिया है।

## सुवेन ने भारत में इंटीग्रेटेड फार्मा सीडीएमओ लीडरशिप कायम करते हुए कोहांस लाइफसाइंसेज के विलय की घोषणा की

**मुंबई, एजेंसी।** सुवेन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ('सुवेन') और कोहांस लाइफसाइंसेज लिमिटेड ('कोहांस') ने आज कोहांस के सुवेन के साथ विलय के लिए एक प्रस्तावित योजना की घोषणा की। यह सुवेन की कारोबारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है, जो स्केलिंग के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, लगातार आमदनी सुनिश्चित करता है, कंपनी की वित्तीय स्थिति को मजबूत करता है, और इंटीग्रेटेड अनुबंध विकास और विनिर्माण संगठन (सीडीएमओ) क्षेत्र में लीडरशिप कायम करने की दिशा में आगे बढ़ता है। कोहांस एक अग्रणी सीडीएमओ और मर्चेंट एपीआई प्लेटफॉर्म है, जिसके पास चुनिंदा निम्न-मध्यम मात्रा वाले मॉलिक्यूल्स में ग्लोबल लीडरशिप के साथ-साथ इसके एंटीबॉडी ड्रग कंजुगेट्स (एडीसी) प्लेटफॉर्म के रूप में अद्वितीय क्षमताएं हैं। उनका सीडीएमओ सेगमेंट वित्त वर्ष 2020-23 में 30 प्रतिशत से अधिक के बेहतर सीएजीआर से बढ़ा है ।

## नीति अग्रवाल और पाथ इंडिया लिमिटेड टेनिस बॉल क्रिकेट में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए निवेश करेंगे और इसे आगे बढ़ाएंगे

**भोपाल ।** इंदौर की उद्योगपति नीति अग्रवाल ने पाथ (प्रकाश एस्फाल्टिंग्स एंड टोल हाईवेज) इंडिया लिमिटेड के निदेशक निपुण अग्रवाल के साथ मिलकर इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग में अपनी टीम माझी मुंबई के लिए महान अभिनेता अमिताभ बच्चन के साथ मिलकर महत्वपूर्ण प्रगति की है। भारत के पहले टेनिस बॉल टी10 क्रिकेट टूर्नामेंट आईएसपीएल के उद्घाटन सत्र में 1165 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के साथ सभी उद्योगों की मशहूर हस्तियों और बिजनेस दिग्गजों ने महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई है। इच्छुक क्रिकेटरों को राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करने वाली लीग ने भारत में क्रिकेट के परिदृश्य में क्रांति लाने की जबरदस्त क्षमता का प्रदर्शन किया है। आईएसपीएल के लिए 18 लाख से अधिक क्रिकेटरों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 350 को शॉर्टलिस्ट किया गया था।

## आईआईएफएल फाईनेंस के लेडीज फर्स्ट गोल्ड लोन मेला में गोल्ड लोन लेने वाली महिलाओं को पुरस्कार दिए जाएंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग फाईनेंस कंपनियों में से एक, आईआईएफएल फाईनेंस ने केवल महिला ग्राहकों के लिए एक अद्वितीय 'लेडीज फर्स्ट' गोल्ड लोन मेला अभियान पेश किया है। अपनी तरह के इस अनोखे अभियान में 5 मार्च से 12 मार्च, 2024 के बीच भारत में किसी भी आईआईएफएल फाईनेंस शाखा से गोल्ड लोन लेने वाली महिला ग्राहकों को जीरो प्रोसेसिंग शुल्क के साथ निश्चित उपहार भी दिया जा रहा है। इसके अलावा आईआईएफएल फाईनेंस विजेताओं को बंपर पुरस्कार भी प्रदान करेगा, जिसमें सोने के सिक्के शामिल हैं।




आईआईएफएल फाईनेंस में हेड, गोल्ड लोन बिजनेस, श्री सौरभ कुमार ने कहा, ''महिला उद्यमियों को सक्षम बनाने के लिए आईआईएफएल फाईनेंस में हमने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारत का पहला गोल्ड लोन मेला लॉन्च किया है, जो महिला ग्राहकों के लिए समर्पित है। हम भारत में महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हैं कि वो अपनी नजदीकी आईआईएफएल फाईनेंस शाखा में आएं, और कम ब्याज दर एवं निश्चित उपहार के साथ गोल्ड लोन प्राप्त करें।'' आईआईएफएल फाईनेंस लोन एस्सेट के मामले में भारत की दूसरी सबसे बड़ी गोल्ड लोन कंपनी है। आईआईएफएल फाईनेंस से लोन लेने वाले 85 लाख ग्राहकों में 25 प्रतिशत से ज्यादा ग्राहक महिलाएं हैं, और उनकी संख्या बढ़ती जा रही है क्योंकि बढ़ती अर्थव्यवस्था में और ज्यादा महिलाएं उद्यमिता का मार्ग अपना रही हैं। गोल्ड भारत में हर महिला का अभिन्न हिस्सा होता है, और यह गोल्ड लोन फाईनेंस की मदद से उद्यमिता का सपना पूरा करने में काफी कारगर साबित हुआ है।

यह अभियान 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के आस-पास की अवधि में चलाया जा रहा है। आईआईएफएल फाईनेंस की भारत में 4,600 शाखाएं हैं। यह कंपनी के ब्रांड एवं व्यवसायिक सिद्धांत, 'सीधी बात' के साथ पारदर्शी व्यवहार के लिए मशहूर है।

आईआईएफएल फाईनेंस पूरे साल गोल्ड लोन मेला लगाता है, और अपने मौजूदा एवं नए ग्राहकों तक पहुँचकर उन्हें आकर्षक ब्याज दरों पर गोल्ड लोन प्रदान करता है। साथ ही, यह आभारस्वरूप उन्हें पुरस्कार भी देता है। आईआईएफएल फाईनेंस भारत के सबसे बड़े रिटेल केंद्रित एनबीएफसी संस्थानों में से एक है। इसके पास 77,000 करोड़ रु. से ज्यादा के लोन एस्सेट अंडर मैनेजमेंट हैं। आईआईएफएल फाईनेंस भारत में बैंकिंग से वंचित और बैंकिंग की कमी वाले ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करता है। 31 दिसंबर, 2023 के अंत तक आईआईएफएल फाईनेंस के पास 24,692 करोड़ रु. की गोल्ड लोन बुक थी, जिससे 35 प्रतिशत की मजबूत साल-दर-साल वृद्धि प्रदर्शित होती है।

## लैंक्सेस इंडियाने झागड़ियासाइट पर रेनोडीव प्रोडक्शन प्लांट का विस्तार पूरा किया

**रेनोडीव के लिए झागड़िया प्लांट में बीयू रीन केमी की नई प्रोडक्शन लाइन की शुरुआत**

**मुंबई, एजेंसी।** स्पेशियलटी केमिकल्स कंपनी लैंक्सेस ने 1 फरवरी 2024 को झागड़िया में रेनोडीव0 की प्रोडक्शनलाइनके संचालन और विस्तार का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस नए संयंत्र के साथ कंपनी की रीन केमी बिजनेस यूनिट की उत्पादन क्षमता उल्लेखनीय ढंग से बढ़ गई है।यह भारतीय उपमहाद्वीप और एशियाई टायर और रबर मार्केट की बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम होगा।

नई प्रोडक्शन यूनिट में आधुनिक उपकरणों और तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। इससे लैंक्सस उच्च गुणवत्ता के टेक्नोलॉजी टायर रिलीज एजेंट्स का उत्पादन ज्यादा दक्षतापूर्वक कर पाएगा। लैंक्सेस का इसी तरह का एक दूसरा प्लांट अर्जेंटीना में भी है।

हाई-परफॉर्मेंस टायर्स और मोल्डेड इलास्टोमर प्रॉडक्ट्स का उत्पादन पूरी तरह से प्रभावी रिलीज एजेंट्स के इस्तेमाल पर निर्भर करता है। टायरों औरमोल्डेड इलास्टोमर प्रॉडक्ट्स के उत्पादन के लिए निर्माण की प्रक्रिया में सावधानी और स्क्रैप की कम दरें काफी महत्वपूर्ण है। रेनोडीव रिलीज एजेंट्स पूरी तरह से पानी पर आधारित, घुलनशील विशेषताओं और वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों (वीओसी) से मुक्त है। इस तरह, यह पर्यावरण के अनुकूल है। लैंक्सेस रीन केमी बिजनेस यूनिट प्रोसेस चेन के हर चरण में सोल्यूशंस के साथ मार्केट की समझ, उत्पादन के ज्ञान के साथ



उपभोक्ताओं की हर तरह से मदद के लिए संपूर्ण सेवाएं मुहैया कराती हैं। लैंक्सेस एजी के सीईओ और बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के चेयरमैन मैथियास जैशर्ट ने कंपनी में हो रही नई विकास गतिविधियों पर कहा,भारत हमारे लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यह रणनीतिक उपलब्धि क्षेत्र के हमारे मूल्यवान उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता की झलक देती है। इस नए प्लांट से न केवल कंपनी की उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि इससे भारतीय मार्केट की असीम क्षमता में हमारा भरोसा भीदिखेगा।'' रीन केमी बिजनेस यूनिट के ग्लोबल हेड डॉ. जेंस हेंड्रिक फिशर ने कहा,झागड़िया साइट पर हमारी रेनोडीव0प्रोडक्शनलाइन का विस्तार लैंक्सेस इंडिया की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। रबर इंडस्ट्री के विश्वसनीय भागीदार के रूप में यह हमारी स्थिति को मजबूत करता है और नवाचार और स्थिरता के लिए हमारी प्रतिबद्धता का समर्थन करता है।

# तमन्ना के हाथ लगी ओडेला 2



## काशी में शुरु हुई क्राइम-थ्रिलर फिल्म की शूटिंग

दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत अभिनेत्रियों में शुमार तमन्ना भाटिया अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। इन दिनों वह अपनी एक नई फिल्म को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं। तमन्ना भाटिया की आगामी फिल्म ओडेला 2 को लेकर एक नई अपडेट सामने आ रही है। तमन्ना की इस नई फिल्म की शूटिंग आज से शुरू हो चुकी है। फिल्म के सेट से कई तस्वीरें सामने आई हैं। क्राइम-थ्रिलर ओडेला रेलवे स्टेशन का सीक्वल है, जो 2022 में रिलीज हुई थी। ओडेला 2 कई भाषाओं में रिलीज होगी।

### काशी में फिल्माया गाया फिल्म का अहम सीन

तमन्ना भाटिया अपनी आगामी फिल्म ओडेला 2 की शूटिंग शुरू होने से बेहद खुश हैं। तमन्ना के साथ इस फिल्म में हेबा पटेल और वशिष्ठ एन. सिम्हा भी नजर आएंगे। ओडेला 2 का निर्देशन अशोक तेजा कर रहे हैं। डी मधु मधु क्रिएशन्स और संपत नंदी टीमवर्क्स के बैनर तले फिल्म का निर्माण किया जा रहा है। ये फिल्म अपनी दिलचस्प कहानी और दमदार अभिनय से दर्शकों को लुभाने का वादा करती है।

आज एक मार्च से फिल्म की शूटिंग प्राचीन शहर काशी में शुरू हुई है। टीम ने पवित्र नदी गंगा के घाटों पर फिल्म से जुड़ा एक महत्वपूर्ण सीन फिल्माया है। ओडेला 2 के सेट से कई तस्वीरें सामने आई हैं। इन तस्वीरों में फिल्म की टीम गंगा किनारे नजर आ रही है। तमन्ना इन तस्वीरों में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने हल्के गुलाबी रंग का सूट पहना हुआ है। माथे पर पूजा का तिलक लगाया हुआ है। फैंस को इस फिल्म में तमन्ना की भूमिका का बेसब्री से इंतजार है। अभिनेत्री के फैंस ये जानने के लिए उत्सुक है कि वह फिल्म में किस भूमिका में दिखाई देंगी।

# स्वतंत्रता सेनानी उषा मेहता की याद दिलाती है सारा की ऐ वतन मेरे वतन

सारा अली खान अभिनीत फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का टीजर कुछ अलग तरीके से लॉन्च किया गया। प्राइम वीडियो के साथ करण जौहर ने इस फिल्म की कहानी बताते हुए इसे सामने लाया। फिल्म में एक्ट्रेस 22 साल की उषा का किरदार निभाती नजर आएंगी। जिन्होंने क्विट इंडिया मूवमेंट में एक अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन चलाकर देश के प्रति अपनी सच्ची निष्ठा दिखाई थी। टीजर एक मिनट 32 सेकंड का है।



करण जौहर एक पुराने संग्रहालय में खड़े नजर आ रहे हैं जहां एक बोर्ड भी दिखाई दे रहा है जिस पर ऐ वतन मेरे वतन लिखा हुआ है। टीजर में एक पुराने रेडियो रिसीवर को भी देखा जा सकता है। वीडियो में निर्देशक-निर्माता को यह कहते हुए दिखाया गया है, 1942 में अंग्रेज क्विट इंडिया मूवमेंट को बेरहमी से कुचल रहे थे। लेकिन फिर आई उषा, 22 साल की उम्र में उषा ने हमारी जंग में एक नई जान भरी,अंग्रेजों को चकमा देते हुए अपनी जान पर खेलकर एक अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन चलाया। ऐ वतन मेरे वतन में मिलिए उषा से जिनके रेडियो ने अंग्रेजों को हिलाकर रख दिया था। उषा की कहानी मुझे हमारे कई युवा, गुमनाम नायकों की याद दिलाती है। उषा मेहता की बहादुरी की प्रेरक कहानी के बारे में बताते हुए करण ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की कहानी राजी में आलिया भट्ट द्वारा अभिनीत भूमिका के बारे में भी बात की। इसके साथ ही करण ने शेरशाह में सिद्धार्थ मल्होत्रा द्वारा अभिनीत कैप्टन विक्रम बत्रा (पीवीसी) का भी जिक्र किया, जिन्होंने दुश्मन के दिलों में डर पैदा किया और कारगिल युद्ध के दौरान देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। कन्नन अय्यर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सारा के अलावा सचिन खेडेकर, स्पर्श श्रीवास्तव, अभय वर्मा, एलेक्स ओ नील और आनंद तिवारी मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही इसमें इमरान हाशमी भी नजर आएंगे। करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा द्वारा निर्मित धर्मांटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन, ऐ वतन मेरे वतन का प्रीमियर 21 मार्च को प्राइम वीडियो पर होगा।

## वॉचो एक्सक्लूसिव स्टेट वर्सेस आहूजा का हिस्सा बनने पर



# अशिमत पटेल ने अपने किरदार से काफी जुड़ाव महसूस किया

अभिनेता अशिमत पटेल ने अपने करियर के एक छोटे से ब्रेक के बाद वॉचो एक्सक्लूसिव सीरीज़ स्टेट वर्सेस आहूजा के साथ स्क्रीन पर वापसी की, जिसमें उन्होंने नायक अंश आहूजा का किरदार निभाया है, जो एक बॉलीवुड अभिनेता है, जिस पर उसकी नौकरानी दीपा के बलात्कार का आरोप लगाया है। दीपा सावंत का यह किरदार अनुरेखा भगत द्वारा अभिनीत है। अभिनेता ने हाल ही में उन्हें किस चीज ने सीरीज़ का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया और उनका बाकि कलाकारों के साथ काम करने का अनुभव कैसा था, इस बारे में चर्चा की। अशिमत को जिस चीज़ ने इस सीरीज़ में भूमिका स्वीकार करने के लिए प्रेरित किया, उसके बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मैंने मेरे इस किरदार से कई चीज़ें सीखी हैं, क्योंकि यह एक ऐसे अभिनेता की भूमिका है, जिस पर कुछ चीज़ों का झूठा आरोप लगाया गया है, जो तुरंत मुझे मेरे कहानी के साथ जोड़ता है। मैंने मेरे किरदार के साथ जुड़ाव महसूस किया और मुझे लगा कि मैं यह किरदार निभाने के लिए एक सही कलाकार हूँ।

मेरे किरदार की कई परतें थीं और यह कहानी भी अद्भुत थी। इसलिए, मैंने सोचा कि इसे स्वीकार करना मेरे लिए एक दिलचस्प चुनौती होगी। उन्होंने आगे कहा, इसके अलावा, जब मैं सीरीज़ के निर्माता सुरेश थॉमस से मिला, जिन्हें मैं कई वर्षों से जानता हूँ, तो मुझे काफी अच्छा लगा। सुरेश थॉमस मेरे पिताजी के पुराने व्यावसायिक सहयोगी हैं और उनके बीच वर्षों से व्यावसायिक संबंध रहे हैं। मैं उन्हें बचपन से जानता हूँ। जब वे इस प्रोजेक्ट के लिए मेरे पास पहुँचे, तो मुझे काफी आश्चर्य हुआ यह देखते हुए कि वे केवल संगीत व्यवसाय में थे और इस प्रोजेक्ट का निर्माण उनके पहले उपक्रमों में से एक था। पारिवारिक संबंध होने के कारण मुझे यह प्रोजेक्ट स्वीकार करना ही था। इसके अलावा, निर्देशक तरुण चोपड़ा ने मुझे पूरी स्क्रिप्ट सुनाई और मुझे वह बहुत पसंद आई। इसलिए, मेरे लिए यह प्रोजेक्ट एक जीत हासिल करने की तरह था और मेरे पास न कहने का कोई कारण ही नहीं था। स्टेट वर्सेस आहूजा की टीम के साथ काम करने के अनुभव के बारे में बात करते हुए, अशिमत ने शेयर किया, सीन के बीच यदि कोई अत्यधिक भावनात्मक या गंभीर सीन नहीं रहता था, जिसके लिए गंभीर माहौल की आवश्यकता थी, तो वहाँ मौज-मस्ती वाला माहौल रहता था। निर्देशक तरूण चोपड़ा एक युवा और खुशमिजाज व्यक्ति हैं, जिनके साथ मेरी काफी अच्छी दोस्ती रही और मेरे सह-कलाकारों की वजह से भी सेट पर काफी पॉजिटिव माहौल रहता था। हालाँकि, वहाँ कोई बड़ी शरारतें नहीं थी, फिर भी एक पॉजिटिव माहौल था। उन्होंने आगे कहा, ईमानदारी से कहूँ, तो हम पूरे शो को सही समय सीमा के भीतर शूट करने में कामयाब रहे।

कुछ छोटे-मोटे रीशूट के अलावा, सब कुछ सही तरह से आगे बढ़ा। हमने बैकअप की तैयारी भी रखी थी, लेकिन निर्धारित समय सीमा के भीतर हमारा काम पूरा हुआ। शुरुआत से ही सेट का माहौल इतना पॉजिटिव था कि मैं उस माहौल को आज भी भूल नहीं पाता। मैं और मेरी ऑनस्क्रीन पत्नी के साथ मैंने अपना पहला सीन शूट किया, जिसके बाद की शूटिंग बहुत अच्छे से और आसानी से खत्म हुई। एक हेवी सीन की शुरुआत से हमारे आत्मविश्वास को बढ़ने में मदद भी मिली। मैंने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा रहे सभी लोगों के साथ अच्छा समय बिताया। स्टेट वर्सेस आहूजा एक बॉलीवुड सुपरस्टार अंश आहूजा (अशिमत पटेल) के जीवन पर आधारित सीरीज़ है, जिसकी दुनिया में एक घटना से बवंडर आ जाता है, जब उस पर नौकरानी के बलात्कार का आरोप लगाया जाता है। जैसे-जैसे कहानी सामने आती है, दर्शक रहस्य, जाँच और अदालती ड्रामा की एक मनोरम कहानी में डूब जाते हैं, जहाँ कई अप्रत्याशित खुलासे उन्हें चौका देते हैं।



# दो पत्ती से फिल्म निर्माण में कदम रख रही हैं एक्ट्रेस कृति

अपकमिंग फिल्म दो पत्ती में अपने किरदार को लेकर एक्ट्रेस कृति सेनन ने खुलकर बात की। साथ ही कहा कि यह बतौर निर्माता उनकी पहली फिल्म है। कृति दो पत्ती से फिल्म निर्माण के क्षेत्र में कदम रख रही हैं, जिसमें काजोल भी हैं। अभिनेत्री ने अपना होम बैनर ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स शुरू करने के पीछे का कारण बताया। उन्होंने कहा कि इससे अधिक अवसर पैदा होंगे। कृति ने कहा, फिल्म मिमी के बाद मैं कुछ अलग करने की कोशिश कर रही थी। एक कलाकार के रूप में मैं संतुष्ट हूं लेकिन उन चीजों को करने के लिए खुद को प्रेरित कर रही हूं, जो मैंने पहले कभी नहीं किया। उन्होंने आगे कहा, मैं काफी समय से ऐसे मौके की तलाश में थी। एक एक्ट्रेस और निर्माता दोनों के रूप में दो पत्ती मेरे लिए वही अवसर है। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित, दो पत्ती उत्तर भारत की पहाड़ियों पर आधारित एक मिस्ट्री थ्रिलर है। यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

## अवनीत कौर ने आमिर खान की

# दंगल और सीक्रेट सुपरस्टार के लिए दिया था ऑडिशन हो गई थीं रिजेक्ट

एक्ट्रेस अवनीत कौर हाल ही लापता लेडीज की स्क्रीनिंग में अपने फेवरेट आमिर खान से मिलीं। अवनीत ने बताया कि उन्होंने दंगल, सीक्रेट सुपरस्टार के लिए ऑडिशन दिया, वर्कशॉप ली। अवनीत इन दोनों ही फिल्मों के लिए रिजेक्ट हो गई थीं, पर आमिर को ऑडिशन पसंद आया था। अवनीत कौर आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। वह टीवी इंडडस्ट्री का जाना-पहचाना चेहरा हैं, और अब तो बॉलीवुड में भी कदम रख चुकी हैं। अवनीत कौर ने मर्दानी 2 और टीकू वेड्स शेरू जैसी फिल्में कीं। हाल ही अवनीत एक्टर आमिर खान से मिलीं और उन्हें वह वक्त याद आ गया जब दंगल और सीक्रेट सुपरस्टार ऑफर हुई थीं। अवनीत कौर ने बताया कि आमिर की इन दोनों ही फिल्मों से वह रिजेक्ट कर दी गई थीं। हाल ही अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साथ मुलाकात की एक तस्वीर शेयर की। साथ में लिखा, पिछली रात लापता लेडीज के प्रीमियर पर मिस्टर परफेक्शनिस्ट और अपने सबसे फेवरेट एक्टर आमिर खान सर से मिली। तस्वीर में जो आप देख रहे हैं, यह वो पल है, जब मैं उनसे पहली बार मिली थी।



### दंगल और सीक्रेट सुपरस्टार का दिया था ऑडिशन

अवनीत ने आगे लिखा है, मैंने उनकी दो फिल्मों दंगल और सीक्रेट सुपरस्टार के लिए न सिर्फ ऑडिशन दिए थे, बल्कि वर्कशॉप भी की थीं। लेकिन बदकिस्मती से मैं फिल्मों का हिस्सा नहीं बन सकी। पर आमिर सर ने यह जरूर बताया था कि उन्हें मेरे ऑडिशन पसंद आए। मेरे लिए वह बात बहुत मायने रखती है।

# मैं शैतान का हिस्सा होने पर बहुत गर्व महसूस कर रही हूँ: ज्योतिका

अजय देवगन, ज्योतिका, और आर माधवन की 'शैतान' के हाल ही में रिलीज हुए ट्रेलर ने बड़े उत्साह का सृजन किया है। अजय देवगन फिर से संरक्षक पिता के रूप में लौटते हैं, जबकि आर माधवन का एक डरावना पात्र दर्शकों की हड्डियों में कंपाता है। रोचक बात यह है कि 'शैतान' 25 साल बाद ज्योतिका का हिंदी फिल्मों में वापसी का संकेत देती है। इसके अलावा, यह उन्हें दो दशकों के बाद आर माधवन के साथ पुनः मिलाता है, जबकि अजय देवगन के साथ उनकी पहली सहयोगी फिल्म है।



इससे उनके प्रशंसक इस प्राकृतिक रोमांचक थ्रिलर के रिलीज का उत्साह से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हिंदी फिल्मों में इतने सालों बाद वापसी के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने कहा, यह मेरी 25 साल के बाद बॉलीवुड में पुनरावृत्ति है, और मैं सोचती हूँ कि आज किसी फिल्म में क्या मैं वास्तव में खोज रही हूँ, बहुत सारे भूमिकाओं और भिन्न प्रकार की सिनेमा के बाद दक्षिण में किया। मैं एक फिल्म में अपने लिए दो-तीन अच्छे सीन देख रही हूँ, और मुझे लगता है कि मैं इसका हिस्सा बन सकती हूँ।

'शैतान' को भूमिका के रूप में, सामग्री के रूप में और फिल्म के रूप में, मैं अत्यधिक गर्व महसूस कर रही हूँ, तो निश्चित रूप से इसी बात ने मुझे इसे चुनने के लिए प्रेरित किया है। फिल्म दर्शकों को कबीर और उनके परिवार के साथ एक यात्रा पर ले जाती है जब उनकी मजेदार वीकेंड छुट्टी एक रात को नाइटमैरिश टर्न लेती है जब वे अपने घर में एक मित्रशील लेकिन रहस्यमय पर्सन को आने देते हैं। घड़ी की टिक-टाक के साथ, परिवार को इस गहन कथा में उनके सबसे बुरे डरों का सामना करना पड़ेगा जो भारतीय काले जादू के अपशगुनी तत्वों के साथ निपटती है।

## एक्ट्रेस सीरत कपूर ने कहा

# मेरे पिता मेरा ऑडिशन लेते थे

शो रब से है दुआ में मन्नत का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस सीरत कपूर ने बताया कि उनके पिता ही उनके सबसे बड़े आलोचक हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता उनकी हर भूमिका से पहले उनका ऑडिशन लेते थे, ताकि वह उस भूमिका के लिए ठीक से अभ्यास कर सकें।



सीरत को अपने परिवार से सबसे बड़ा सपोर्ट सिस्टम मिलता है, जिसमें उनके पिता उनके जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सीरत ने पांच साल की उम्र में बाल कलाकार के रूप में मॉडलिंग में कदम रखा था। उनके पिता ने उनका मार्गदर्शन करने साथ उन्हें प्रेरणा दी। सीरत ने कहा, मेरे पिता मेरे मार्गदर्शक रहे हैं।

जिस उम्र में ज्यादातर लोग एक दिनचर्या में बस जाते हैं, उस उम्र में अपने जुनून का पालन करने के उनके फैसले ने मुझे निडर होकर अपने सपनों को पूरा करने का महत्व सिखाया है। उन्होंने न केवल मेरा शुरुआती समर्थन किया बल्कि मेरे जीवन के हर पहलू में मेरी प्रेरणा बने। उन्होंने कहा, मेरे पिता मेरा ऑडिशन लेते थे ताकि मैं ठीक से प्रैक्टिस कर सकूं। शुरू में, मैं अपनी लाइनें पढ़ने और उनके सामने अभिनय करने में थोड़ा हिचकिचाती थी, लेकिन बाद में यह सहज हो गया। वह मेरे दोस्त, मेरे सबसे बड़े आलोचक और मेरी प्रेरणा हैं। मैं अपना 100 प्रतिशत देने जा रही हूं और मैं अपनी भूमिका के साथ पूरा न्याय करूंगी। शो में सुभान की भूमिका में धीरज धूपर और इबादत की भूमिका में येशा रूघानी हैं। रब से है दुआ जी टीवी पर प्रसारित होता है।

# ये काली काली आंखें के दूसरे सीजन को लेकर उत्साहित हैं ताहिर राज भसीन

ये काली काली आंखें के दूसरे सीजन की घोषणा के बाद एक्टर ताहिर राज भसीन बेहद खुश हैं। एक्टर ने कहा कि यह थ्रिलर सीरीज उनके लिए इसलिए खास है क्योंकि उन्हें पर्दे पर एक ऐसे नायक का किरदार निभाने का मौका मिला है, जिसमें ग्रे शेड्स भी हैं। सीरीज के बारे में बात करते हुए ताहिर ने कहा, मेरे करियर के पिछले कुछ साल बेहद अच्छे रहे हैं। मेरे काम को चौतरफा प्यार मिलने से लेकर बैक टू बैक हिट तक और शानदार भूमिकाएं निभाने तक मेरी यह यात्रा सफल और उत्साहजनक रही है। उन्होंने आगे कहा, सीरीज ये काली काली आंखें मेरी लिस्ट में सबसे ऊपर है, क्योंकि मुझे स्क्रीन पर एक ऐसे नायक की भूमिका निभाने का मौका मिलता है जो जरूरत पड़ने पर ग्रे शेड्स के साथ भरोसेमंद भी दिखता है। ये काली काली आंखें एक ऐसा प्रोजेक्ट है जिसने शायद मुझे मर्दानी के साथ-साथ सबसे अधिक प्रशंसा दिलाई है। नेटफ्लिक्स पर ये काली काली आंखें के दूसरे सीजन की खबर को लेकर एक्टर बेहद खुश हैं। उन्हें ऐसी उम्मीद है कि इसके जरिए उन्हें और अधिक प्यार और अधिक प्रशंसा मिलेगी। एक्टर ने कहा, नायक की भूमिका निभाना हर अभिनेता का सपना होता है और मैं इसे ये काली काली आंखें के साथ फिर से जीने जा रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि यह थ्रिलर आपको पसंद आएगी।



# देवोलीना पीएम से की गुहार



लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी ने अपने दोस्त और डांसर अमरनाथ घोष के शव को अमेरिका से वापस लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मदद मांगी है। अमरनाथ घोष की अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी गई। साथ निभाना साथिया और दिल दियां गल्लां की अभिनेत्री ने शुक्रवार को एक्स पर कोलकाता के अपने दोस्त के बारे में एक लंबा नोट लिखा।

दोस्त की मंगलवार शाम को अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मेरे दोस्त अमरनाथ घोष की मंगलवार शाम को अमेरिका के सेंट लुइस अकादमी के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई है। वह परिवार में अकेला था। उसकी मां की तीन साल पहले मौत हो गई थी, पिता का बचपन में ही निधन हो गया था। खैर, आरोपियों का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। उसके कुछ दोस्तों के अलावा उसके परिवार में कोई नहीं है। वह कोलकाता से था। अपने दोस्त के बारे में आगे देवोलीना ने लिखा- वह बेहतरीन डांसर था, पीएचडी कर रहा था। शाम की सैर करने निकला था कि अचानक एक अज्ञात शख्स ने उसे गोली मार दी।

उन्होंने अपनी अपील के साथ नोट को समाप्त किया।अमेरिका में कुछ दोस्त शव लाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अभी तक इसके बारे में कोई अपडेट नहीं है। भारतीय दूतावास, कृपया इसे देखें। कम से कम हमें उसकी हत्या का कारण पता होना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

**3 साल बाद इस खिलाड़ी की हुई टीम में वापसी**

### टी20 वर्ल्ड कप से पहले श्रीलंका ने चला बड़ा दांव



**कोलंबों, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 से ठीक तीन महीने पहले श्रीलंकाई टीम ने अपने स्क्वॉड में एक बड़ा बदलाव किया है। स्क्वॉड में उस खिलाड़ी को जगह दी गई है जो पिछले तीन साल से टीम से बाहर चल रहा है। यह खिलाड़ी और कोई नहीं बल्कि विकेट कीपर बल्लेबाज निरोशन डिकवेला है। डिकवेला ने श्रीलंकाई टीम के लिए आखिरी टी20 2021 में खेला था। उन्हें कुसल परेरा की जगह स्क्वॉड में जगह दी गई है जो बीमारी के चलते बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। बताया जा रहा है कि परेरा श्वसन संक्रमण से पीड़ित हैं। डिकवेला बांग्लादेश के खिलाफ सोमवार को होने वाले पहले टी20 मैच से पहले शनिवार को बाकी टीम के साथ जुड़ेंगे। टी20 विश्व कप से पहले श्रीलंका का यह एक दिलचस्प फैसला है और उनका ये फैसला यह बताता है कि डिकवेला टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने के दावेदारों में से एक हैं। 30 साल के इस खिलाड़ी ने श्रीलंका के लिए पिछले साल टेस्ट मैच जरूर खेला था, मगर लिमिटेड ओवर क्रिकेट में 2022 के बाद से नहीं दिखे हैं। डिकवेला ने श्रीलंका के लिए 28 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें उनका औसत 18.46 रहा है, इस दौरान उनके नाम सिर्फ एक अर्धशतक है।

**पीएसएल के बीच पहुंच गए भारत**

### कायरन पोलार्ड ने पाकिस्तान को दिखाया ठेंगा



**नईदिल्ली,एजेंसी।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के धाकड़ ऑलराउंडर कायरन पोलार्ड अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री वेडिंग कार्यक्रम के लिए भारत पहुंच गए हैं। पोलार्ड एक दिन पहले तक पाकिस्तान के कराची में थे। वह पाकिस्तान सुपर लीग 2024 में कराची किंग्स की तरफ से खेल रहे हैं। 29 फरवरी को कराची किंग्स का क्वेटा ग्लेडियेटर्स के साथ मैच था। इस मैच के बाद वह 1 मार्च को देर शाम गुजरात के जामनगर पहुंचे हैं। हालांकि माना यह जा रहा था कि पोलार्ड पाकिस्तान सुपर लीग में व्यस्तता के कारण शायद वह प्री वेडिंग कार्यक्रम में नहीं आ पाएंगे, लेकिन उनकी टीम कराची किंग्स का अगला मैच 3 मार्च को है। ऐसे में उन्होंने भारत का आने का फैसला किया है। बता दें कि कायरन पोलार्ड इंडियन प्रीमियर लीग में लंबे समय तक मुंबई इंडियंस के खेल चुके हैं। पोलार्ड ने कई बार अकेले दम पर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। हालांकि आईपीएल में पिछले कुछ सीजन से उन्हें मौका नहीं मिल रहा था जिसके कारण उन्होंने इस लीग से ही उन्होंने संन्यास लेने का फैसला कर लिया।

**फैंस ने कहा- बढ़िया फैसला लिया है**

### युवराज सिंह ने चुनाव लड़ने की खबरों को बताया अफवाह

**नईदिल्ली,एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के आते-आते कई बड़े नाम राजनीति का रुख कर लेते हैं। इन दिनों कई क्रिकेटर्स और नेताओं के लोकसभा चुनावों के लड़ने की अफवाहें हैं। इस लिस्ट में भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह का नाम भी शामिल हैं। हालांकि इस वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ी ने इसे गलत बताया है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि युवराज सिंह लोकसभा चुनाव में पंजाब के गुरदासपुर से लड़ने वाले हैं। इस सीट से पहले सनी देओल चुनाव लड़े थे और जीते थे। यह भी कहा जा रहा था कि बीजेपी चाहता है कि इस बार युवराज सिंह वहां से चुनाव लड़ें।

**विमेंस प्रीमियर लीग**

# फैन ने आरसीबी की श्रेयंका को दिया शादी का प्रपोजल

**बैंगलुरू, एजेंसी।** विमेंस प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने धमाकेदार शुरुआत की है। स्मृति मंधाना के नेतृत्व वाली टीम ने अपने शुरुआती दोनों मैच जीते हैं। मंगलवार को आरसीबी ने गुजरात जायंट्स को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करके गुजरात जाइंट्स को सात विकेट पर 107 रन पर रोक दिया।

आरसीबी की टीम ने 45 गेंद शेष रहते ये लक्ष्य हासिल कर लिया है और पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच गई है। बैंगलोर की पारी के दौरान एक फैन ने प्लेकार्ड पर श्रेयंका पाटिल को शादी के लिए प्रपोजल दिया था, कैमरे पर प्लेकार्ड दिखते ही आरसीबी के खेमे में खिलाड़ी मुस्कुराते हुए नजर आए। भारतीय ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल जारी सीजन में ज्यादा प्रभावित नहीं कर सकीं हैं। लेकिन वह दोनों मैचों में टीम का हिस्सा रहीं हैं।




बैंगलोर की पारी के 7वें ओवर में टीवी पर कुछ फैंस दिखाई दिए, जिसमें से एक ने प्लेकार्ड ले रखा था, जिस पर लिखा क्या तुम मुझसे शादी करोगी श्रेयंका पाटिल। प्लेकार्ड जैसे ही टीवी पर दिखा डगआउट में बैठे आरसीबी के खिलाड़ी मुस्कुराते हुए नजर आए।

मैच की बात करें तो स्मृति मंधाना ने 27 गेंद में आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाए। वहीं एस मेघना ने 28 गेंद में 36 रन जोड़े जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल था। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी करके टीम को 12.3 ओवरों में ही 108 रन के लक्ष्य तक पहुंचाया।

इससे पहले आरसीबी के गेंदबाजों ने जायंट्स को सात विकेट पर 107 रन पर रोक दिया। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने 14 रन देकर दो और बायें हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू ने 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

## अडानी की टीम लगातार तीसरा मैच हारी यूपी वॉरियर्स ने 6 विकेट से हराया

सोफी एकलेस्टन (20 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद ग्रेस हैरिस की 33 गेंद में 60 रन की नाबाद पारी के बूते यूपी वॉरियर्स ने महिला प्रीमियर लीग 2024 मैच में शुक्रवार, 1 मार्च को गुजरात जायंट्स को छह विकेट से शिकस्त दी। यूपी वॉरियर्स ने गुजरात की टीम को पांच विकेट पर 142 रन पर रोकने के बाद 15.4 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। यूपी वॉरियर्स की यह चार मैचों में दूसरी जीत है। गौतम अडानी की टीम गुजरात की यह तीन मैचों तीसरी हार है। प्लेयर ऑफ द मैच हैरिस ने अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाने के अलावा पांचवें विकेट के लिए दीप्ति शर्मा (14 गेंद में नाबाद 17) के साथ 30 गेंद में 53 रन की अटूट साझेदारी की। उन्होंने डब्ल्यूपीएल में पदार्पण कर रही श्रीलंका की अनुभवी चमारी अटापट्टू (11 गेंद में 17 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 21 गेंद में 36 रन की साझेदारी की। कप्तान एलिसा हीली ने 21 गेंद में सात चौके की मदद से 33 रन बनाकर टीम को ताबड़तोड़ शुरुआत दिलायी। गुजरात जायंट्स के लिए तनुजा कंवर ने 23 रन देकर दो विकेट लिये। इससे पहले फोबे लिचफील्ड (35) और एश्लीघ गार्डनर (30) की आक्रामक पारियों और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 31 गेंद में 52 रन कर तेजतर्रार साझेदारी कर टीम सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। सत्र का पहला मैच खेल रही लॉरा वुलफार्ट (28) और कप्तान बेथ मूनी (16) ने 40 रन की साझेदारी कर गुजरात को अच्छी शुरुआत दिलाई, लेकिन यूपी ने बीच के ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी करते हुए तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया।

### एकलेस्टन ने चार ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट चटकाये

यूपी वॉरियर्स के लिए एकलेस्टन ने चार ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट चटकाये। राजेश्वरी गायकवाड को एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए हीली ने तीसरे ओवर में मेघना सिंह के खिलाफ चार चौके जड़ अपने इरादे जाहिर कर दिये। पांचवें ओवर में तनुजा ने मुंबई इंडियन्स के खिलाफ पिछले मैच में अर्धशतक जड़ने वाली किरण नवगिरे की आठ गेंद में 12 रन की पारी को खत्म किया। अटापट्टू ने इसी ओवर में चौके के साथ खाता खोला।

# आयरलैंड ने रचा इतिहास

**● टेस्ट में पहली जीत के साथ भारत-न्यूजीलैंड जैसी दिग्गज टीमों को छोड़ा पीछे**




**अबुधाबी, एजेंसी।** आयरलैंड क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान को एकमात्र टेस्ट मैच में 6 विकेट से हराकर इतिहास रच दिया। आयरलैंड की टेस्ट क्रिकेट में यह पहली जीत है। आयरलैंड को साल 2017 में आईसीसी ने टेस्ट नेशन दर्जा दिया था। इसके बाद से टीम ने कुल 7 टेस्ट मैच खेले जिसमें उसे सभी में हार मिली, लेकिन 8 वें मैच में टीम ने अफगानिस्तान को हराकर पहली जीत का स्वाद चखा है। इस जीत के साथ ही आयरलैंड ने भारत और न्यूजीलैंड जैसी धाकड़ टीमों को पीछे छोड़ दिया है, जो मौजूदा समय में विश्व क्रिकेट पर राज कर रही है। आयलैंड छठी ऐसी टीम बनी है जो 10 मैच से पहले टेस्ट में जीत हासिल करने में सफल रही है।

### भारत को 25वें टेस्ट में मिली थी जीत

भारतीय क्रिकेट टीम ने अपना पहला टेस्ट मैच 1932 में खेला था, लेकिन टीम इंडिया को लाल गेंद क्रिकेट में पहली जीत का स्वाद 25 वें मैच में मिली थी। इस लिहाज से आयरलैंड की टीम भारत से काफी आगे है। इसके अलावा न्यूजीलैंड की टीम सबसे अधिक मैचों में के बाद पहली टेस्ट जीत हासिल की थी। न्यूजीलैंड ने अपने 45वें मैच में पहली जीत हासिल की थी।

### कैसा रहा मैच का हाल?

आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में अफगानिस्तान की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया था। अफगानिस्तान की टीम की अपनी पहली पारी में 155 रन ही बना सकी। इसके जवाब में आयरलैंड ने 263 रन बनाकर 108 रन की मजबूत बढ़त बना ली। ऐसे में अफगानिस्तान को मैच की तीसरी पारी में एक बड़ी चुनौती मिल गई।

अफगानिस्तान अपनी दूसरी पारी में जब बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरी तो वह आयरलैंड के खिलाफ सिर्फ 218 रन बनाकर ढेर गई। ऐसे में आयरलैंड को मैच में जीत के लिए सिर्फ 111 रनों का लक्ष्य मिला जिसे टीम ने सिर्फ 4 विकेट गंवाकर हासिल लिया।



**बचपन के दोस्त ने किया खुलासा**

# आईपीएल से इस साल भी संन्यास नहीं लेंगे महेंद्र सिंह धोनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महेंद्र सिंह धोनी के बचपन के दोस्त परमजीत सिंह ने चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान के भविष्य पर सभी अटकलों को खत्म कर दिया है। ऐसी खबरें थीं कि माही अपनी उम्र और घुटने की समस्या के कारण आईपीएल 2024 के बाद अलविदा कह सकते हैं। पिछले सीजन में महेंद्र सिंह धोनी घुटने की समस्या से पीड़ित रहे थे। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी निभाई थी। बहरहाल, धोनी के दोस्त ने कहा कि वह टूर्नामेंट खेलने के लिए पूरी तरह फिट हैं। अभी उसके संन्यास लेने की संभावना नहीं है। वह अगले दो सीज़न खेलने के लिए पर्याप्त रूप से फिट हैं। वह आईपीएल 2025 भी खेलते नजर आएंगे। बता दें कि धोनी आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तानों में से एक है। वह अपनी टीम को 5 खिताब जितवा चुकी है। धोनी ने 2022 सीजन में कप्तानी भी छोड़ी थी लेकिन बीच सीजन में उन्होंने दोबारा कमान संभाल ली थी। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 2023 सीजन शानदार रहा था। इस दौरान धोनी के नेतृत्व में चेन्नई ने शानदार प्रयास किया। फाइनल मुकाबला गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेला गया था जिसमें चेन्नई ने रविंद्र जडेजा की शानदार पारी की बदौलत जीत हासिल की थी। इसी के साथ धोनी रोहित शर्मा की तरह आईपीएल में पांच खिताब जीतने वाले कप्तान बन गए। फिलहाल धोनी हाल ही में सीएसके के प्री-सीजन कैंप में शामिल हुए थे। उनके जल्द टीम के साथ प्रैक्टिस करने की संभावना है। उन्होंने अब तक 377 टी20 मैचों में 37.86 की औसत से 7271 रन बनाए हैं।

## हार्दिक पांड्या के समर्थन में उतरे पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपडा



**नईदिल्ली,एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने हार्दिक पंड्या को केंद्रीय अनुबंध देने के भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के फैसले का समर्थन किया।

बीसीसीआई ने 28 फरवरी, बुधवार को 2023-24 के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची की घोषणा की। हार्दिक को ग्रेड ए श्रेणी में शामिल किया गया था और श्रेयस अय्यर और इशान किशन जैसे खिलाड़ियों को अनुबंध से बाहर कर दिया गया था।

सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने बीसीसीआई के कदम पर सवाल उठाते हुए तर्क दिया कि पंड्या ने विश्व कप 2023 में चोट लगने के बाद से न तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला है और न ही घरेलू क्रिकेट, तो उन्हें केंद्रीय अनुबंध में ए ग्रेड में क्यों शामिल किया गया।

यह बात सही भी है कि पांड्या ने पिछले कुछ साल में नियमित रूप से घरेलू क्रिकेट में हिस्सा नहीं लिया है। हालांकि पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने बीसीसीआई के फैसले का बचाव किया। अपने यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हार्दिक को प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेलने के लिए दंडित नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह भारत की टेस्ट टीम में जगह के लिए प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहे हैं। आकाश चोपड़ा ने कहा कि हार्दिक पंड्या का मामला बहुत सरल है और अगर उसने कोई गलती नहीं की है तो आप उसे सजा क्यों देंगे? वह रेड-बॉल क्रिकेट नहीं खेल रहा हैऔर किसी भी टेस्ट सीरीज के लिए बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए यदि आप टेस्ट के लिए ऑडिशन नहीं दे रहे हैं, तो कोई भी आपको प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलने के लिए नहीं कहेगा।




### गेंद के बाद बल्ले से भी चमका कीवी ऑलराउंडर फिलिप्स

**वेलिंग्टन, एजेंसी।**

वेलिंग्टन टेस्ट में न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स के घातक स्पेल ने दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया की कमर तोड़ने का काम किया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरी पारी में 164 पर ऑलआउट हो गई है। पहले बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने वाले ग्लेन फिलिप्स ने गेंद से भी धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने टेस्ट करियर का पहला 5 विकेट हॉल हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में नाथन लियोन ने सबसे अधिक 41 रन की पारी खेली।

ग्लेन फिलिप्स ने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में 16 ओवर गेंदबाजी की जिसमें उन्होंने 4 मेडन ओवर डाले। फिलिप्स ने अपने इस स्पेल में 2.80 के इकॉनमी रेट से 45 रन देकर 5 विकेट झटके। फिलिप्स ने कैमरन ग्रीन (34), ट्रेविस हेड (29), मिचेल मार्श (0), एलेक्स कैरी (3) और उस्मान ख्वाजा (28) को अपना शिकार बनाया। फिलिप्स के अलावा मैट हेनरी को 3 और कप्तान टिम साउदी को 2 सफलता मिली।

## पापा का सीना चौड़ा तो मां के चेहरे पर खुशी... बेटे ध्रुव जुरेल ने माता-पिता को दिया खास गिफ्ट

**नईदिल्ली,एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल इस वक्त चर्चा में बने हुए हैं। उनकी इंग्लैंड के खिलाफ रांची टेस्ट के बाद से जमकर सरहाना हो रही है। वहीं अब जुरेल ने



अपने परिवार के साथ एक खास तस्वीर शेयर की है। मौजूदा समय में भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैच की रोमांचक टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। रोहित सेना ने शुरुआती 4 टेस्ट में ही 3-1 से अजेय बढ़त लेकर सीरीज अपने नाम कर ली है। भारत ने रांची टेस्ट जीतकर इस सीरीज पर कब्जा किया। वहीं रांची टेस्ट में टीम इंडिया की जीत में सिर्फ दूसरा टेस्ट ही खेल रहे ध्रुव जुरेल ने अहम भूमिका निभाई। उनकी बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग ने सबका दिल जीत लिया। जुरेल ने 2 टेस्ट में ही सबको अपना दीवाना बना लिया। अब उनकी हर जगह प्रशंसा हो रही है। हालांकि अब जुरेल ने अपने माता-पिता के साथ एक फोटो शेयर की है, जिसे देख आप इमोशनल भी हो सकते हैं।

23 साल के ध्रुव जुरेल ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने माता-पिता के साथ दो फोटो शेयर की है। उन तस्वीरों में जुरेल अपने माता-पिता के बीच में बैठे हैं। उनके पिता के हाथ में एक अवॉर्ड था। दरअसल, वो अवॉर्ड ध्रुव जुरेल का था जो उन्हें रांची टेस्ट के बाद मिला था। वो अवॉर्ड जुरेल ने लाकर अपने पिता के हाथ में दिया।

बराबर में बैठी उनकी मां भी काफी ज्यादा खुश लग रही थी। बता दें कि जुरेल ने रांची टेस्ट की पहली पारी में 149 गेंद का सामना कर 90 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली थी, जिसमें 6 चौके और 4 छक्के शामिल थे। इसके अलावा दूसरी इनिंग में ध्रुव जुरेल ने नाबाद 39 रन बनाए और भारत को मैच जिताकर ही वापस ड्रेसिंग रूम में लौटे। जुरेल को उनके इस शानदार प्रदर्शन के चलते प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से भी नवाजा गया। जुरेल दूसरे टेस्ट में ही पूरी तरह से छा गए।

## 4 बल्लेबाज जो नाइटवॉचमैन के रूप में आकर टेस्ट में ठोक चुके शतक

**नईदिल्ली,एजेंसी।** स्पेशलिस्ट बल्लेबाज की जगह बैटिंग ऑर्डर में प्रमोट किए गए निचले क्रम के बल्लेबाज नाइटवॉचमैन कहते हैं, जिसका काम टीम की रखवाली यानी अहम विकेट बचाना होता है। यह ज्यादातर दिन का खेल खत्म होने के समय किया जाता है। नाइटवॉचमैन के रूप में टीम ऐसे खिलाड़ी को उतारती है जिसके विकेट की ज्यादा वैल्यू नहीं होती है। इसके बाद भी कई नाइटवॉचमैन बड़ी पारी खेल जाते हैं। हम आपको 5 ऐसे नाइटवॉचमैन के बारे में बताने जा रहे हैं जो टेस्ट में शतक ठोक चुके हैं।

### टोनी मान

ऑस्ट्रेलिया के टोनी मान भी नाइटवॉचमैन के रूप में टेस्ट में शतक ठोक चुके हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ 1977 के पर्थ टेस्ट में यह कारनामा किया था। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे मान ने 105 रनों की पारी खेली थी।

### सैयद किरमानी

सैयद किरमानी भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज थे। उन्होंने 1979 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाइटवॉचमैन के रूप में 5वें नंबर पर उतरे थे। किरमानी ने 206 गेंदों पर 101 रनों की पारी खेली थी। मुंबई में हुए उस मैच को भारत ने पारी और 100 रनों से जीता था।

### मार्क बाउचर

साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर नाइटवॉटमैन के रूप में दो बार शतक लगा चुके हैं। एक ही साल में उन्होंने यह कारनामा किया था। पहली बार जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने 125 रनों की पारी खेली थी। फिर इंग्लैंड के खिलाफ डरबन में 108 रन बनाए थे।

**एक भारतीय नाम भी शामिल**

### जेसन गिलेस्पी

ऑस्ट्रेलिया के जेसन गिलेस्पी तीसरे नंबर पर नाइटवॉचमैन के रूप में बैटिंग करने उतरे थे। 2006 में चिटोग्राम टेस्ट में उन्होंने 201 रनों की नाबाद पारी खेली थी। वह आज भी दोहरा शतक लगाने वाले एकमात्र नाइटवॉटमैन बल्लेबाज हैं। यह उनके करियर का भी आखिरी मुकाबला था।



➲ जेएन टाटा की दूरदर्शी भावना का जश्न

## टाटा स्टील मना रही है जमशेदजी नसरवानजी टाटा की 185वीं जयंती

# झारखंड के विकास के प्रति टाटा स्टील की प्रतिबद्धता

**एक** सदी से भी ज्यादा समय पहले, जब स्वतंत्र भारत के लिए खाका तैयार किया जा रहा था, टाटा स्टील के संस्थापकों ने एक ऐसे राष्ट्र के निर्माण की दिशा में पहला कदम उठाते हुए स्टील के उत्पादन के लिए स्वदेशी क्षमता निर्माण की कल्पना की थी जो वास्तव में स्वतंत्र और आत्मनिर्भर है। आज, जब टाटा स्टील, टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा की 185 वीं जयंती मना रही है, तो यह राष्ट्र निर्माण और आत्मनिर्भरता के साथ ही सतत विकास की दिशा में भारत की भागीदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करती है।

टाटा स्टील 1907 में टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी के रूप में अस्तित्व में आई और भारत की पहली एकीकृत स्टील कंपनी होने का गौरव हासिल किया। यह वास्तव में स्वदेशी उद्यम था। यह उस समय की बात थी जब राष्ट्र लोकमान्य तिलक के स्वदेशी आंदोलन के आह्वान में शामिल हो गया था और उपनिवेशवादियों से इस तरह से लड़ना शुरू किया जो 1857 के विद्रोह के बाद से नहीं देखा गया था। इस प्रकार, टाटा ने भारत के लोगों से पूंजी जुटाने की अपील की और उन्होंने इसपर प्रतिक्रिया दी। वर्षों बाद, जेएन टाटा के छोटे बेटे, सर दोराबजी टाटा ने लिखा कि उन्हें इस बात पर कितना गर्व है कि देश के औद्योगिक विकास के लिए भारत की संपत्ति से इतनी बड़ी राशि जुटाई गई थी 'यह पहली बार था कि भारत का कच्चा माल बाहर नहीं गया और देश में बेचने के लिए तैयार वस्तुओं के रूप में वापस आया। सबसे बढ़कर, यह एक विशुद्ध रूप से स्वदेशी उद्यम था जो स्वदेशी धन द्वारा वित्तपोषित और स्वदेशी प्रतिभा द्वारा प्रबंधित था।'

1912 में जमशेदपुर में टाटा स्टील प्लांट से 100,000 टन के स्टील के पहले इंगट का उत्पादन हुआ। प्रथम विश्व युद्ध के चरम पर, 1916 तक प्लांट ने क्षमता के अनुरूप उत्पादन किया, और उसी वर्ष अपना पहला विस्तारीकरण कार्यक्रम, ग्रेटर एक्सपेंशन स्कीम, का प्रस्ताव शेयरधारकों की मंजूरी के लिए पेश किया। योजना को स्वीकृति मिल गयी। टाटा स्टील ने युद्ध के तुरंत बाद विस्तारीकरण शुरू किया और 1924 तक प्रति वर्ष 420,000 टन बिक्री योग्य स्टील का उत्पादन बढ़ा दिया। 1930 के दशक की शुरुआत तक, यह भारत की स्टील की 72 प्रतिशत आवश्यकता की पूर्ति कर रहा था, जिसमें रक्षा आवश्यकताओं से लेकर रेलवे बुनियादी संरचना, विनिर्माण उद्योगों और हावड़ा ब्रिज जैसी प्रतिष्ठित परियोजनाओं को शामिल किया गया था। आज तक कोलकाता के क्षितिज को परिभाषित करने वाले पुल को बनाने में 23,000 टन या लगभग 85 प्रतिशत स्टील का उपयोग किया गया था, जो जमशेदपुर से आया था।

कंपनी ने समानांतर रूप से स्वदेशी बौद्धिक पूंजी को बढ़ावा देने और उसका लाभ उठाने में निवेश किया। इसने 1921 में 'विदेशी तकनीकी विशेषज्ञों को उनके भारतीय समकक्षों के साथ बदलने के लिए' जमशेदपुर टेक्निकल इंस्टीट्यूट की स्थापना की। इसके बाद इसने जमशेदपुर में अनुसंधान और नियंत्रण प्रयोगशाला की स्थापना की। इसने नए प्रकार के स्टील के अनुसंधान और विकास को गति दी और टिस्क्रोम, टिस्कोर और टाटा सन जैसे ब्रांडों की लॉन्चिंग की – इन सभी ने टाटा स्टील को 1939 तक ब्रिटिश साम्राज्य में सबसे बड़ा एकीकृत स्टील प्लांट बनने के लिए प्रेरित किया और वैश्विक मंच पर भारतीय स्टील को देखने के नज़रिए को हमेशा के लिए बदल दिया। भारत की अर्थव्यवस्था और भविष्य के लिए टाटा स्टील का महत्व इतना था कि इसे भारत



के स्वतंत्रता संग्राम के कुछ सबसे बड़े नेताओं – महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और राजेंद्र प्रसाद का समर्थन प्राप्त था। जब गांधीजी ने 1920 के दशक में जमशेदपुर का दौरा किया और 20,000 दर्शकों को संबोधित किया, तो उन्होंने कहा था, 'यह मेरी महत्वाकांक्षा थी कि मैं भारत में सबसे महान भारतीय उद्यमों में से एक को देखूं और वहां काम की स्थितियों का अध्ययन करूं।' यकीन मानिए, अपनी 35 साल की सार्वजनिक सेवा के दौरान, हालांकि मैं खुद को पूंजीवाद के खिलाफ मानता रहा हूं. पूरी विनम्रता से, मैं कह सकता हूं कि मैं यहां पूंजीपतियों के मित्र के रूप में भी आया हूं – टाटा के मित्र के रूप में। उन्होंने आगे कहा कि मैं इस महान भारतीय कंपनी की समृद्धि और इस महान उद्यम की सफलता की कामना करता हूं। कृषि, उद्योग और आधारभूत संरचना में एक प्रमुख घटक, स्टील का निर्माण, किसी देश के आर्थिक विकास से निकटता से जुड़ा हुआ है। 1947 में जब भारत को स्वतंत्रता मिली, तो उसे कृषि के साथ-साथ औद्योगिक क्रांति की भी आवश्यकता थी। कारखानों, बांधों, बिजली संयंत्रों और अन्य बुनियादी संरचना के निर्माण के लिए स्टील आवश्यक था। कृषि उपकरणों के निर्माण के लिए भी यह आवश्यक था। भारत के औद्योगीकरण के लिए आवश्यक पूंजीगत वस्तुओं के आयात को कम करना भी आवश्यक था। उस समय देश के सबसे बड़े इस्पात निर्माता के रूप में, टाटा स्टील ने भारतीयों के समक्ष खड़ी महत्वपूर्ण चुनौती के रूप में राष्ट्र निर्माण के कठिन कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। योजनाबद्ध वृहद पैमाने पर औद्योगिक और बुनियादी संरचना के विकास का युग 1951 में क्रमिक पंचवर्षीय योजनाओं के साथ शुरू हुआ। इन योजनाओं के लिए स्टील – जिसमें भाखड़ा-नांगल बांध, बिजली संयंत्र, भारी इंजीनियरिंग उद्योग, रेलवे और अन्य परिवहन, पूरे शहर जैसे

### चंडीगढ़ और अन्य प्रतिष्ठित परियोजनाएं शामिल थीं-जमशेदपुर से शुरू हुई थी।

आज, स्टील का पहला इंगट तैयार होने के 110 साल से अधिक समय बाद, टाटा स्टील ने एक लंबा सफर तय किया है, लेकिन राष्ट्र निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका नहीं बदली है। विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कंपनी के उत्पादों और ब्रांडों का पोर्टफोलियो ऑटोमोटिव, निर्माण, औद्योगिक और सामान्य इंजीनियरिंग और कृषि जैसे बाजार क्षेत्रों में तेजी से विस्तारित हुआ है। भारत में एक तिहाई से अधिक इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में अब टाटा स्टील का योगदान होता है। कंपनी ने कम से कम 40 प्रमुख हवाई अड्डों और लगभग सभी मेट्रो रेल नेटवर्क के निर्माण में मदद की है, जिससे देश में यात्रियों की मांग कई गुना बढ़ने की उम्मीद है। इसने देश के दो-तिहाई फ्लाईओवर और पुलों के निर्माण में योगदान किया है, जिनमें मुंबई के बांद्रा-वर्ली सी लिंक और असम के बोगीबील ब्रिज जैसे ऐतिहासिक पुल शामिल हैं। टाटा स्टील देश को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है – खनन के लिए आवश्यक उपकरणों से लेकर पनबिजली पैदा करने वाले बांधों को मजबूत करने, सौर मॉड्यूल माउंटिंग संरचनाओं को मजबूत करने, बिजली संयंत्रों का निर्माण करने और ट्रांसमिशन लाइनों को मजबूत करने तक। यहां तक कि इसने गुजरात में नरेंद्र मोदी स्टेडियम जैसे खेल के बुनियादी संरचना का निर्माण भी किया है, जो दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। जैसा कि भारत अगली औद्योगिक क्रांति के लिए तैयार है, टाटा स्टील प्रौद्योगिकी-आधारित कारोबार रूपांतरण में निवेश जारी रखने में सबसे आगे रही है। कंपनी की डिजिटल स्टीलमेकिंग में अग्रणी बनने और इंडस्ट्री 5.0 के लिए एक प्रकाशस्तंभ बनने की दृढ़ योजना है। नवाचार और प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करने और अपने संस्थापक के दृष्टिकोण से निर्देशित, टाटा स्टील लोगों और पृथ्वी दोनों के हित के लिए काम करना जारी रखे हुए है।

## बटन दबते ही गुलजार हुआ शहर



संस्थापक दिवस की पूर्व संध्या पर रंग-बिरंगी रोशनी से नहाया जुबली पार्क।



संस्थापक दिवस की पूर्व संध्या पर बटन दबाकर विद्युत सज्जा का उद्घाटन करते टाटा संस के चेयरमैन एन.चंद्रशेखरन।



संस्थापक जे.एन. टाटा को श्रद्धासुमन अर्पित करते टाटा संस के चेयरमैन एन.चंद्रशेखरन।

## खूब समर्पण भाव है टाटा साहब के प्रति लोगों में



शहर के लोगों में टाटा साहब के प्रति अटूट प्रेम एवं श्रद्धा है। थर्ड मार्च को हजारों मजदूर परिवार के संग टाटा साहब के जन्म दिन पर केक काटकर उनका जन्म दिन मनाते हैं। टाटा मोटर्स से सेवानिवृत 83 वर्षीय राम नरेश राय ने कहा कि टाटा साहब हमारे अन्नदाता रहे हैं । हम लोग जब कंपनी में काम करने जाते थे तो उनको भगवान की तरह पूजते थे।

आज हमारे बाद की पीढ़ी भी उनके प्रति सच्ची श्रद्धा भाव रख रहा है उनका जन्म दिन मना रहा है यह बात मन को सुकून देता है। गदड़ा का एक शख्स नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि वो प्रत्येक वर्ष जेएन टाटा साहब के जन्म दिन को पूरी श्रद्धा भाव से मनाता आ रहा है। तीन मार्च को टाटा साहब के चित्र के सामने 24 घंटे घी का भव्य दीपक जलाता है। अपने इष्ट मित्रों के बीच लड्डू बांटता है। उसने बताया कि वो टाटा मोटर्स कर्मी है। ऐसे अनेकों लोग है जो अपने - अपने तरीके से टाटा साहब का जन्म दिन मनाते हैं। कंपनी के प्लांटों में भी मजदूरों द्वारा छोटी - छोटी टुकड़ियों में टाटा साहब का जन्म दिन धूमधाम से मनाया जाता है।

**जमशेदजी नसरवानी जी टाटा की जय बोलो**

अंबर का एक चांद टूटकर, धरती पर छितराया,
वही सिमट कर, दिव्य पुरुष बन, टाटाजी कहलाया।
जंगल में जाकर उसने लोहे का चमन लगाया।
कर्मवीर ऐसा कि जिसने, इस्पात का फूल खिलाया,
कालीमाटी गांव था छोटा, जहां धरे वे पांव,
जमशेदपुर बनकर चमका वह, जहां बसा वह गांव
लगी निकलने वन प्रदेश में, जगह-जगह पर है खान
कालीमाटी में टाटा बन आये नया विहान।
जंगल में मंगल छाया, आयी जब नयी बहार
दुनिया में आज गूंज रही है, टाटा की जयकार।
ऐसा कर्मवीर धरती पर, कभी-कभी आता है,
ऐसा यह अमरदीप, कोई बुझा नहीं पाता है।
जमशेदजी नसरवान जी टाटा की जय बोलो,
भारत नया बनाना हो, तो अपनी आंखें खोलो।

# तीन मार्च को औद्योगिक क्रांति दिवस घोषित किया जाए

**सुनील पांडेय**

**टाटा** के जन्मदाता के जन्म दिन 3 मार्च को सरकार राष्ट्रीय औद्योगिक क्रांति दिवस घोषित करे। यही जमशेदजी नसरवानी टाटा के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धांज होगी। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा था जमशेदजी नसरवानजी टाटा महान भारतीय थे। वे अदभुत कल्पनाओं से भरे थे। उन्होंने ने ही भारत में स्वदेशी उद्योग की सबसे पहले नींव रखी। आधुनिक औद्योगिकीकरण के सपने को ठोस जमीन प्रदान की। वे भारत के नव निर्माण के सूत्रधारों में अग्रगण्य भारत के सपूत थे।

भारत इस महान सपूत का जन्म गुजरात के एक छोटे से शहर नवसारी में 3 मार्च 1839 को एक पारसी परिवार में हुआ था। जब दे 14 वर्ष के हुए तब उनके पिता नसरवान जी ने उन्हें मुंबई बुलाया। प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात मुंबई में उनका नामांकन एलफिन्स इंस्टीटयूट में कराया गया। उन्होने वहीं के एलिफिन्स्टन कॉलेज से डिग्री हासिल की। महज 20 वर्ष की उम्र में वे इतने दक्ष और परिपक्व हो गये कि उन्होंने अपने पिता का विश्वास और भरोसा जीत लिया। नसरवानजी ने उन्हें अपने साथ व्यवसाय में लगा लिया। वे विलक्षण बुद्धि और प्रतिभा के धनी थे। कुछ ही दिनों में में उद्योग व्यवसाय के पेचिदगियों, उत्पादन और बाजार संबंधी बारिकियों में पारंगत हो गये। उन्होंने अपने पारिवारिक व्यवसाय को नयी कंबाई प्रदान की। उनके पिता को जमशेदजी नसरवानीजी के व्यावसायिक निर्णय पर काफी विश्वास था। पिताजी ने उन्हें व्यवसाय के प्रचार-प्रसार के लिए हांगकांग एवं संघाई भेजा। वहां उन्होंने उद्योग-व्यवसाय के नये ज्ञान और अनुभव प्राप्त किया।

जमशेदजी नसरवानी जी ने देखा कि ब्रिटिश हुकुमत एक योजनाबद्ध तरीके से भारतीय उद्योग को नष्ट कर रही है। ब्रिटिश हुकुमत भारत को आर्थिक रूप से भी पराधीन बनाये रखना चाहती थी। अंग्रेजी के इस चाल को



इन्होंने बड़ी गंभीरता से समझा और परखा। इसके बाद से ही इनके ह्रदय में स्वदेशी जागरण की भूख प्रज्वलित हो उठी। वे अपने पारिवारिक व्यवसाय को विदेशों में विस्तार करने के साथ अपना एक अलग बाजार बनाया। उन्हें व्यवसाय में काफी मुनाफा हुआ। वे अपने कार्य को बड़े ही सलीके से करते थे। उनकी व्यापक सोंच, वैज्ञानिक दृष्टि, स्वदेश प्रेम व दूरदर्शिता ने उन्हें दुनिया में औद्योगिक गांधी बना दिया। उद्योग के साथ ही उनके हृद्य में जो स्वदेश प्रेम की उष्णा प्रभावित हो रही थी वह भारत की आजादी के साथ-साथ स्वावलंबी और समर्थ बनाने के लिए आधुनिक भारत के नव निर्माण करने की क्रांतिकारी योजना थी। भारत वस्त्र उद्योग में दुनिया का एक समय सिरमौर था।

इतिहासकारों ने लिखा है कि भारत के मलमल अंगूठी से पार हो जाती थी, मगर अंग्रेज यहां के कपास रूई को इंग्लैंड ले जाते, यहां उपजने वाले कपड़ों की सफाई और चमक चढ़ाने वाले नील बिहार के चंपारण से अपने यहां ले जाते, जिसके फलस्वरूप यहां के करघा कारीगर एवं वस्त्र उद्योग से जुड़े कारीगर बेकार हो गये। कच्चा माल यहां से जाता और कपड़े अंग्रेजों के यहां से आता। उन दिनों महात्मा गांधी ने वस्त्र उद्योग में स्वावलंबी भारत बनाने के लिए विदेशी वस्त्रों का वहिष्कार आंदोलन चलाया था। खादी का प्रचार किया। देश में स्वदेशी माल के निर्माण का शंखनाद किया। उन्होंने स्वदेश में ही कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए एक कपड़ा मील इंप्रेसमील 1877 में नागपुर में और दूसरा-1880 में, स्वदेशी मील मुंबई में स्थापित किया। इसके पूर्व इन कपड़ा मीलों की स्थापना के पूर्व उन्होंने सेंट्रल स्पीनिंग, वीमिंग एवं मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी मुंबई में 1874 में स्थापित की। स्वतंत्रता संग्राम के समय स्वदेशी और स्वावलंबी भारत के निर्माण का जो शंखनाद जमशेदजी नसरवानजी टाटा ने किया उसकी गूंज आज भी भारत में सुनाई पड़ रही है। महात्मा गांधी के साथ औद्योगिक गांधी के रूप में टाटा सदा पूजनीय बने रहेंगे। टाटा बड़े विजन और बड़े मशीन के महान कर्मयोगी थे। उन्होंने स्वतंत्र भारत को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए एक मंत्र प्रदान किया। 'लेट दि इंडियन्स डू हिज वर्क हीमसेल्फ' भारतीयों को स्वयं अपना काम करना सीखना होगा। वे भारत को स्वाधीन भारत, स्वावलंबी भारत स्वाभिमानी तथा स्वतंत्र भारत बनाने में जुट गये। जमशेदजी नसरवानजी के विचारों को यदि हम संक्षेप सुत्रों में पिरोना चाहे तो हम उन्हें 'टाटा के पंचशील' कह सकते हैं। जिसमें पहला शिक्षा व शोध, दूसरा साधन व श्रम की उपलब्धता, तीसरा लक्ष्य पूर्ति का संकल्प, चौथा साहस और विश्वास तथा पांचवा सामाजित उतरदायित्व के प्रति सजगता। जमशेदजी नसरवाजी ने स्वर्णरेखा और खरकई नदियों के संगम पर बसा कालीमाटी और साकची गांव जो जंगलों के झुरमुटों के अंधकार में छिपा था, वहां टिस्को (टाटा स्टील आयरन एंड स्टील कंपनी) जो अब टाटा स्टील सपना देखा था। आज वह महान स्वपनद्रष्टा हमारे बीज नहीं रहें, मगर उनका सपना साकार होकर सारे संसार में भारत के मान सम्मान बढ़ाकर इसे गौरवांवित किया है। टाटा स्टील केवल इस्पात बनाने वाला कोई कारखाना मात्र नहीं है। यह श्रम और पूंजी का संगम है। यहां के मजदूर अपने को टाटा स्टील परिवारका सदस्य मानते हैं। इस औद्योगिक प्रतिष्ठान की व्यवस्था में गांधी जी की ट्रस्टीशिप भावनाएं मौजूद हैं। यही कारण है कि इस कंपनी में कभी हड़ताल नहीं होती। श्रमिक और प्रबंधन मिलकर अपनी दिन समस्याओं का सभाधान निकाल लेते है। सचमुच जमशेदजी नसरवानजी टाटा भारत के औद्योगिक विकास के 'पंचशील' से ही एक अभिनय भारत का निर्माण हो सकेगा।

## महान दूरदर्शी टाटा साहब का जन्मोत्सव आज

**दीपक कुमार**

**जिस** महान शख्सियत के जन्म दिन पर पूरा शहर जन्मोत्सव मनाता है । वो शहर है जमशेदपुर। प्रत्येक वर्ष 3 मार्च से लेकर लगभग एक सप्ताह तक जमशेदपुर जी के नाम पर बसा शहर टाटा नगरी में उनके जन्म दिवस पर शहर की सुंदरता देखते ही बनती है। चारों ओर रौशनी की जगमगाहट मानों दीपावली का उत्सव हो कुछ ऐसा ही नजारा पूरे जमशेदपुर में देखने को मिलती है। शहर का जुबली पार्क संस्थापक दिवस पर दुल्हन सा सजा होता है। लाखों लोग इस सुंदरता को निहारने के लिए दूर दराज से आते हैं। कुल मिलाकर संस्थापक दिवस पर जमशेदपुर देश का ध्यान आकर्षित करता है। बताया जाता है कि कलांतर में कालीमाटी बाद में टाटानगर जमशेदपुर के नाम से यह शहर विख्यात हुआ। यह भी कहा जाता है कि जब महान दूरदर्शी विश्व प्रसिद्ध औद्योगिक घराने टाटा समूह के संस्थापक जमशेद जी टाटा 1907 में पहला स्टील कारखाना यहां स्थापित किये , तब से इस शहर का नाम जमशेदपुर पड़ गया। उस वक्त इस कंपनी का नाम टिस्को हुआ करता था। जो बदलकर आज टाटा स्टील के नाम से विश्व विख्यात है। बताया जाता है कि यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इस्पात कंपनी है। टाटा स्टील के स्थापना के बाद टाटा ने औद्योगिक क्षेत्र में जो रफ्तार पकड़ी वो दुनिया को दिखा। कहावत है रूई से लेकर सुई तक में टाटा ने अपनी उपस्थिति दर्ज



कराई है। आज लगभग एक सौ से ज्यादा कंपनियां टाटा के नाम है। टाटा 40 से भी अधिक देशों में सक्रिय है तथा 140 से भी अधिक देशों में अपनी सेवाएं एवं उत्पादों के बदौलत टाटा उपस्थिति दर्ज कराई है। टाटा की सोच मजदूरों को शिक्षा , चिकित्सा समेत तमाम वो सुविधाएं दी जाएं जो उनका है। फलस्वरूप टाटा समूह ने स्कूल - कॉलेज , अस्पताल , खेल के मैदान आदि का प्रबंध किया। इतना ही नहीं टाटा ने सामाजिक दायित्व के तहत भी अनुकरणीय उदाहरण पेश किये हैं।

### नाम ही काफी है टाटा का

जी हां टाटा की प्रतिष्ठा के आगे हर कोई बौना है। तभी तो टाटा से जुड़कर हर कोई गौरवान्वित होना चाहता है। टाटा ग्रुप की शहर में स्थापित प्रतिष्ठित कंपनी टाटा मोटर्स एवं टाटा स्टील में अथवा जुबली पार्क जब कोई आगंतुक आता है तो हर कोई टाटा साहब की प्रतिमा के साथ फोटो खींचावाने की अपनी इच्छा को रोक नहीं पाता है।

### सर्व धर्म समभाव के पक्षधर थे टाटा साहब

जानकार बताते हैं कि टाटा साहब सर्व धर्म समभाव में विश्वास रखते थे। वो पारसी थे लेकिन सभी धर्मों को समान सम्मान मिले इस सोच को सार्थक कर देश और दुनिया को संदेश दिये। उन्होंने अपनी सोच को साकार भी किया।

यही कारण है कि उनके नाम पर बसे शहर जमशेदपुर में कंपनी कमांड एरिया में मंदिर , मस्जिद, गुरुद्वारा एवं गिरजाघर टाटा साहब के सोच सर्व धर्म समभाव का आज भी साक्षी है। टेल्को कॉलोनी क्षेत्र में स्थित सभी धर्मों के धार्मिक स्थल चिंहित है। जिसका रख रखाव एवं साफ - सफाई आदि में टाटा ग्रुप की कंपनी सहयोग करती है। जो मिसाल है।